kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-238 | मंगलवार, 30 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12


अधिकारी ईमानदार प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत विश्व के समक्ष शक्ति और प्रगति के आदर्श के रूप में स्थापित हो।



द्रौपदी मुर्मू


'जेल से सरकार' पर रोक वाले विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति से कांग्रेस रहेगी दूर 11

मोदी ने दिल्ली भाजपा कार्यालय का किया उद्घाटन 12


## संक्षेप

### मुख्य सचिव नायल निदेशक बोर्ड के बने चेयरमैन

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) की 24वीं बोर्ड बैठक सोमवार को हुई। इसमें नायल के चेयरमैन के रूप में मुख्य सचिव को निदेशक बोर्ड में शामिल करने का फैसला हुआ। बैठक में सीईओ ग्रेटर नोएडा एनजी रवि कुमार, सीईओ नोएडा लोकेश एम आनलाइन शामिल हुए। सीईओ राकेश कुमार सिंह और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल ऑफिसर शैलेंद्र कुमार भाटिया बैठक में स्वयं शामिल हुए। इन्होंने परियोजना की प्रगति की जानकारी दी।

### पांच जिलों में 18 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना-दो को मिली मंजूरी

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-दो के तहत पांच जिलों हरदोई, बुलंदशहर, गाजियाबाद, गाजीपुर और सहारनपुर के 15 नगर निकायों में 18573 आवासों की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को मंजूरी दी गई। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय स्वीकृत एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की बैठक आयोजित हुई। इसमें लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक के अंतर्गत केंद्र सरकार की यूनिफाइड वेब पोर्टल पर 29 सितंबर 2025 को प्राप्त आवेदनों के आधान पर डीपीआर को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2 के अंतर्गत आईएफएमएस पोर्टल (एसएनए स्पर्श प्रणाली) पर लाभार्थियों के भुगतान के लिए आधार बेस डीबीटी ऑप्शन शामिल कराए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 17 लाख 70 हजार 293 आवास स्वीकृत किए गए। इसमें से 17 लाख 60 हजार 263 मकानों का निर्माण शुरू हो चुका है और 16 लाख 97 हजार 641 पूरे हो चुके हैं। अभी 72652 मकान निर्माणाधीन हैं। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरु प्रसाद समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मेलोनी की आत्मकथा की प्रस्तावना लिखी मोदी ने

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 'आई एम जॉर्जिया माई रूट्स माई प्रिंसिपल्स' इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की केवल आत्मकथा नहीं है, यह उनके ''मन की बात'' है। प्रधानमंत्री ने सुश्री मेलोनी की आत्मकथा 'आई एम जॉर्जिया माई रूट्स माई प्रिंसिपल्स ' की प्रस्तावना लिखते हुए कहा है, ''भारत और इटली संधियों या व्यापार से कहीं ज़्यादा विरासत की रक्षा, समुदाय की मज़बूती और नारीत्व को एक मार्गदर्शक शक्ति के रूप में मानने जैसे साझे मूल्यों से बंधे हैं।

# भारतीय टीम ने नहीं ली नकवी से एशिया कप की ट्रॉफी

## पीसीबी प्रमुख के कथित तौर पर एशिया कप ट्रॉफी लेकर चले जाने पर बीसीसीआई विरोध जताएगा

**एजेंसी**

**खिलाड़ियों ने किया ट्रॉफी लेने से इनकार, इसमें बीसीसीआई की कोई भूमिका नहीं : सूर्यकुमार**

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मैच में जीत के बाद, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। इस घटनाक्रम के कारण रिंकू सिंह द्वारा विजयी चौका जड़े जाने के डेढ़ घंटे से भी अधिक समय बाद पुरस्कार वितरण समारोह शुरू हुआ।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने आज एशिया कप 2025 के फाइनल में मैच के बाद एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के विजेता ट्रॉफी ले जाने की घटना की निंदा करते हुए इसे 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, खेल भावना के विरुद्ध' बताया और कहा कि नवंबर की शुरुआत में दुबई में होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) सम्मेलन में इस पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया जाएगा। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम ने नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया, जबकि नकवी विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपने के लिए अपनी जगह से हटने को तैयार नहीं हुए। नकवी, जो कि पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं, इस बात पर अड़े रहे कि वे अकेले ही ट्रॉफी देंगे। पुरस्कार वितरण का प्रसारण शुरू होने से पहले ही ट्रॉफी को मैदान से हटा लिया गया था। तिलक वर्मा, कुलदीप यादव और अभिषेक शर्मा ने प्रायोजकों से अपने-अपने पुरस्कार प्राप्त किए लेकिन भारतीय टीम को अपने विजेता पदक और ट्रॉफी नहीं मिल पायी। भारत को बिना ट्रॉफी के अपने ड्रेसिंग रूम में लौटना पड़ा। पाकिस्तान ने बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से अपने उपविजेता पदक प्राप्त किए और उसके बाद सीधे अपने ड्रेसिंग रूम में चले गए, उनके साथ उनके मुख्य कोच माइक हेसन भी थे। मैच समाप्त होने के बाद पाकिस्तान की टीम और उसके सदस्य ड्रेसिंग रूम चले गये इसे बाद प्रेस कॉफ्रेंस को

● शेष पेज 11 पर



### नरेन्द्र मोदी का ट्वीट ढाई करोड़ से अधिक लोगों ने देखा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत की जीत को लेकर किये गये ट्वीट को एक लाख सात हजार से अधिक लोगों ने रीट्वीट किया है और उनके ट्वीट को 2.57 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा है। श्री मोदी के ट्वीट के कमेंट बॉक्स में 24 हजार से अधिक लोगों ने उत्साह भरी प्रतिक्रिया दी है। गौरतलब है कि श्री मोदी ने भारत-पाकिस्तान एशिया कप 2025 के फाइनल मैच में भारत की जीत पर एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने टीम इंडिया को जीत की बधाई दी थी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स के अपने पोस्ट में लिखा, ''खेल के मैदान में ऑपरेशन सिंदूर हुआ संपन्न। परिणाम वही रहा, भारत जीता। हमारे क्रिकेटरों को बधाई।

### देश का नेता खुद फ्रंट फुट पर खेलता है, मोदी की तारीफ में बोले सूर्यकुमार यादव

एशिया कप विजेता भारतीय कप्तान सूर्य कुमार यादव ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि अच्छा लगता है जब देश का नेता खुद फ्रंट फुट पर खेलता है। पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बाद पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि मैदान कोई भी जीत भारत की ही होती है। यादव ने कहा, 'अच्छा लगता है जब देश के लीडर खुद बैटिंग करते हैं फ्रंट फुट पर। ऐसा लग रहा था कि उन्होंने स्ट्राइक ली और रन बनाए। बहुत अच्छा लगा देखकर। जब सर ही आगे खड़े हैं सभी के तो खिलाड़ी तो खुलकर ही खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'सबसे जरूरी चीज यही है कि पूरा देश जश्न मना रहा है। जब हम भारत वापस जाएंगे, तो अच्छा लगेगा और आगे अच्छा प्रदर्शन करने का प्रोत्साहन मिलेगा।

# भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए रोडमैप तैयार करे भारतीय तटरक्षक



**एजेंसी**

- रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में आईसीजी के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया
- आईसीजी कमांडरों के सम्मेलन में स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता प्रमुख फोकस क्षेत्र होंगे

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युद्धों के बदलते स्वरूप और इनमें नयी-नयी प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का उल्लेख करते हुए भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) से ऐसा भविष्योन्मुखी रोडमैप विकसित करने को कहा है जो नई चुनौतियों का पूर्वानुमान लगा सके, अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत कर सके और रणनीतियों के अनुकूल हो।

श्री सिंह ने सोमवार को यहां भारतीय तटरक्षक के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अब युद्ध महीनों में नहीं, बल्कि घंटों और सेकंडों में मापा जाता है, क्योंकि उपग्रह, ड्रोन और सेंसर संघर्ष की प्रकृति को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तैयारी, अनुकूलनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया बल के दृष्टिकोण की आधारशिला होनी चाहिए। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत का मार्ग समृद्धि और सुरक्षा के दो स्तंभों पर टिका है। उन्होंने आईसीजी के आदर्श वाक्य, 'वयं रक्षामः' यानी हम रक्षा करते हैं का उल्लेख करते हुए इसे केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक प्रतिज्ञा बताया। उन्होंने कहा, ''यह प्रतिज्ञा, जो प्रत्येक आईसीजी कर्मी में निहित है, यह सुनिश्चित करेगी कि हम आने वाली पीढ़ियों को एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत सौंपें। श्री सिंह ने ज़ोर देकर कहा कि समुद्री खतरे तेज़ी से तकनीक-संचालित और बहुआयामी होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''तस्करी या समुद्री डकैती के जो तरीके पहले आसानी से समझ में आते थे, वे अब जीपीएस स्पूफिंग, रिमोट-नियंत्रित नावों, एन्क्रिप्टेड संचार, ड्रोन, सैटेलाइट फ़ोन और यहाँ तक कि डार्क वेब पर चलने वाले नेटवर्क का इस्तेमाल करके परिष्कृत गतिविधियों में बदल गए हैं।'' उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि आतंकवादी संगठन अपनी गतिविधियों की योजना

● शेष पेज 11 पर

# यूकेएसएसएससी परीक्षा की होगी सीबीआई जांच: धामी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड लोक अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच होगी। बेरोजगार संघ के धरने के आठवें दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज धरना स्थल परेड ग्राउंड पहुंचे और धरना पर बैठे छात्रों को विश्वास दिलाया कि प्रकरण की सीबीआई जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे पूर्ण रूप से छात्रों के साथ हैं और वे समझते हैं कि परीक्षा की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों पर पेपर लीक होने से क्या असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में नकल और नकल माफिया का समूल अंत किया जाएगा और इसके लिए वे कृत संकल्पित हैं। 21 सितंबर को यूकेएसएसएससी ने स्नातक स्तरीय परीक्षाएं के दौरान पेपर की तीन पन्ने सोशल मीडिया पर वायरल

● शेष पेज 11 पर

## बरेली हिंसा का साजिशकर्ता नदीम खां समेत 28 गिरफ्तार

बरेली। उत्तर प्रदेश की बरेली पुलिस ने पिछले शुक्रवार को शहर में हिंसा भड़काने में लिप्त 28 लोगों को आज गिरफ्तार कर लिया जिन्हे मिला कर अब तक 55 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारिख ने सोमवार को यहां पत्रकारों को बताया कि आज गिरफ्तार किये गये लोगों में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान का करीबी नदीम खां शामिल है। नदीम पर आरोप है कि उसने नमाज के बाद 1600 लोगों को व्हाट्सएप के जरिये बुलाया था। उन्होने बताया कि पुलिस अब तक तौकीर रजा समेत 55 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। हिंसा में लिप्त लोगों की पहचान की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों पर भी शिकंजा कसा जायेगा। उन्होने बताया कि शहर में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और एहतियात के तौर पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इस बीच प्रशासन ने कोतवाली से महज 100 कदम की दूरी पर नावेल्टी चौराहे पर पहलवान साहब की मजार के आसपास अवैध रुप से

● शेष पेज 11 पर

# भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ेगा भूटान, चार हजार करोड़ रूपये खर्च करेगा भारत

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारत ने रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पड़ोसी देश भूटान को अपने रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के लिए सोमवार को कुल चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो महत्वाकांक्षी रेल-मार्ग परियोजनाओं के निर्माण की घोषणा की।

इसका निर्माण पूरा होने पर भूटान के दो शहर गेलेफू और समत्से क्रमशः असम और पश्चिम बंगाल से सीधे रेलगार्म से जुड़ जायेंगे। इससे दोनों देशों के बीच यात्री और माल परिवहन में भारी सुधार होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इनमें से पहली परियोजना असम के कोकराझार से भूटान के गेलेफू और दूसरी पश्चिम बंगाल के बनारहाट से समत्से के बीच रेल संपर्क के लिए तैयार की गयी है । उन्होंने बताया कि बनारहाट और भूटान के औद्योगिक शहर समत्से के बीच 16 किलोमीटर लम्बी



रेलवे लाइन विकसित की जायेगी और यह लाइन भूटान को पहली बार रेल संपर्क से जोड़ेगी। भूटान के महत्वपूर्ण शहर गेलेफू को कोकराझार से जोड़ने वाला रेल मार्ग करीब 70 किलोमीटर लंबा होगा। इस तरह इन परिजनाओं से भूटान में पहली कुल बार करीब 90 किलोमीटर के रेल मार्ग उपलब्ध होंगे जो भारतीय रेल-नेटवर्क से जुड़े होंगे।

रेल मंत्री ने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं को चार साल में पूरा किया जाएगा और इन पर करीब 4033 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। भूटान के लिए विकसित किये जाने वाली रेलवे लाइनों को वंदेभारत रेल चलाने के अनुकूल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूटान के लिए भारत सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और उसका बाहरी दुनिया के साथ अधिकांश व्यापार भारतीय बंदरगाहों और भारत के सड़क मार्गों के माध्यम से होता है। प्रस्तावित रेलवे नेटवर्क के तैयार होने के बाद भूटान की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। श्री वैष्णव ने बनारहाट से भूटान के औद्योगिक शहर समत्से के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस करीब 20 किलोमीटर लंबी परियोजना में दो स्टेशन, एक बड़ा पुल, 24 छोटे पुल, एक फ्लाईओवर और 37 अंडरपास शामिल होंगे। इसकी अनुमानित लागत लगभग 577 करोड़ रुपए है और इसके लगभग तीन वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। परियोजना से

● शेष पेज 11 पर

# आय सृजन और आत्मनिर्भरता की दिशा में नए माध्यम तलाशें नगर निकाय: योगी

## आधुनिक और सशक्त नगर निकाय ही बनाएंगे विकसित उत्तर प्रदेश की राह

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रत्येक नगर निकाय अपनी कार्ययोजना में नवाचार को स्थान दे और ईज़ ऑफ लिविंग की अवधारणा के साथ नागरिक सेवाओं के आधुनिकीकरण को केंद्र में रखे।

शहरी विकास केवल बुनियादी सुविधाओं तक सीमित न रहे, बल्कि हर नगर स्मार्ट सेवाओं, हरीतिमा विस्तार, बेहतर यातायात व्यवस्था और डिजिटल पहुँच का आदर्श बने। हर नगरीय निकाय को आय सृजन के नए माध्यम बनाने होंगे। अपनी कार्ययोजना बनाते समय सभी निकायों को इसके लिए प्रयास करना चाहिए। यह तभी संभव है, जब जनप्रतिनिधि स्वयं पहल करें और नागरिकों को इस यात्रा का सक्रिय भागीदार बनाएं। विकसित भारत में नगर निकायों की भूमिका अहम मुख्यमंत्री सोमवार को 'विकसित यूपी@2047 संवाद शृंखला के तहत प्रदेश के 17 नगर निगमों के महापौरों व पार्षदों तथा 200 नगर पालिका और 545 नगर पंचायतों के अध्यक्षों व सदस्यों से वर्चुअल माध्यम से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में नगर निकायों की भूमिका सबसे अहम है। हर नगर निकाय को यह संकल्प लेना होगा कि वह अपने नगर को स्वच्छ, आधुनिक, सुगठित और आत्मनिर्भर बनाने में कोई कमी न छोड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश इस राष्ट्रीय यात्रा का अग्रणी राज्य है। बीते साढ़े आठ वर्षों में नगरीय विकास के क्षेत्र में राज्य ने ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की हैं। 127 से अधिक नए नगर निकायों का सृजन और पुनर्गठन, 17 स्मार्ट सिटी का विकास, ई-गवर्नेंस सेवाओं का विस्तार, मेट्रो, आरआरटीएस और रोपवे जैसे आधुनिक परिवहन के प्रयास तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सीवरेज की नई योजनाएं इसी दिशा में उठाए गए ठोस कदम हैं। हर नगर निकाय ने तीन गुणा आय बढ़ाई लखनऊ और गाजियाबाद नगर निगम ने अपने म्युनिसिपल बांड जारी किए। हर नगरीय निकाय ने ढाई से तीन गुना तक आय बढ़ाई है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृतकाल के पंच प्रण को दोहराते हुए 'विकसित यूपी@2047 का विज़न साझा किया। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को इनसे जुड़ना होगा। विकसित यूपी अभियान के

● शेष पेज 11 पर





## भारत की एकता-अखंडता को सशक्त करें युवा: सीएम

- मुख्यमंत्री ने 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ व उड़ीसा के प्रतिभागियों से किया संवाद
- बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और संविधान अमृत महोत्सव वर्ष में आयोजन को मिली विशेष महत्ता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत सोमवार को मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ व उड़ीसा के प्रतिभागियों से संवाद किया।

यह पूरा कार्यक्रम 25 सितंबर से प्रारंभ हुआ है, जो पहली अक्तूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में युवाओं का स्वागत व अभिनंदन करते हुए अपील की कि आप सब देश की एकता और अखंडता के लिए अपने को तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने मेहमान युवाओं को शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने पीएम के पंच प्रण की चर्चा की और कहा कि यह विकसित भारत की आधारशिला बनेंगे। इस दौरान खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' अभियान का महत्वपूर्ण अंग मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि यह पहल न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच है, बल्कि देश की एकता, अखंडता और विविधता में निहित एकता की भावना को सशक्त करने का अवसर भी है। आज लखनऊ में देश भर के लगभग 200 नौजवान इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। इस कार्यक्रम के जरिए हमें पूरे देश को देखने, समझने और एक-दूसरे के साथ अपनी संस्कृति को साझा करने का अवसर भी प्राप्त होता है। पूरे भारत की भाव-भंगिमा एक मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि भले ही हमारी बोली-भाषा में थोड़ा अंतर हो, लेकिन पूरे भारत की भाव-भंगिमा एक है। 'माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः, यह भाव अपनी धरती के प्रति हर भारतवासी के मन में हमेशा देखने को मिलती है। यह भाव संस्कृति, परंपरा में भी है। यही कारण है कि जब देश गुलामी की

● शेष पेज 11 पर

# खाटू श्याम मंदिर दर्शन को निकले दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर समेत कई सपा नेताओं ने पहुंचकर जताया शोक, हरसंभव मदद का दिलाया भरोसा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ के निशातगंज स्थित खाटूश्याम मंदिर पर दर्शन के लिए निकले दो अलग-अलग गांवों के युवक रविवार देर रात सड़क हादसे का शिकार हो गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और प्रशासनिक स्तर पर मदद दिलाने का आश्वासन दिया। निगोहां थाना क्षेत्र के लवल निवासी उमेश साहू (26 वर्ष), पुत्र जगदीश प्रसाद साहू खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में हुए दर्दनाक हादसे में उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही सपा सांसद आर. के. चौधरी के प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर तथा जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। नेताओं ने मोहनलालगंज एसडीएम से फोन पर बात कर परिवार को हरसंभव सरकारी मदद उपलब्ध कराने की मांग भी की। दूसरी दर्दनाक घटना ग्राम कुर्मिन खेड़ा की है। यहां के निवासी मोहित राजपूत (23 वर्ष) खाटू श्याम दर्शन को निकले थे। लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में हादसे का शिकार होकर उनकी भी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने गहरा दुख व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि परिवार को किसी भी प्रकार की सहायता से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। लगातार हुई इन दोनों दुर्घटनाओं से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। दो अलग-अलग गांवों के घरों के चिराग बुझ जाने से हर किसी की आंखें नम हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद देने की मांग की है।

**मिशन शक्ति 5.0: विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित**

# 1.12 लाख महिलाओं की जांच, 829 को ब्रेस्ट कैंसर की संभावना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के मार्गदर्शन में मंगलवार को मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें 1,12,622 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 829 महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग में संभावित पॉजिटिव पाई गईं और उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थानों में विशेष जांच के लिए संदर्भित किया गया।मिसिरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का शुभारंभ रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने को प्रतिबद्ध है। महिलाओं में 30 वर्ष से अधिक उम्र में कैंसर स्क्रीनिंग जरूरी है, ताकि समय पर इलाज से जटिलताओं से बचा जा सके।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि शिविर में आईसीडीएस, शिक्षा, एनआरएलएम, पंचायत राज और ग्राम्य विकास विभागों का सहयोग रहा। शिविर में ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग, गैर-संचारी रोग, टीबी जांच के साथ-साथ निवारक और उपचारात्मक सेवाएं प्रदान की गईं। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हृदय रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता भी फैलाई गई। यह शिविर जिला चिकित्सालयों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर आयोजित हुआ।

# भाकियू की मासिक पंचायत की मासिक पंचायत संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ के जिला कैम्प कार्यलय गोसाईगंज पर मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसानों मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा विचार विमर्श किया गया।सभी ग्राम अध्यक्षों द्वारा अपने अपने सम्बोधन में अपने क्षेत्र की विकास सम्बंधित समस्याओं को बैठक में सामने रखा।भाकियू पंचायत में विधवा पेंशन विकलांग पेंशन वृद्धा पेंशन राशनकार्ड लेबर कार्ड आयूष मान कार्ड बिजली कटौती अस्पताल नाली खंडजा कच्चा रास्ता स्कूल सफाई व्यवस्था स्टील लाईट राजस्व विभाग पुलिस विभाग गांव में दवाई छिड़काव लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं आवास विकास परिषद द्वारा 33 गांवों की जमीन अधिग्रहण की शिकायतें सामने आई।15 गांवों की रजिस्ट्री बन्द है जिनको खोला जाएगा खोलने की बात कही गई,चोरी छेड़खानी मादक पदार्थ कच्ची अवैध शराब अवैध खनन भू माफियाओं द्वारा जमीनों पर अवैध कब्जा ग्राम सिटकही मजरा रहमत नगर में राजधानी पिकनिक सिटी कम्पनी द्वारा 111 गाटा संख्या पर अवैध कब्जा मुक्त कराए जाने की बात भी उठाई गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महत्मा राजू गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष मो हलीम साहब जी के दिशानिर्देशो का पालन करते हुए लखनऊ पूर्वी जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम ने संगठन का विस्तार किया जिसमें रज्जन लाल रावत को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया। गिरीश कुमार रावत जिला सचिव बने। संतोष कुमार रावत को ब्लाक अध्यक्ष गोसाई गंज, महिला प्रदेश प्रवक्ता सीमा धीमान को बनाया गया है। महिला जिला अध्यक्ष जागेश्वरी प्रधानिन को बनाया गया है और 40 महिला ग्राम अध्यक्ष नई नियुक्त की गई।पुरुष ग्राम अध्यक्ष 50 ग्राम अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। महिला व पुरुष मिला कर 90 नये ग्राम पदाधिकारी नियुक्त किया गया ।

# यूपीनेडा और अमृत 2.0 स्टॉल बने सर्वश्रेष्ठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नोएडा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यूपीनेडा और अमृत 2.0 के स्टॉल को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का खिताब मिला, जो प्रदेश की विकासशील नीतियों और नवाचारों का परिणाम है।नवीकरणीय ऊर्ज़ा में यूपी अव्वल

ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यूपी सौर ऊर्ज़ा स्थापना और पीएम सूर्य घर योजना में देश में पहले स्थान पर है। अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाया गया, और सद्गद्यदद्गः सौर नलकूपों में यूपी अग्रणी है। यूपीनेडा स्टॉल ने हरित प्रदेश के प्रयासों को प्रदर्शित कर राष्ट्रीय पहचान हासिल की।अमृत 2.0: शहरी विकास में नवाचार

नगर विकास विभाग के अमृत 2.0 स्टॉल को भी सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। मंत्री शर्मा ने बताया कि पीएम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्टॉल में जल संरक्षण, अपशिष्ट जल पुनः उपयोग, और जलाशय पुनरुद्धार जैसे कार्यों को दर्शाया गया। अमृत मित्र (स्वयं सहायता समूह की महिलाएं) ने जल गुणवत्ता परीक्षण और सामुदायिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**प्रयागराज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) प्रयागराज में तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार यादव, प्राचार्य/कोर्स निदेशक, कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन प्रयागराज और विशिष्ट अतिथि उप-प्राचार्य श्रीमती अश्वनी जोहरी रहीं। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह के निर्देशन एवं जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) विकास पांडे के संयोजन में सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. राजेश पांडे ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां दिव्यांग बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती हैं। विकास पांडे ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। समापन सत्र में मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षुओं के चेहरों पर सीख और उपलब्धि की खुशी साफ झलक रही थी।

## चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया दमखम

**प्रयागराज ।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत ल्वविकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं डिजिटल भारत विषय पर जनपद स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज में किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर, सीनियर और सामान्य वर्ग के कुल 108 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग (कक्षा 9-12): प्रथम स्थान निधि कुमारी (डीपी गर्ल्स इंटर कॉलेज), द्वितीय ताशिमया सगीर, तृतीय अंशु उपाध्याय। सीनियर वर्ग (स्नातक/परास्नातक): प्रथम दीक्षा मिश्रा, द्वितीय सुहानी निषाद, तृतीय साक्षी प्रजापति। सामान्य वर्ग: प्रथम दिव्या सिंह, द्वितीय इरशाद अहमद, तृतीय ऐलिस अंशु फिलिप। निर्णायक मंडल में मोहम्मद कासिम फारूकी, निधि मिश्रा और अभिषेक दुबे शामिल रहे। आयोजन में जिला विद्यालय निरीक्षक पी.एन. सिंह सहित शिक्षाविद और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया



**वाराणसी।** अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) शिवहरी मीना ने अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) अंशुमान मिश्रा, एसओ पु0आ0 चेतगंज डॉ. ईशान सोनी एवं संबंधित थाना प्रभारियों के साथ नाटी इमली चेतगंज के विश्वप्रसिद्ध भरत मिलाप कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की शांति, सुरक्षा एवं सुगमता सुनिश्चित करने हेतु बैरियर, यातायात, पार्किंग व्यवस्था, मार्गों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान, अव्यवस्थित बिजली तारों की सुव्यवस्था एवं ड्रोन सर्वे से रूफटॉप ड्यूटी स्थलों चिन्हांकन के दिशा-निर्देश दिए गए। सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने के आदेश जारी।

## लखनऊ बार एसोसिएशन की बैठक संपन्न

लखनऊ। बार एसोसिएशन लखनऊ की कार्यकारिणी बैठक श्री रमेश प्रसाद तिवारी एडवोकेट अध्यक्ष लखनऊ बार एसोसिएशन लखनऊ की अध्यक्षता एवं श्री बृजभान सिंह भानु एडवोकेट महामंत्री लखनऊ बार एसोसिएशन लखनऊ के संचालन में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 30/9/2025 को शारदीय नवरात्र की अष्टमी का पर्व होने के कारण अधिकांश अधिवक्तागण मां दुर्गा की पूजा, अर्चना एवं हवन इत्यादि में व्यस्त रहेंगे जिस कारण समय से न्यायालय पहुंचने में असमर्थ होंगे ऐसी स्थिति में दिनांक 30/9/2025 को किसी भी वाद में अधिवक्ता/ वादकारी की अनुपस्थित में एक पक्षीय अथवा विपरीत आदेश न पारित किया जाये अतः अनुरोध है कि आप अपने अधीनस्थ समस्त न्यायिक/ प्रशासनिक अधिकारियों को प्रस्ताव के क्रियान्वयन कराने हेतु तदानुसार सूचित करने का कष्ट करें।

## विकसित यूपी 2047 के लिए जनता से अब तक मिले 14 लाख फीडबैक, अभियान की तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** योगी सरकार 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047' अभियान के तहत जनता की राय जानने के लिए फीडबैक ले रही है। अब तक करीब 14 लाख सुझाव मिल चुके हैं। इनमें से ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 11 लाख और शहरी क्षेत्रों से 3 लाख सुझाव आ चुके हैं। इसी बीच सरकार ने इस अभियान की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने श्रम विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की उपस्थिति में सोमवार को संगम सभागार में श्रम विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक, जनपद स्तरीय श्रम बन्धु, बाल श्रम उन्मूलन समिति, बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति तथा अनुग्रह राशि मॉड्यूल समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में सहायक श्रमायुक्त डॉ. संजय कुमार लाल ने एजेण्डा प्रस्तुत करते हुए बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का समयबद्ध निस्तारण किया जायेगा। सीडीओ ने निर्देश दिए कि श्रमिकों का पंजीकरण एवं नवीनीकरण बढ़ाया जाए तथा उपकर सेस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से फीडिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को प्रत्येक माह आवंटित लक्ष्य पूर्ण करने, दुकानदार एवं मोटर परिवहन अधिनियमों के अंतर्गत विशेष अभियान चलाकर पंजीयन बढ़ाने तथा बाल श्रम उन्मूलन के लिए वर्ष 2027 तक ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में एक्स-ग्रेशिया योजना और गिग/प्लेटफ़ॉर्म वर्कर्स योजना के प्रचार-प्रसार हेतु शिविर आयोजित करने पर बल दिया गया। साथ ही बंधुआ श्रम से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय आजीविका मिशन, डीआरडीए, जिला सेवायोजन अधिकारी, ईस्टर्न चैंबर ऑफ कॉमर्स के विनय कुमार टंडन, जिला महिला व्यापार मंडल की श्रीमती अवंतिका टंडन सहित विभिन्न विभागों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय वर्कशॉप एवं खरीफ तिलहन मेला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन के सरस सभागार में एक दिवसीय वर्कशॉप/सेमिनार एवं खरीफ तिलहन मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने कृषकों को तिलहन उत्पादन बढ़ाने की नवीन तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. विक्रम सिंह (सुआट्स) ने बताया कि समय से बुआई और नीम तेल के प्रयोग से सरसों की फसल में माहू कीट पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वहीं डॉ. मदन सेन ने कम लागत में अधिक उत्पादन हेतु फसल चक्र और राइजोबियम कल्चर अपनाने पर जोर दिया।

उप कृषि निदेशक प्रयागराज ने तिलहन योजना, पीएम किसान योजना सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उद्यान विभाग के अजय कुमार ने ड्रिप सिंचाई व ड्रैगन फ्रूट जैसी बागवानी योजनाओं में मिलने वाली सब्सिडी पर प्रकाश डाला। सीडीओ हर्षिका सिंह ने कृषकों से नई तकनीक अपनाकर अधिक उत्पादन लेने की अपील की। कार्यक्रम में जिले के कृषि अधिकारी, कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, वैज्ञानिक, किसान भाई-बहन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति त्रिपाठी ने किया और अंत में जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# युवा नशे से मुक्त होंगे तभी राष्ट्र विकसित होगा : नीरज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गुजरात और बिहार की तरह अन्य राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को भी शराबबंदी का कदम उठाना चाहिए.विहिप के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने सोमवार को भारतखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय की सभागार लखनऊ में विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के नशा मुक्त युवा, विकसित भारत

अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूज्य संत चैतन्य जी महाराज, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र, प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप, बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक पूर्णेन्दु के साथ मंच पर मौजूद मुख्य वक्ता के रूप में अपने ओजस्वी वक्तव्य में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दिनोरिया ने बताया कि पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से अभियान चलेगा. इसकी शुरुआत जनजागरण से होगी. इसके बाद खेलकूद और पर्यावरण से जुड़ी गतिविधियों से जोड़ते नशामुक्त युवा तैयार किया जाएगा. बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा कि बीते दिनों कई प्रान्तों एवं में नशा मुक्त भारत के रोडमैप पर महामंथन के बाद अब पूरे देश में विहिप की युवा इकाई बजरंग दल का नशा मुक्त विकसित भारत अभियान चलाएगा. शुरू में साप्ताहिक मिलन, सत्संग केंद्र, प्रवचन केंद्रों के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा. दौनेरिया ने कहा कि ड्रग्स का नशा विदेशी ताकतों के जरिए देश में घुसा है, जबकि शराब और एल्कोहल जैसे नशे आसानी से राज्यों में उपलब्ध हैं।

बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दिनोरिया ने स्पष्ट किया कि यदि राजस्व किसी आने वाली पीढ़ी को बर्बाद कर कमाया जा रहा है तो ऐसा राजस्व छोड़ देना चाहिए. उन्होंने गुजरात और बिहार का उदाहरण देते कहा कि जैसे इन राज्यों में शराबबंदी लागू है, वैसे ही पूरे देश में शराबबंदी होनी चाहिए. नशा चाहे किसी भी रूप में हो, वो व्यक्ति को धीरे-धीरे पतन की ओर ले जाता है. ऐसे में राज्य सरकार और केंद्र सरकार भी शराबबंदी का निर्णय लें। त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में सहयोग का आह्वान दोनेरिया ने कहा कि गरबा पंडाल में जेहादी मानसिकता वाले लोगों पर बेन लगाने के लिए सरकार ठोस कदम उठाए, ताकि हिंदू बहन-बेटी लव जिहाद के षड्यंत्र से बचाई जा सके। हर गरबा पंडाल आयोजक गैर हिंदू को पंडाल में न तो प्रवेश दे और न ही कोई व्यवस्था का हिस्सा बनाए। त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सहयोग करें। दौनेरिया ने धर्मांतरण के मुद्दे पर राजस्थान सरकार की तारीफ की. उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार देश का अब तक का सबसे कठोर धर्मांतरण विरोधी कानून लाई है. हरियाणा, हिमाचल, गुजरात, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में भी ऐसे कानून हैं, तभी जलालुद्दीन छांगुर बाबा जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई हो रही है, लेकिन बाकी राज्यों को भी इस दिशा में कदम उठाने चाहिए. उन्होंने स्वामी विवेकानंद के कथन का हवाला देते हुए कहा कि एक व्यक्ति का धर्मांतरण राष्ट्रांतरण होता है. दौनेरिया ने साफ कहा कि धर्मांतरण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि इससे राष्ट्र की एकता और विचारधारा पर आघात होता है।

# सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन हो : सौम्या अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सभागार में मण्डल स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने एनएचआई और पीडब्ल्यूडी को अधिक दुर्घटना वाले स्थलों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित कर वहां चेतावनी संकेतक, पेट्रोलिंग और त्वरित राहत की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हाईवे पर 24 घंटे एम्बुलेंस व क्रेन की उपलब्धता अनिवार्य करने और सड़क किनारे खड़ी खराब वाहनों को तुरंत हटवाने पर जोर दिया। नई सड़कों व चौड़ीकरण कार्यों में संभावित ब्लैक स्पॉटों को चिन्हित कर एलाइनमेंट इस प्रकार तय करने के लिए कहा गया कि दुर्घटनाएं रोकी जा सकें। सोरांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास पर अधिक दुर्घटनाओं की स्थिति देखते हुए मण्डलायुक्त ने ऑटोमेटिक चालान व रेड लाइट सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। यातायात नियमों के उल्लंघन जैसे ओवरस्पीड, बिना हेलमेट वाहन चलाना, सीट बेल्ट न लगाना, मोबाइल पर बात करना, ओवरलोडिंग व नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। स्कूल वाहनों की फिटनेस और मानक अनुपालन की भी जांच के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने विद्यालयों व महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। राहवीर योजना के तहत प्रयागराज में 10 और अन्य जिलों में 5-5 राहवीरों का चयन अगली बैठक तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना में पुरस्कार राशि बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी गई है। ''नो हेलमेट-नो फ्यूल'' अभियान की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी की अनिवार्य स्थापना और कड़ाई से पालन कराया जाए। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक नीरज पाण्डेय, अपर आयुक्त प्रशासन रत्नप्रिया, परिवहन अधिकारी संजीव गुप्ता, हीमेश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, टैक्सी-टैम्पो यूनियन प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इंस्पेक्टर बनी छात्रा ने पति पत्नी विवाद को सुलझा कर साथ पति पत्नी को भेजा घर

**सातवीं की छात्रा ने मिशन शक्ति के तहत प्रभारी बन वाहनचालकों को हेलमेट पहनने की दी नसीहत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। थाना काकोरी में मिशन शक्ति के तहत एक दिन के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बनाई गई सातवीं की छात्रा दीपाली यादव को बनाया गया जैसे ही प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी पर बैठी दीपाली यादव ने कस्बा निवासी पति पत्नी का विवाद मामला सामने आया उसको सुनते ही दोनों की गलतियों पर फटकार लगाते हुए पत्नी को पति के साथ रहने की बात कहते हुए दोनों ने समझौता करके घर चले गए। वही नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक ने कोतवाली के बाहर निकल कर रोड पर वाहन चालकों को बिना हेलमेट गाड़ी न चलाने का संदेश दिया वहीं आगे से हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने के लिए



गुलाब फूल देकर जाने को कहा। एक दिन की कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बनी दीपाली यादव ने हमराही बनी सहपाठियों के साथ थाना परिसर में साफ सफाई व अपराध डायरी को चेक किया जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक के साथ अन्य पुलिसकर्मियों ने काम काज चेकअप कराने की भूमिका में नजर आए। वही एक दिन की कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बनी दीपाली यादव से जब पत्रकार ने प्रभारी निरीक्षक बनने पर कैसा लग रहा सवाल किया तो दीपाली यादव ने कड़क अंदाज में कहा कि प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी मिलने पर गर्व महसूस हो रहा है हम पढ़कर पुलिस विभाग में जाना चाहेंगे।

वही थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर ने एक दिन की प्रभारी निरीक्षक बनी दीपाली यादव के हमराह की भूमिका निभाते आये। मिशन शक्ति प्रभारी दिनेश कुमारी ने भी एक दिन की बनी प्रभारी निरीक्षक के साथ महिलाओं पर हो रही आपराधिक घटनाओं के बारे में बताया और बेहिचक महिलाओं को अपनी शिकायत पुलिस से करना चाहिए।

# महिला सशक्तिकरण के लिए सआदतगंज में निकाली गई जागरूकता रैली

**मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत छात्राओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और साइबर जागरूकता की दी जानकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सहादतगंज लखनऊ। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत सोमवार को थाना सआदतगंज, कमिश्नरेट लखनऊ में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर और संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) श्री बब्लू कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त (बाजारखाला), प्रभारी निरीक्षक सआदतगंज तथा मिशन शक्ति टीम ने कस्तूरबा कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं, बालिकाओं और महिला शिक्षिकाओं को मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी। अभियान के तहत थाना क्षेत्र में जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। रैली के उपरांत छात्राओं को महिला सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, साइबर अपराध से बचाव और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1098, 1076, 101, 102, 108, 112, 1930 एवं यूपी-कॉप ऐप जैसी सेवाओं की जानकारी साझा की गई। अधिकारियों ने बताया कि यूपी पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला हेल्पलाइन, स्मार्ट सिटी कैमरे और फील्ड पुलिस पेट्रोलिंग जैसी कई पहलें की गई हैं। साथ ही छात्र-छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया गया। अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समानता को बढ़ावा देना है। इस अभियान से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ के केन्द्रीय कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ (यूपीएलए) की आम सभा बैठक 28 सितम्बर,2025 को रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, सीतापुर रोड, लखनऊ में सम्पन्न हुयी।बैठक में निर्वतमान अध्यक्ष प्रो. यूसी शर्मा एवं निर्वतमान महामंत्री गिरीश चन्द्र ने रिपोर्ट प्रस्तुत किया।उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ केन्द्रीय कार्यकारिणी चुनाव में अध्यक्ष एवं महामंत्री पद हेतु पोस्टल बैलेट द्वारा चुनाव हुआ।जिसमें प्रो. एमपी सिंह अध्यक्ष एवं विनोद कुमार मिश्र महामंत्री भारी मतों से विजयी घोषित हुए।आम सभा बैठक में कार्यकारिणी के 7 पदों का चुनाव भी संघ



के आजीवन सदस्यों द्वारा चुनाव किया गया,जिसमें उपाध्यक्ष पद पर डॉ. मनीष कुमार वाजपेयी और डॉ. एस बी कुलश्रेष्ठ,जनसम्पर्क अधिकारी पद पर कुँवर अभिषेक प्रताप (निर्विरोध),लाइब्रेरियन पद पर डॉ. प्रमोद कुमार यादव,सदस्य के तीन पदों पर क्रमशः डॉ. विपिन पाण्डेय,हिमांशु कुमार अंचल और सुनील कुमार विजयी घोषित हुए।यूपीएलए द्वारा पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए 7 आजीवन सदस्यों को अंगवस्त्र एवं प्रमाणपत्र द्वारा सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम में लखनऊ सहित पूरे प्रदेश से सैकड़ों की संख्या में सदस्य प्रतिभाग किए।इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष,महामंत्री और चुनाव अधिकारी राजेन्द्र शंकर मिश्र को भी सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष डॉ. मनीष बाजपेयी द्वारा किया गया।

## निगोहां: सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत



निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीते रविवार की देर रात रायबरेली से लखनऊ जाने वाले मार्ग पर उदयपुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई । जानकारी के अनुसार नगराम थाना क्षेत्र के सल्लाही खेड़ा गांव के निवासी अभिषेक कुमार पुत्र राम सजीवन और धीरेन्द्र पुत्र विजय बहादुर बीते रविवार की रात मोटरसाइकिल संख्या यूपी32 एमएल 5965 से लखनऊ की ओर जा रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत हादसे की सूचना पुलिस को दी और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अभिषेक कुमार के पिता राम सजीवन की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है । हादसे की सूचना मिलते ही दोनों युवकों के घरों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे सल्लाही खेड़ा गांव में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां स्पीड ब्रेकर और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारी जाए, ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों को रोका जा सके।

## बड़ी स्क्रीन पर देखा गया योगी का संवाद कार्यक्रम



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी के गोसाईगंज ब्लॉक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संवाद कार्यक्रम बड़ी स्क्रीन पर देखा गया। इसके लिए बाकायदा पहले ही प्रोजेक्टर लगाकर बड़ी स्क्रीन पर दिखाने की तैयारी पूरी कर ली गई थी। ब्लॉक प्रमुख संघ के लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल जो सरकार की मंशा के अनुरूप लगातार काम कर रहे हैं पहले ही सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को आमंत्रित कर लिया था। ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान व अन्य सम्मानित व्यक्ति समय से संवाद कार्यक्रम देखने के लिए उपस्थित हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जिलों के ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्षों के साथ बातचीत कर उनसे विकास के रोड मैप के बारे में जानकारी ली और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी इस अवसर पर बीडीओ राजेश बहादुर सिंह, पंचायत सचिव अरूण कुमार सिंह व बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान उपस्थित रहे ।

# निगोहां : धर्मांतरण का भंडाफोड़ करने वाली पुलिस टीम को किया गया सम्मानित

**श्री करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने किया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। थाना क्षेत्र के एक गांव में ईसाई धर्म में जबरन व लालच देकर कराए जा रहे धर्मांतरण के सनसनीखेज मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह सोमवार को निगोहां थाने पर आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के समाजसेवी, संगठनों के पदाधिकारी और व्यापार मंडल से जुड़े लोग मौजूद रहे । कार्यक्रम में निगोहां व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू एवं मोहनलालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पांडेय तथा निगोहां प्रेस क्लब के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर सभी गणमान्य लोगों ने एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा, थाना प्रभारी निगोहा अनुज कुमार तिवारी और उनकी पूरी टीम को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने कहा निगोहां पुलिस ने जिस साहस और तत्परता से धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है, सराहनीय है। यह कार्रवाई समाज को जागरूक करने के साथ-साथ ऐसे अपराधियों के लिए चेतावनी भी है। आने वाली पीढ़ी इस कदम को ऐतिहासिक मानकर याद रखेगी। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पांडेय सत्यम ने कहा धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेजकर समाज को एक बड़ा संदेश दिया है कि ऐसे कृत्यों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**पुलिस कार्रवाई बनी मिसाल.......**

समारोह में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि निगोहां पुलिस की यह कार्रवाई समाज को नई दिशा देने वाली है। जिस तत्परता और साहस से थाना प्रभारी अनुज तिवारी व उनकी टीम ने धर्मांतरण के इस नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, वह पूरे जिले के लिए एक मिसाल है। सम्मान पाकर पुलिस टीम ने भी समाज को भरोसा दिलाया कि वे आगे भी पूरी निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा से इसी प्रकार अपराध और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान चलाते रहेंगे।

# नगराम : समाजसेवी अनमोल तिवारी ने पेश किया सेवा की मिशाल

**नगराम क्षेत्र के पतौना गांव से पाल खेड़ा मार्ग पर कंटीले पौधों से आवागमन था बाधित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। निगोहां के दखिना निवासी भाकियू (लोकतांत्रिक) के प्रदेश सचिव व समाजसेवी अनमोल तिवारी ने निजी खर्च से नगराम क्षेत्र के पतौना से पाल खेड़ा मार्ग लगभग डेढ़ किलोमीटर जर्जर कंटीले पौधों से ढंके सड़क का सोमवार को मरम्मत कराया साथ में कंटीले झाड़ी-झंखाड़ी को साफ कराया , सड़क के दोनों तरफ झाड़ी झंखाड़ी होने से राहगीरों का निकलना मुश्किल था। ग्रामीणों के कहने पर समाजसेवी अनमोल तिवारी ने मौके पर पहुंच कर सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील व दोनों तरफ कंटीले पौधों से युक्त सड़क की साफ सफाई कराई। लखनऊ की वार्ड संख्या 21 में आने वाली ग्राम पंचायत पतौना से पाल खेड़ा को जोड़ने वाली सड़क पर ग्रामीणों को आने-



जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने किसान नेता व समाजसेवी अनमोल तिवारी को दी। लोगों की परेशानियों को देखते हुए उन्होंने सड़क पर अपने निजी खर्चे से मिट्टी व विलायती बबूल समेत झाड़ी झंखाड़ी की सफाई करवा कर आवागमन के लायक बनवाया। इससे पहले भी समाजसेवी अनमोल तिवारी ने निगोहा समेत नगराम क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सड़क मरम्मत समेत कई जनकल्याणकारी कार्य अपने निजी खर्चे से करते आ रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की कठवारा शाखा के नवीन परिसर का हुआ उद्घाटन



बीकेटी,लखनऊ । उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की कठवारा शाखा के नवीन परिसर का उद्घाटन महा शाखा प्रबंधन उत्तम कुमार मिश्रा ने किया।इस मौके पर चार ग्राहकों को उन्होंने कृषि लोन का स्वीकृति पत्र सौंपा है।दीनदयाल राज्य ग्राम्य विकास संस्थान उप निदेशक एसके सिंह ने शाखा में पर्याप्त स्टाफ की तैनाती और ग्राहकों को नई योजनाओं से परिचित कराया जाए।क्षेत्रीय महाप्रबंधक आशुतोष चौबे व सीनियर मैनेजर प्रतीक श्रीवास्तव ने ग्राहकों को आगाह किया कि,साइबर क्राइम से बचे,आज का समय नेट बैंकिंग का है,इसलिए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने के दौरान बेहद सावधानी बरतें।शाखा प्रबंधक कठवारा अभिनव मिश्रा और सहायक प्रबंधक भानु प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लगभग डेढ़ सौ ग्रामीणों और शाखा के ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं के बारे जानकारी दिया।कैशियर श्रेया गुप्ता,तृप्ति वर्मा,आशीष सिंह,अर्जुन सिंह,नंद किशोर शर्मा,यशपाल सिंह,प्रधान प्रतिनिधि कठवारा उदयभान सिंह,सचिन सिंह,राम कृपाल सिंह,महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या ग्रामीण इकट्ठा हुए।

## चरक इंस्टिट्यूट में मिशन शक्ति का आयोजन

लखनऊ। दुबग्गा स्थित चरक इंस्टिट्यूट कॉलेज में सोमवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस और छात्राओं के बीच सीधा संवाद कार्यक्रम हुआ। मौके पर मौजूद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल मुख्य अतिथि रहीं। वहीं पश्चिमी डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव, एडीसीपी धनंजय कुशवाहा, एसीपी काकोरी शकील अहमद और दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने छात्राओं को अपराध की रोकथाम, सुरक्षा के उपाय और शासन की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों को लेकर सजग रहना चाहिए और किसी भी समस्या में निडर होकर पुलिस से सहयोग लेना चाहिए। विधायक जय देवी कौशल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति ही प्रदेश की असली पहचान है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे आत्मनिर्भर बनें और समाज में अपनी भूमिका को मजबूती से निभाएँ।

## निगोहां में सोते समय सर्प दंश से सात वर्षीय मासूम की मौत

निगोहां, लखनऊ । निगोहां में रविवार रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। घर के कमरे में सोते समय एक सर्प ने सात वर्षीय मासूम अरमान उर्फ राजा भाईया को डंस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, निगोहां निवासी अनवर वर्तमान में दिल्ली में रहकर सिलाई का काम करते हैं। उनकी पत्नी रुकसाना अपने इकलौते बेटे अरमान और सास के साथ गाँव में रहती हैं। अरमान गाँव के एक स्कूल में यूकेजी कक्षा का छात्र था। रविवार रात रुकसाना और अरमान घर में कमरे के अंदर सो रहे थे। देर रात करीब दो बजे अचानक अरमान चीखते हुए उठा और माँ को बताया कि उसके माथे पर कुछ काट लिया है। रुकसाना ने ध्यान से देखा तो समझ नहीं पाईं । हालत बिगड़ते देख रुकसाना आनन-फानन में बेटे को लेकर निगोहां कस्बे के एक निजी अस्पताल पहुँची। वहाँ बच्चे को आराम नहीं मिला तो डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। इसके बाद वह उसे मोहनलालगंज के एक अन्य निजी अस्पताल लेकर गईं, जहाँ से हालत गंभीर होने पर बच्चे को ट्रॉमा सेंटर (मेडिकल कॉलेज) भेज दिया गया। इलाज के दौरान सोमवार सुबह मासूम अरमान ने दम तोड़ दिया। दिल्ली में रह रहे पिता अनवर को जब बेटे के मौत की सूचना मिली तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अरमान उनका इकलौता बेटा था और उसकी अचानक मौत ने उन्हें पूरी तरह तोड़कर रख दिया है।

# दुबग्गा में मिशन शक्ति: पुलिस ने छात्राओं संग किया संवाद, नारी शक्ति को बताया सशक्त प्रदेश की पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा लखनऊ। दुबग्गा स्थित चरक इंस्टिट्यूट कॉलेज में सोमवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बहनों और छात्राओं से पुलिस अधिकारियों ने सीधा संवाद कर उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारियाँ दीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल मौजूद रहीं। विशिष्ट अतिथियों में पश्चिमी डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव, एडीसीपी धनंजय कुशवाहा, एसीपी काकोरी शकील अहमद और दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा शामिल हुए।

डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने छात्राओं को अपराध की रोकथाम, आत्मरक्षा और सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएँ अपने अधिकारों को लेकर सजग रहें और किसी भी समस्या पर बिना हिचक पुलिस



से मदद लें।

विधायक जय देवी कौशल और डीसीपी श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से मंच से आह्वान किया कि नारी शक्ति ही सशक्त प्रदेश की पहचान है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, जागरूक रहने और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज़ उठाने की प्रेरणा दी। इस दौरान कॉलेज प्रांगण में छात्राओं ने मिशन शक्ति को लेकर उत्साह दिखाया और पुलिस अधिकारियों से प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंडल कार्यशाला अयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के सोमवार को भारतीय जनता पार्टी अर्जुनगंज मण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंडल कार्यशाला अयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं पूर्व दर्ज प्राप्त राज्यमन्त्री वीरेन्द्र तिवारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस दूरदृष्टि का प्रतीक है जिसमें भारत को केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि विश्व का निर्माता और मार्गदर्शक बनाने का संकल्प निहित है।और यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश की आत्मा को जाग्रत करने का महाभियान है जिसमे हम सबको स्थानीय उद्यमों कुटीर उद्योगों किसानों नवाचार एवं युवाओं की ऊर्जा को एकजुट कर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम बनाना है।श्री तिवारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि गांव-गांव और नगर-नगर तक आत्मनिर्भरता की अलख जले



वोकल फार लोकल से लेकर स्टार्टअप एवं मेक इन इंडिया तक यह संकल्प प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही संभव होगा।कार्यक्रम के उपरांत श्री तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ बाजार में जाकर स्टीकर लगाए व व्यापारियों दुकानदारों तथा ग्राहकों से संपर्क भी किया।इस अवसर पर अर्जुनगंज मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी पूर्व जिला मंत्री शंभूनाथ पाण्डे पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार रोहित पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह चौहान मंडल महामंत्री तुषार सिंह मंडल उपाध्यक्ष रामदेव रावत गुड्डू तिवारी देवेन्द्र सिंह नेगी सुरेन्द्र राजपूत रोहित शर्मा अमित रावत संदीप सैनी अमर सिंह दिवाकर सिंह आर0पी0शुक्ला अनिल रावत दिलीप तिवारी अवधपाल रावत दिनेश कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नवरात्र का रंग नारी शक्ति कें संग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । नवरात्र की पावन बेला पर मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोमवार की सुबह धौरहरा तहसील के परिषदीय विद्यालय महादेव का आंगन किसी भव्य मंदिर सा जगमगा उठा। इसी अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए बनाए गए मिड डे मील शेड ''अन्नपूर्णा कुंज'' का शिलापट का अनावरण और फीता काटकर भव्य लोकार्पण किया। इस मिड डे मील शेड को ़अन्नपूर्णा कुंज़ का नाम स्वयं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दिया है, जो विद्यालयीन पोषण और मातृ-शक्ति के आशीर्वाद का प्रतीक है। कार्यक्रम का सफल संयोजन बीडीओ संदीप कुमार ने किया।

वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच 201 नन्हीं कन्याओं को मां दुर्गा का रूप मानते हुए पूरे विधि-विधान से



पूजन-अर्चन हुआ। जब परिषदीय विद्यालय की बालिकाएं लाल चुनरी ओढ़े पंक्तिबद्ध पहुंचीं तो माहौल में ऐसी आभा बिखरी मानो नौ रूपों की देवी स्वयं अवतरित हों। डीएम और विधायक ने कन्याओं के माथे पर तिलक कर पुष्प अर्पित किए। पूजन के बाद उपहार स्वरूप हर कन्या को एक थाली, गिलास, चम्मच, पानी की बोतल, स्कूली बैग, ज्योमेट्री बॉक्स, पेंसिल, रबर और कटर से सजी स्नेह-पोटली प्रदान की गई।

इसके उपरांत आस्था और परंपरा का संगम और गाढ़ा हुआ। अन्नपूर्णा कुंज में विधिवत कन्या भोज का भव्य आयोजन हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने स्वयं कन्याओं को दक्षिणा अर्पित की और सम्मानपूर्वक भोजन परोसा। स्वादिष्ट व्यंजनों की सुगंध और कन्याओं की खिलखिलाहट से पूरा परिसर अलौकिक लगने लगा।

कन्याओं को मदद की नहीं बल्कि मौके की जरूरतः डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर आदिशक्ति के आराधना करते हुए

**मिशन शक्ति 5.0 : कन्या पूजन कार्यक्रम में अभिनंदन देख मुग्ध हुईं छात्राएं**

**डीएम व विधायक ने संयुक्त रूप से दिया बेटियों को उपहारो का बैग, लिया आशीर्वाद**

जनपद खीरी में ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' व ''मिशन शक्ति अभियान'' के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु जिले में आज कन्या पूजन आयोजित किया जा रहा है। कन्या-पूजन मातृ-शक्ति की आराधना का प्रतीक है। आज कन्याओं को पूजन के साथ उपहारो की बैग में प्रदान किया जा रहा है, इसमे शामिल उपयोग की वस्तुओं का सदुपयोग करें। कन्याओं को मदद की नहीं बल्कि मौके की जरूरत है। मौका बेटियों को महान बनाएगा। एक पढ़ी-लिखी बेटी, सुरक्षित भी होती है, सम्मानित भी होती है और स्वावलंबी भी होती है।

महिला समूह को मिला 1.35 लाख का चेक, बढ़ेगी नमकीन पैकेजिंग की क्षमता

गोद भराई से गूजा विद्यालय, अन्नप्राशन से महकी खीर की मिठास

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने एसडीएम शशिकांत मणि, बीडीओ संदीप कुमार की मौजूदगी में सोमवार को कार्तिक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नमकीन पैकेजिंग मशीन के लिए 1.35 लाख रुपये का एएख्र चेक प्रदान किया। साथ ही कार्यक्रम में छह गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और तीन छह माह के शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। डीएम और विधायक ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समूह गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद डीएम, विधायक ने विद्यालय परिसर में हरिशंकरी का पौध रोपित किया।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओ और बच्चो को किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी पुलिस द्वारा कस्बा स्थित उ.प्रा.वि.खीरी में मिशन शक्ति अभियान /महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिलाओ /बच्चो को जागरूक किया गया तथा उन्हें शासन द्वारा संचालित टोल फ्री नंबरो 112, 1090, 1076, 1098,181,108,102 ,181,101 आदि से अवगत कराया गया,तथा उन्हें उनके स्वयं की सुरक्षा तथा आने वाली समस्याओं को तुरंत गार्जियन, टीचर एवं पुलिस से अवगत कराकर मुनासिब हिदायत देने हेतु अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी, साधना यादव, चौकी प्रभारी कस्बा खीरी, अर्पिता शुक्ला, म0आ0 दिव्या द्विवेदी,म0आ0 प्रीतू, म0 होमगार्ड दीप्ती,म0होमगार्ड पुष्पा एवं थाना के अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे।

# धड़ल्ले से संचालित हो रही अवैध पैथालॉजी लैब, प्रशासन मौन

**आखिर किसके शह पर हो रहा संचालन, स्वास्थ्य विभाग क्यों बना अनजान?**

**अर्नव पैथालॉजी पर परिजनों ने लगाया झूठी रिपोर्ट का आरोप**



एजेंसी

मछरेहटा, सीतापुर। स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर क्षेत्र में बड़ा खेल चल रहा है। बिना रजिस्ट्रेशन व प्रशिक्षित टेक्नीशियन के धड़ल्ले से पैथालॉजी लैब का संचालन किया जा रहा है। न मान्यता, न सुरक्षा और न ही निर्धारित मानकों का पालन—इसके बावजूद आम जनता को जांच रिपोर्ट के नाम पर गुमराह किया जा रहा है।

ताज़ा मामला अर्नव पैथालॉजी का है, जहां परिजनों ने झूठी रिपोर्ट देने का आरोप लगाया है। सूत्रों के अनुसार, कई लैब झोलाछाप चिकित्सकों की शह पर चल रही हैं। ये लैब गंभीर बीमारियों जैसे क्क्ष्ठ, हेपेटाइटिस, ब्लड शुगर, थायरॉइड आदि की जांच बिना आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित स्टाफ के कर रही हैं। बताया जाता है कि इन जांचों की रिपोर्ट भी मनमाने ढंग से तैयार कर मरीजों को थमा दी जाती है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से आमजन के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के गोरखधंधे पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। आमजन में यह भी चर्चा है कि प्रशासनिक मिलीभगत के बिना ऐसे अवैध कारोबार का संचालन संभव नहीं है।

# छात्र-छात्राओं ने दिया समाज मे फैली बुराइयों को दूर करने का संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। आर.जे.जे.एजुकेशन प्वाइंट बीरमपुर के छात्र-छात्राओ ने मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के अंतर्गत बच्चो ने शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा के रूप मे समाज मे फैली बुराइयों अशिक्षा, दहेज,भ्रूण हत्या,घरेलू हिंसा,लैंगिक असमानता व बालविवाह जैसी बुराइयों का अंत करने के लिये सरकार द्वारा दिये गये हेल्प लाइन नम्बरो व शिक्षा के हथियारो से महिलाये इन बुराइयों को दूर कर सकती है। विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल ने बच्चो की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम मे विद्यालय प्रबंधक कुलदीप जयसवाल,प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल, उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव,नैन्सी जयसवाल, हिमांशी सिहं व व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस व अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओ सहित बच्चे उपस्थित रहे।

# शरद नवरात्रि महोत्सव के शुभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ कन्या भोज का आयोजन हुआ संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर खैरा बाद में हुआ आयोजन**

खैराबाद । सरस्वती शिशु मन्दिर खैराबाद सीतापुर में आज दिनंक 29 सितंबर 2025 दिन सोमवार को अपने विद्यालय में शरद नवरात्रि महोत्सव के शुभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ कन्या भोज का आयोजन संपन्न हुआ इस अवसर पर समाज की माताएं और बहने अभिभावकों की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही कार्यक्रम का शुभारंभ भजन कीर्तन से प्रारम्भ हुआ ,उपरांत कन्याओं का पूजन कर उन्हें आदरपूरवक दही जलेबी का प्रसाद कराया गया ।

आज के दिन विद्यालय में एक नए छात्र का प्रवेश भी हुआ जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई,कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी के सहयोग से आचार्य जगदंबा जी सहित नीलम जी, निशा जी, निकिता जी, नेहा जी, रुक्मणी जी, पूनम जी , खुशी जी व प्रधानाचार्य सचिन अवस्थी जी के मार्गदर्शन से सम्पन्न हुआ ।

# राहुल गांधी को जान से मारने की कथित धमकी पर कंग्रेस में आक्रोश

एजेंसी

वाराणसी । कंग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जान से मारने की कथित धमकी को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को वाराणसी महानगर कंग्रेस कमेटी ने आपात बैठक बुलाकर इस कथित धमकी पर नाराजगी जता निंदा प्रस्ताव पारित किया और राहुल गांधी की सुरक्षा को और अधिक मजबूत किए जाने की मांग की।

महानगर कंग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने बैठक में कहा कि भाजपा प्रवक्ता प्रिंटू महादेव ने एक टीवी चैनल पर पैनल डिस्कशन के दौरान राहुल गांधी को लेकर शर्मनाक अपमानजनक और धमकी भरी टिप्पणी की, जो न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। चौबे ने कहा, यह टिप्पणी न सिर्फ व्यक्तिगत स्तर पर एक नेता को निशाना बनाता है, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी सीधा हमला है।





पूरे देश में इस बयान के खिलाफ रोष की लहर है। बैठक में मौजूद कंग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी केवल कंग्रेस के नेता ही नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आवाज़ हैं। उनके खिलाफ इस प्रकार की धमकी निंदनीय है। विशेषकर तब जब गांधी परिवार पहले से ही बलिदानों का प्रतीक रहा है—पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी दोनों देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे चुके हैं। पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपील की कि राहुल गांधी की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और उसे और अधिक सुदृढ़ किया जाए। महानगर अध्यक्ष चौबे ने यह भी बताया कि इस संबंध में प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को पत्र भेजा जाएगा। आपात बैठक में कंग्रेस के वरिष्ठ नेता महानगर प्रवक्ता आशुतोष पाण्डेय, फसाहत हुसैन बाबू, डॉ. राजेश गुप्ता, सतनाम सिंह, वकील अंसारी, अरुण सोनी, रमजान अली, मयंक चौबे, सैयद हसन, नरसिंह दास वर्मा, हसन मेंहदी कब्बन, प्रमोद वर्मा और सदानंद तिवारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# एक दिन की थानाध्यक्ष बनी छात्रा हिमाशी चौधरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**फरियादियों की समस्याएं ध्यान से सुनी**

लखीमपुर खीरी। भगवान दिन इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा हिमाशी चौधरी ने सोमवार को महिला थाना अध्यक्ष की कुर्सी संभाली। बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत छात्रा को एक दिन के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। थाना पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। छात्रा ने महिला थाना अध्यक्ष बनकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अनोखी पहल का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी का अनुभव कराना रहा।

## थाने में हिरासत के बाद युवक की मौत, परिजनों ने पुलिस पर पिटाई का लगाया आरोप

**युवक की मौत से सनसनी, परिवार ने मांगी न्यायिक जांच**

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के कोतवाली क्षेत्र तालगांव के अंतर्गत बड़ा तालाब मजरा भेलावा निवासी उमेश पुत्र विजय को पुलिस ने बीते 26 सितंबर को गिरफ्तार किया था । परिजनों का आरोप है कि उमेश घर पर मौजूद नहीं था इसी दौरान उमेश के पिता विजय व उमेश के बड़े भाई दिनेश को पुलिस घर से उठा ले गई और पिता व भाई को बुरी तरह से पीटा । इसके बाद परिजनों ने उमेश को थाने में हाजिर करवाया । परिजनों का आरोप है कि उमेश को पुलिस ने बुरी तरीके से पीटा है । जिससे उसकी मौत हुई है । इस मामले में पुलिस का कहना है कि 27 सितंबर को अभियुक्त का चालान न्यायालय भेज दिया गया वहीं दूसरी तरफ परिजन इस बात से इनकार करते हुए बताते हैं कि परिजन दिन-रात थाने के चक्कर लगाते रहे लेकिन पुलिस के द्वारा उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया परिजन अपने बेटे से मिलने के लिए पुलिस से गुहार लगाई उसके बाद भी पुलिस ने उन्हें गुमराह करते हुए चौकी थाने के चक्कर लगवाए । 27 सितंबर को उमेश का चालान भेजा गया । इसके बाद बीती रात लगभग 2:00 बजे थाने में तैनात सिपाही अनुज के के द्वारा सूचना ग्राम प्रधान को दी गई ग्राम प्रधान राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस के द्वारा बताया गया कि उमेश की हालत गंभीर है जिस पर ग्राम प्रधान ने परिजनों को सूचना देते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेजा । परिजन जिला अस्पताल पहुंचे तो उनके पुत्र की मौत हो चुकी थी पिता का आरोप है कि जब वह जिला अस्पताल पहुंचे तो उनके बेटे की डेड बॉडी वहां मौजूद थी । परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने बुरी तरह से पिटाई की है जिसके चलते उनके बेटे उमेश की मौत हो गई है ।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

खैराबाद, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। वार्ड पनवाड़िया नई बस्ती में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं और छात्राओं को अपराध संबंधी मामलों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में हटौरा चौकी इंचार्ज आकांक्षा यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने विस्तार से बताया कि महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम में मिशन शक्ति किस तरह कारगर साबित हो रहा है। साथ ही महिलाओं को अपने



अधिकारों और अपराधों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर सभासद उमेश जायसवाल, विशाल जायसवाल अनिल कुमार निर्मला देवी , कामिनी गुप्ता, सावित्री मौर्य, पूजा जायसवाल, रेशमा जायसवाल, सोनी अवस्थी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय स्कूल की छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

## बार-बार बिजली कटौती से नगर वासी परेशान

सिंगाही कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोज़ाना दो से पांच घंटे तक की बिजली कटौती से जूझ रहे हैं, जिससे बढ़ती गर्मी और बढ़ती उमस के बीच उनकी परेशानी और बढ़ गई है। लगातार बिजली कटौती ने बुजुर्गों, बच्चों और छोटे कारोबारियों का जीना मुश्किल कर दिया है।और निवासियों को लंबे समय तक पंखे, कूलर या एयर कंडीशनर के बिना गुज़ारा करने में मुश्किल हो रही है। छोटे व्यवसाय, खासकर बिजली के उपकरणों पर निर्भर व्यवसाय, भी अनियमित बिजली आपूर्ति का खामियाजा भुगत रहे हैं। दर्जी, वेल्डर और अन्य वर्कशॉप मालिकों का कहना है कि उनकी उत्पादकता कम हो गई है और ग्राहक अधीर हो रहे हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद, निवासियों का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

खैराबाद, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। वार्ड पनवाड़िया नई बस्ती में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं और छात्राओं को अपराध संबंधी मामलों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में हटौरा चौकी इंचार्ज आकांक्षा यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने विस्तार से बताया कि महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम में मिशन शक्ति किस तरह कारगर साबित हो रहा है। साथ ही महिलाओं को अपने अधिकारों और अपराधों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर सभासद उमेश जायसवाल, विशाल जायसवाल अनिल कुमार निर्मला देवी , कामिनी गुप्ता, सावित्री मौर्य, पूजा जायसवाल, रेशमा जायसवाल, सोनी अवस्थी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय स्कूल की छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

## प्रशासन और पूजा समितियों का निर्णय, दुर्गा पूजा पंडालों में नहीं होगा ब्लैकआउट

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दुर्गा पूजा पंडालों में सोमवार शाम को एक घंटे का होने वाला ब्लैक आउट अब नहीं होगा। जिला प्रशासन और पूजा समितियों ने मिलकर यह निर्णय लिया है।

# खैराबाद में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । थाना खैराबाद क्षेत्रांतर्गत एमजे गोल्डन पैलेस खैराबाद में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर धामनी एम दास सहित उपस्थित अधिकारियों एवं विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका इण्टर कालेज खैराबाद, राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय रहीमाबाद, एम0एस0 पब्लिक स्कूल, जी0डी0 गोयनका, पं0 सूर्यदत्त आनंदी सहगल बालिका विद्यालय, स्टडी प्वाइंट, जीवन ज्योति इण्टर कालेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं, आशा बहनों, समूह की महिलाओं एवं पुलिसकर्मियों आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद बेबी अभिषेक गुप्ता एवं थाना प्रभारी खैराबाद अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों हेतु शिकायत पेटिकाएं वितरित की गयी। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए, जिन्हे पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**विद्यालयों में शिकायत पेटिकाएं वितरित, छात्राओं को किया गया सम्मानित**

**जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व जनप्रतिनिधियों ने किया दीप प्रज्ज्वलन से शुभारंभ**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के अंतर्गत पूरे जनपद में





विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शासन की मंशा के अनुसार बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक एवं सशक्त किए जाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसे प्राप्त किए जाने हेतु पूर्ण मनोयोग से प्रयास करें एवं स्वावलंबी बने। इसी से समाज एवं देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने आश्वस्त किया की प्रशासन, पुलिस एवं सरकार सदैव आपके साथ हैं एवं हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु नियम बनाए गए हैं। आर्थिक एवं शैक्षणिक उन्नयन हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महिला संबंधित अपराध करने वालों के विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में शिकायत पेटिकाओं की व्यवस्था की गयी है, यदि कोई परेशान करता है तो छात्राएं शिकायत पेटिका में गोपनीय रूप से अपनी शिकायत डाल सकती हैं। सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि बालिकाओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। यूपीएससी की परीक्षा में भी छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है। राजनैतिक क्षेत्र में भी बालिकाएं आगे बढ़कर प्रतिभाग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज संसाधनों एवं अवसरों की पर्याप्त उपलब्धता है परन्तु इनके संतुलित प्रयोग की आवश्यकता भी है। उन्होंने सोशल मीडिया के भी संयमित एवं संतुलित प्रयोग हेतु भी प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास, पुलिस क्षेत्राधिकारी विनायक गोपाल भोसले सहित उपस्थित विशिष्टजनों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद बेबी अभिषेक गुप्ता, थाना प्रभारी खैराबाद अनिल कुमार सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं, आशा बहने एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित रहीं। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। सशक्त नारी, सशक्त परिवार अभियान 2025 के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावां में एक भव्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्र के दिशा-निर्देशन और अधीक्षक डॉ. रोहित कटियार के नेतृत्व में किया गया। जिले से मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद कुशवाहा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ल्र्इस तरह के स्वास्थ्य मेले न सिर्फ मरीजों को उपचार और पोषण प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सशक्त भी बनाते हैं। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

मेले में विश्वास संस्थान की ओर से पंजीकृत टीबी मरीजों को चना, सत्तू, गुड़, मूंगफली और प्रोटीन पाउडर जैसे पोषण युक्त आहार वितरित किए गए। इसका उद्देश्य मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना और उपचार की गति को प्रभावी बनाना है।

स्वास्थ्य मेला में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ऋख्इ) से आए चिकित्सकों ने मरीजों की निःशुल्क जांच एवं परीक्षण किया। इसमें शामिल थे डॉ. अमिता दीक्षित, डॉ. सुनील सिंह चौहान, डॉ. नीरज मौर्य, डॉ. प्रणय सिंह, डॉ. दीपा आहूजा और डॉ. गौरव मिश्रा। साथ ही डॉ. अभिजीत सिंह, डॉ. आकांक्षा, डॉ. सफीर और जिला चिकित्सालय से डॉ. आज़म मोहम्मद मुस्तफा भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिक्षा और कार्यक्रम संचालन में डॉ. सुनील सिंह, जुगलेश कुमार (हेल्थ एजुकेशन ऑफिसर), अपूर्व मिश्र, कप्तान सिंह, चंद्र किशोर, देवांशु, रामबली, अजय सिंह, कुलदीप सिंह, मनीष साहू, शाहबाज सिद्दीकी, अनुराग दीक्षित, धीरज कुमार और इजहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से जुगलेश कुमार ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य और टीबी से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय पर चिकित्सीय जांच बेहद जरूरी है। ये छोटे-छोटे कदम किसी भी बीमारी से लड़ने में मददगार साबित होते हैं। अधीक्षक डॉ. रोहित कटियार ने कहा कि टीबी के खिलाफ लड़ाई में दवा और पोषण दोनों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे स्वास्थ्य मेले मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्र ने मरीजों को नियमित दवा सेवन और संतुलित आहार के महत्व पर जोर दिया। साथ ही बताया 1000 इलाज के दौरान प्रतिमाह न्यूट्रीशन के लिए सरकार के द्वारा दिया जा रहा है विश्वास संस्थान ने आश्वासन दिया कि संस्था भविष्य में भी समाजहित से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान देती रहेगी।

# गरिमापूर्ण व हर्षाल्लास के साथ मनाई जाएगी गांधी व शास्त्री की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि 02 अक्टूबर को 2025 को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जनपद में गरिमापूर्ण ढंग से व हर्षाल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रातः 6:30 बजे से गांधी मैदान से प्रभात फ़ेरी निकल जाएगी तथा प्रातः 9:00 बजे सभी राजकीय भवनों पर ध्वज फहराया जाएगा। जिला अस्पताल, कारागार, कुष्ठ आश्रम में फलों का वितरण भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 6:30 बजे से प्रभात फ़ेरी निकल जाएगी, जो गांधी मैदान से जोगीपुरा, गोपी चौक पुराना बाजार होते हुए वापस गांधी मैदान पर ही समाप्त होगी। प्रातः 7:30 बजे से गांधी ग्राउंड में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। प्रातः 7:45 बजे शास्त्री चौक पर स्थापित लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। प्रातः 7:00 बजे से स्टेडियम में महिला व पुरुष ओपन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रातः 7:00 बजे से मलिन बस्तियों में सफाई का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 9:00 बजे सभी राजकीय भवनों पर ध्वज फहराया जाएगा। प्रातः 10:00 बजे से समस्त माध्यमिक विद्यालयों में गांधी जी के जीवन दर्शन पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रातः 11:00 से एनएमएसएन दास डिग्री कॉलेज में वर्तमान परिदृश्य में गांधी दर्शन की प्रासंगिकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रातः 9:30 बजे से नगर पालिका परिषद बदायूं में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 9:30 बजे जिला कारागार, प्रातः 10:00 बजे जिला पुरुष अस्पताल, प्रातः 10:30 बजे जिला महिला चिकित्सालय, प्रातः 11:00 बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज, प्रातः 11:30 बजे कुष्ठ आश्रम कछला, प्रातः 11:45 बजे सूर्यकुंड स्थित गुरुकुल में फल वितरण किए जाएंगे। इसके अलावा प्रातः 10:30 बजे गांधी नेत्र चिकित्सालय में मार्ल्यापण व सभा का आयोजन होगा। प्रातः 11:00 बजे जिला पुरुष चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 7:00 से मोहल्ला मीरा सराय, नेकपुर, लोची नगला, कबूलपुरा गौटिया, महाराजगंज, मीरा जी की चौकी, कटरा ब्राह्मपुर शर्की में सघन टीकाकरण भी किया जाएगा। इसके अलावा सांय 4:00 बजे से नगर पालिका परिषद बदायूं में महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर सार्वजनिक सभा का आयोजन होगा।

## महाकाली स्वरूप ने किया पथवारी पूजन

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ठा. करन सिंह अखाड़े के निर्देशन में निकलने वाली महाकाली शोभायात्रा के लिए स्वरूपों ने पथवारी पूजन किया। सोमवार को ठाकुर करन सिंह अखाड़ा के खलीफा रामशरण शर्मा व राकेश सक्सेना के निर्देशन में महाकाली स्वरूप हिमांशु शर्मा तथा महिषासुर स्वरूप नवीन कुमार शर्मा ने बाईपास पर स्थित मां पथवारी का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। प्राचीन परंपरा के अनुसार महाकाली शोभायात्रा निकालने से पूर्व मां पथवारी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया जाता है। इस मौके पर अखाड़े के सभी बुजुर्गों से भी पैर छूकर आशीर्वाद लिया जाता है। जिससे शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार का विघ्न न पड़े। इस मौके पर पंडित विष्णु दत शर्मा, जलद त्यागी, इंद्र मोहन शर्मा, छेदा लाल वार्ष्णेय, मनु शर्मा, यशाग्र भारद्वाज, उमेश पंडित आदि मौजूद रहे।

## एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत गुन्नौर में कार्यरत सफाई मित्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन हेतु जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय सेमिनार तथा सामाजिक समरसता बडाने हेतु सफाई मित्रों संग सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अधिशासी अधिकारी श्री अमरेश तिवारी, अध्यक्ष न०पं०गुन्नौर श्रीमती खुशबू, अध्यक्ष पति श्री धर्मेन्द्र कुमार,लिपिक श्रीमती पूनम यादव, चिकित्सा अधीक्षक श्री एच० रहमान, डा० पलक गुप्ता, डा० राजेश कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुन्नौर, मण्डल कार्य० प्रबन्धक श्री विश्वास कुमार, जनपद कार्य० प्रबन्धक श्री मनोज कुमार, आई०टी०सी० से श्री करन सिंह, सभासदगण न०पं०गुन्नौर, समस्त सफाई मित्र तथा कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे। डा० श्री एच० रहमान द्वारा सफाई मित्रों को आवश्यक परामर्श दिये गये। डी०पी०एम० व आईटीसी टीम द्वारा रीसाइक्लिंग और प्लास्टिक मुक्त वातावरण पर मार्गदर्शन किया गया।

## मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत सभागार कक्ष नगर पंचायत गुन्नौर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनायें रखने में विशेष भूमिका निभा रही महिला सफाई मित्रों को उपहार देकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी श्री अमरेश तिवारी, अध्यक्ष न०पं०गुन्नौर श्रीमती खुशबू, अध्यक्ष पति श्री धर्मेन्द्र कुमार,लिपिक श्रीमती पूनम यादव, चिकित्सा अधीक्षक श्री एच० रहमान, डा० पलक गुप्ता, डा० राजेश कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुन्नौर, मण्डल कार्य० प्रबन्धक श्री विश्वास कुमार, जनपद कार्य० प्रबन्धक श्री मनोज कुमार, आई०टी०सी० से श्री करन सिंह, सभासदगण न०पं०गुन्नौर, समस्त सफाई मित्र तथा कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

## सिख संगत ने किया शब्द कीर्तन का पाठ

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुरुद्वारा श्री हरिराय साहिब में सिख संगत द्वारा शबद, कीर्तन, अखंड पाठ, अरदास का आयोजन कर उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री हरिराय साहिब में सिख संगत द्वारा शबद, कीर्तन, अखंड पाठ, अरदास का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के गांव से आए सिख संगत ने भाग लिया। ज्ञानी गुरमुख सिंह ने बताया कि अलीगढ़ से आए भाई विक्रम सिंह, मनीष सिंह ने शबद, कीर्तन कर संगत को निहाल किया। दिल्ली से आए डब्लू.एस. सीसी. फाउंडेशन संस्था के डा. परमीत सिंह चड्ढा, दिलप्रीत सिंह, जसमीत सिंह आनंद ने संगत से अपने बच्चों को शिक्षित बनाने का आह्वान किया। अरदास पूर्ण होने के बाद गुरुद्वारे में लंगर के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर अमरदीप सिंह, वीना रावल, परनीत कौर, रमा, प्रीति, अमृत कौर, हरप्रीत कौर, अमरजीत कौर, जसलीन कौर, जसप्रीत कौर आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं ने गंगा तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** जी डीएवी कन्या विद्यालय की छात्राओं द्वारा मस्तराम गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रद्धालुओं को जागरूक किया। सोमवार को जीडीएवी कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने मस्तराम गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया। घाट पर पड़े कूड़े कचरे को एकत्र कर डस्टबिन में डाला। वहां से नगर पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गंगा हम सभी की आस्था का केंद्र है। हम सभी लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि गंगा तट पर किसी प्रकार की अपशिष्ट सामग्री को नहीं लाएंगे। इस मौके पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को जागरूक किया कि वह घर से पूजा की अपशिष्ट सामग्री खंडित प्रतिमाएं लाकर गंगा जी में नहीं डालेंगे। गंगा जी के प्रवाह में पॉलिथीन भी नहीं डालेंगे। इस मौके पर नवीन कुमार शर्मा, सावित्री देवी, रंजना पांडे, प्रीति सक्सेना, संध्या अग्रवाल, सुमन मिश्रा, नम्रता मिश्रा, बिंदिया शर्मा, गीता देवी, विभारती चौहान आदि मौजूद रही।

## आठ अक्टूबर को होगी जिला पंचायत की बैठक

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पंचायत की बैठक 08 अक्टूबर 2025 को पूर्वाहन 11:25 बजे जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत की जाएगी। उन्होंने सदस्यों से निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत की बैठक में किसी भी निर्वाचित सदस्य एवं पदेन सदस्य का प्रतिनिधि किसी भी दशा में भाग लेने के लिए मान्य नहीं होगा।

## मैथिल ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक का आयोजन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मैथिल ब्राह्मण छात्रावास मोहल्ला शिवपुरम में नौवत राम शर्मा की अध्यक्षता में मैथिल ब्राह्मण सभा की एक बैठक सम्पन्न हुई,जिसमे सर्व प्रथम माँ गायत्री और माँ दुर्गा देवी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा गायत्री मन्त्र का जाप कर बैठक का शुभारम्भ हुआ समिति के कोषाध्यक्ष डॉ प्रमोद शर्मा दुवारा आय व्यय का व्योरा पेश किया और संगठन पर प्रकाश डाला,इसके बाद मैथिल ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष इं.नवल किशोर शर्मा दुवारा संगठन के दुवारा पिछले 6 माह में समाज के उत्थान और संगठन के लिए किये गए कार्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया और संगठन को मजबूत करने के लिए सभी सजातीय बन्धुओं का आवाहन करते हुए एकता पर जोर दिया बैठक के विशिष्ट अतिथि हरीश मैथिल (प्रत्याशी दातागंज विधान सभा ) द्वारा समाज को सम्बोधित करते हुए समाज को एकजुट रहने के सम्बन्ध में बताते हुए 9 नवंबर को दातागंज में होने वाली विशाल रैली में आने के लिए आमंत्रित किया गया इसके अतिरिक्त सभा को श्री ब्रह्मदेव शर्मा सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर साहब, हेमचंद शर्मा , कृष्ण पाल शर्मा भूत पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर, मदनलाल शर्मा, अनुज शर्मा, सोमदत्त शर्मा इत्यादि लोगों ने बैठक को सम्बोधित किया.सभा में नौवत राम शर्मा, ब्रह्मदेव शर्मा मैनेजर (संरक्षक ), हेमचंद्र शर्मा (संरक्षक ), मदनपाल शर्मा (सरक्षक ), कृष्ण पाल शर्मा इंस्पेक्टर साहब, इंजी.नवल किशोर शर्मा (जिलाध्यक्ष ), डॉ प्रमोद शर्मा (कोषाध्यक्ष ), विशेष शर्मा (उपाध्यक्ष ),सचिव सोमदत्त शर्मा (अध्यापक ), राधेश्याम शर्मा (अध्यापक ), ओमवीर शर्मा (एडवोकेट ), अशोक शर्मा, वेदपाल शर्मा , विकेन्द्र शर्मा, डॉ विवेक शर्मा , अनिल कुमार शर्मा फ़ौजी (संगठन मंत्री ), सौरभ शर्मा, रविंद्र पाल शर्मा , जीतेन्द्र शर्मा सम्राट अशोक नगर,अनुज शर्मा,अजय कुमार शर्मा (सर्राफ ),अशोक कुमार शर्मा, विजय नगर, रमेश चंद्र शर्मा, मदन लाल शर्मा, हरीश शर्मा (नेताजी दातागंज ),अभिषेक आर्य, राजेश मैथिल दातागंज,भुवनेश मैथिल,उचित शर्मा दातागंजइत्यादि लोग भारी जनसमूह के रूप में उपस्थिति रहे।

## किसानों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता ने गुनौरा बाजितपुर से सिरसौली मथुरा बरेली सिक्स रोड बनाने के लिए भारी डंपरों का प्रयोग करके भारी क्षति पहुंचाई है। इससे नाराज ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करके मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना के नेतृत्व में ज्ञापन सिक्स लाइन के परियोजना निदेशक को सोपा मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना सिक्स रोड के परियोजना निदेशक से शाम चार बजे उनके कार्यालय में ज्ञापन देने गए उन्होंने आग्रह किया कि इस मार्ग पर ज्यादा क्षमता के डंपर चलकर लगभग 900 मीटर मार्ग को क्षतिग्रस्त सिक्स रोड के ठेकेदारों द्वारा कर दिया गया है इसका निर्माण इन्हीं से कराया जाए मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना और परियोजना निदेशक पी आईयू एमएस आईसे तीखी नोक झोंक मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने ज्ञापन में कहा है एक दर्जन से अधिक गांव रोज आते जाते हैं इस मार्ग से किसान अपनी मंडी की उपज खाद बीज निरंतर का सामान ले जाता है इस मार्ग को तोड़कर किसानों के साथ ना इंसाफी हुई है इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह ने कहा परियोजना निदेशक संज्ञान ले यह टिकैत का संगठन है अगर रोड पर नव निर्माण नहीं कराया गया तो फिर सिक्स रोड पर टेंट गडकर धरना देंगे तथा परियोजना निदेशक कार्यालय पर भी प्रदर्शन करेंगे मंडल के वरिष्ठ उपाध्याय चौधरी सौदान सिंह ने कहा इस रोड का निर्माण करने के लिए बहुत बड़े आंदोलन करने पड़े थे उसके बाद गुनौरा बाजितपुर से सिरसौली तक मार्ग को बनवाया गया था जिस तरह परियोजना निदेशक कह रहे हैं कि यह डंपर निर्माण कार्य में कार्य कर रहे हैं क्या इन्हें इतने ओवरलोडिंग लिंक रोड पर ले जाने की परमिशन है।ओवरलोडिंग की जिला प्रशासन को पत्र दिया गया है एआरटीओ से जांच कराई जाए क्या इन पर खनन करने का परमिशन है यह ठेकेदार मनमानी तरीके से जिस रोड पर चाहते हैं उसे रोड को तोड़ देते हैं सरकार के पास नीतियां हैं अनीति के साथ कार्य नहीं होने देंगे आज सिरसौली गांव के दर्जनों लोग जिनमें प्रमुखता से रमेश चंद्र फौजी पूरनलाल कुशवाहा भारत सिंह मौर्य मुंशी कुशवाहा पीतांबर कुशवाहा रामचरण सागर रामधुन पाली बिसौली ब्लॉक अध्यक्ष योगेश यादव नकी अहमद शिवदयाल सागर पूरनलाल पाली आदि जर्जनों लोग उपस्थित रहे।

मेला ककोड़ा की तैयारियों ने पकड़ा जोर

# डीएम ने अधिकारियों संग किया मेला क्षेत्र का दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। रोहिलखंड क्षेत्र के मिनी कुंभ कहलाए जाने वाले व जनपद के प्रसिद्ध मेला ककोड़ा की तैयारियों ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने मेले के नक्शे के माध्यम से अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि मेले को सकुशल रूप से संपन्न कराएं तथा सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेला ककोड़ा जनपद का प्रसिद्ध मेला है व मेले में बदायूं के आसपास के जनपदों के से भी लोग आकर धर्म लाभ प्राप्त करते हैं।

जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए जल प्रवाह की व्यवस्था के संबंध में समीपवर्ती जनपद के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने के लिए कहा। उन्होंने मेला क्षेत्र में तंबूओ की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था ,प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरो की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, फायर सेफ्टी व्यवस्था, वॉच टावर व शौचालय व्यवस्था आदि विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि मेला ककोड़ा का मुख्य पर्व कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान 05 नवंबर 2025 को होगा। 29 अक्टूबर 2025 को झंडी प्रातः 9:00 बजे ककोड़ा देवी मंदिर से मेला स्थल तक जाएगी। मेला स्थल गंगा तट पर हवन-पूजन के साथ ही मेले का शुभारंभ हो जाएगा। मेले का उद्घाटन 04 नवंबर 2025 को अपराह्न 1:00 किया जाएगा। मेला 29 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 12 नवंबर 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ब्लूमिंगडेल स्कूल विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में 'बुराई पर अच्छाई की जीत' का पर्व 'दशहरा' एवं गाँधी जी एवं शास्त्री जी की जयन्ती को अत्यन्त ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती, महापुरुष महात्मा गाँधी व शास्त्री जी की प्रतिमा के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। गाँधी व शास्त्री जयन्ती के अवसर पर जहाँ एक ओर विद्यार्थियों ने देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत देशभक्ति गीत, काव्य पाठ, एकांकी व भाषण आदि को प्रस्तुत किया गया। वहीं दूसरी ओर पावन पर्व दशहरा के अवसर पर भजन व लघुनाटिका आदि के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम राम व अन्य चरित्रों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अत्यंत ही महत्वपूर्ण व वर्तमान समाज की आवश्यकता, लुप्त होते रिश्तों की महत्ता को बताते हुए एक सच्चाई को उजागर करने का प्रयास किया। विद्यार्थियों ने अपनी अभिनय क्षमता से राम व अन्य पात्रों की भूमिका को जीवंत करते हुए उनके वनवास काल से राज्याभिषेक तक के समय का मंचन कर सभी को भाव विभोर कर दिया। इतना ही नहीं गाँधी जयन्ती के उपलक्ष्य में संचालित 'स्वछता अभियान' के अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक एवं अन्य विभिन्न माध्यमों से छात्रों को स्वच्छता की महत्ता व भावना के प्रति जागरुक किया। इन सभी कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस मौके पर स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने सबको दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए सदैव सही मार्ग का अनुगमन करने व बुराई का अंत करने का प्रण लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दशहरा मनाने के कारण व उसमें छिपी महत्वपूर्ण सीख से अवगत कराया साथ ही साथ उन्होंने गाँधी जी व शास्त्री जी के त्याग व बलिदान के विषय में भी अवगत कराया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर ने भी दशहरा की बधाई देते हुए गाँधी जी व शास्त्री जी का देश के लिए समर्पण व त्याग के विषय पर परिचर्चा करते हुए सभी को उनके मार्गदर्शन का अनुसरण करने कि लिए प्रेरित किया। इस सुअवसर पर स्कूल निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता व श्वेता मेंहदीरत्ता, उपप्रधानाचार्य परशुराम मिश्रा, एकेडमिक हेड सौरभ गांगुली, कॉर्डिनेटर अंजला सोनी, मृणाल सक्सेना, सुषमा वर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## दशहरा पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था हेतु मजिस्ट्रेट नामित

बदायूँ। जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 02 अक्टूबर को विजयदशमी (दशहरा) का त्योहार मनाया जायेगा तथा गाँधी ग्राउण्ड पर रावण दहन का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त वर्तमान में दुर्गा पूजा का पर्व भी मनाया जा रहा है। इन दोनों ही पर्व हिन्दू धर्म के महत्वपूर्ण पर्व होने के कारण विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राओं, रामलीलाओं तथा रावण दहन का आयोजन होता है।

इन आयोजनों पर बड़ी संख्या में व्यक्ति भाग लेते हैं और आयोजन स्थलों व मार्गों पर काफी भीड़ एकत्रित हो जाती है। उन्होंने बताया कि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु जनपद के समस्त थानों व कोतवाली क्षेत्र के लिए 21 मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 09 अधिकारियों को आरक्षित मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। सभी नामित मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र की कानून व शांति व्यवस्था के लिए उत्तरदायी होंगे।उन्होंने निर्देशित किया है कि परंपरागत तरीके से विजय दशमी(दशहरा) पर्व मनाया जाए और कोई भी नई परम्परा न पड़ने दी जाए। उन्होंने अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं।

## युवक की पिटाई

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यूपी के मुरादाबाद से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां पर एक युवक को रास्ते में रोककर उसकी जमकर पिटाई की गई, इसके बाद उस पर पेट्रोल छिड़का और फिर आग लगाकर जिंदा जलाने की कोशिश की। इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग जमा हुए और बुरी तरह से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया। मामला मुरादाबाद के थाना मझोला इलाके का है। सेक्टर-13 में एक युवक को पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई है। युवक बुरी तरह से झुलस गया है। उसका नाम ऋतिक सिंह है, जो झांकी निर्माण का काम करता है। घटना के बाद परिवार वाले तुरंत ऋतिक को जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। चिकित्सक टीम निरंतर उपचार में लगी है। उसकी बहन ने तीन व्यक्तियों पर लगाए हैं और मामला दर्ज कराया है।

## वीडियो कांफ्रेसिंग में प्राप्त हुआ मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन : हर्ष

**बबराला, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प 2047 के अंतर्गत सोमवार को प्रदेश के सभी 762 नगर निकायों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोड़ा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बबराला नगर पंचायत के चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय सहित प्रदेश के 16 निकाय अध्यक्षों से सीधा संवाद किया। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने बताया कि बबराला नगर पंचायत के लिए यह गर्व का विषय है कि पूरे मंडल से चयनित होकर मुख्यमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने इस अवसर पर नगर में प्रतिवर्ष लगने वाले सृष्टि नववर्ष मेले की जानकारी मुख्यमंत्री को दी।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने नगर स्थित पुराने रोडवेज बस स्टैंड को नगर पंचायत में हस्तांतरित करने का सुझाव दिया। नगर पंचायत ने इस निष्प्रयोज्य बस स्टैंड को योग पार्क में परिवर्तित कर ओपन जिम की शुरुआत की है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री ने विशेष जोर दिया। चेयरमैन द्वारा प्रस्तुत कान्हा गौशाला में गोवंश के गोबर से लकड़ी और अन्य उत्पाद तैयार करने के प्रस्ताव की मुख्यमंत्री ने सराहना की। उन्होंने चेयरमैन को निर्देशित किया कि वे जिला प्रशासन से मिलकर ठोस सुझाव प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस संबंध में प्रशासन को पहले ही योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

## डीएम ने कंपोजिट विद्यालय जनेटा का निरीक्षण किया

**संभल (बहजोई), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के द्वारा विकासखंड बनिया खेड़ा के कंपोजिट विद्यालय जनेटा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में शौचालय का निर्माण करना सुनिश्चित करें एवं विद्यालय के जर्जर भवन को शीघ्र ही नीलाम करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत से एमडीएम का शेड बनवाना सुनिश्चित करें और उन्होंने कहा कि विद्यालय का मुख्य द्वार पीएम श्री विद्यालयों के द्वार के समान बनवाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालय की साफ सफाई एवं अध्यापकों को अनुशासन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देशित किया । जिलाधिकारी ने गांव के लोगों के साथ वार्ता करते हुए समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश अ2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए अधिक से अधिक सुझाव देने एवं लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी बनिया खेड़ा ज्योत्सना सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिशन शक्ति फ़ेज- 5.0 के अंतर्गत जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाए गए। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी श्री भगवान दास ने बताया कि विकासखंड कुंदरकी के ग्राम पंचायत जैतपुर पट्टी, विकासखंड मूढ़ापांडे के ग्राम पंचायत बुजपुर आशा, विकासखंड मुरादाबाद के मोरामुस्तकम के साथ ही विकास खंड भगतपुर टांडा और विकास खंड डिलारी में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं को उनके स्वास्थ्य की देखभाल के विभिन्न तरीकों के साथ-साथ साइबर अपराध, लैंगिक दुर्व्यवहार और सामाजिक कुरीतियों के संबंध में जागरूक किया गया। इसके साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के साथ-साथ कन्या सुमंगला योजना, मातृत्व लाभ योजना और महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों से सुरक्षा के लिए विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी प्रदान की गई।

# विद्या कुंज इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाई विजयादशमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बबराला। नगर के विद्या कुंज इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को विजयादशमी के अवसर पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा और माहौल भक्तिमय व उत्साहपूर्ण हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक कपिल गोयल, कार्तिक गोयल, रोटरी क्लब गंगा बबराला के अध्यक्ष अतुल गोयल, सचिव विजय गोयल तथा रोटरी सुरेश गुप्ता द्वारा प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी की प्रतिमा का तिलक एवं माल्यार्पण कर आरती से किया गया। इसके उपरांत प्रभु श्रीराम के स्वरूप में सजे छात्र नित्यम ने धनुष पर बाण चढ़ाकर रावण का वध किया। रावण के पुतले के दहन होते ही पूरा विद्यालय प्रांगण जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और बच्चों के चेहरे पर उत्साह देखते ही बन रहा था। विद्यालय के बच्चों ने धार्मिक किरदारों को जीवंत कर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। नित्यम ने श्रीराम, युगल ने लक्ष्मण, राधिका ने माता सीता और अर्णव ने हनुमान जी की भूमिका निभाई। इनका रूप दर्शकों के लिए अत्यंत मनोहारी व प्रेरणादायक रहा। दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावक और अतिथि बच्चों की प्रस्तुतियों को देख भावविभोर हो उठे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रावण दहन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश है। उन्होंने प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, साहस और मर्यादा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर रोटरी डॉ. प्रदीप रघुवंशी, रोटरी अंकित गुप्ता सहित विद्यालय के सभी शिक्षकगण– सोनल शर्मा, वनिता अग्रवाल, मीनाक्षी मिनोचा, वर्तिका, अंशु, कुमकुम, श्वेता गुप्ता, रुचि, रीता, मीनल, मीनाक्षी यादव, खदीजा, नव्या, नाज, रितुपर्णा, अंजलि, अमित, विशाल, मोहित आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट अभिनय के लिए सराहा और विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

# सम्भल के बासमती चावल की लंबाई और सुगंध ने विदेशी मेहमानों को प्रभावित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन 25 सितंबर से 29 सितंबर तक किया गया। अवनीश कुमार सिंह, निरीक्षक, कृषि एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा वताया गया कि इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में जनपद सम्भल के कृषि उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया। उत्तर प्रदेश कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात विभाग की ओर से कृषि आधारित निर्यात योग्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगी। इस प्रदर्शनी में विभाग की ओर से पूरे प्रदेश से सात निर्यातकों को अपनी स्टॉल लगाने का स्थान मिला। जिसमें जनपद सम्भल की निर्यातक फर्म दौलत राइस, बहजोई की ओर से जनपद के चावल का प्रदर्शन किया गया। सम्भल के चावलों की खुशबू ने देश-विदेश के खरीदारों को आकर्षित किया। प्रदर्शित बासमती चावल की लंबाई और सुगंध ने विदेशी मेहमानों को खासा प्रभावित किया। सम्भल का चावल अब राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है तथा सरकार निर्यातकों को प्रोत्साहन देकर किसानों को लाभ दिलाने का प्रयास कर रही है।

इस प्रदर्शनी में कई विदेशी कंपनियों ने दौलत ग्रुप के चावलों में गहरी रुचि दिखाई। खास तौर पर हांगकांग स्थित निदेशक ने कंपनी से छह कंटेनर लगभग 150 टन स्टीम बासमती और सोना मसूरी चावल खरीदने का ऑर्डर अंतिम रूप से साइन किया। निदेशक शिवम वार्ष्णेय ने बताया कि कंपनी ने इस वर्ष मई में सऊदी फूड शो (रियाध) में भी भाग लिया था, जहाँ से उन्हें यमन और जेद्दा के लिए ऑर्डर प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि जेद्दा सऊदी अरब की बिज़नेस कैपिटल है और मक्का-मदीना से मात्र 80 किलोमीटर दूर होने के कारण हज यात्रियों का मुख्य प्रवेश द्वार भी है। उन्होंने कहा, अगले महीने से क्थफ्द्यथप् क्न्धफ्क के चावल मक्का-मदीना में भी परोसे जाएंगे।

# मिशन शक्ति के तहत निकाली गई शक्ति रैली, डीएम व सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में मिशन शक्ति के तहत सोमवार को शक्ति रैली निकाली गई।रैली को डीएम व सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विकास भवन से अम्बेडकर चौराहा तक महिला सशक्तिकरण,महिला स्वावलंबन, महिला जागरूकता एवं महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित एक भव्य रैली का आयोजन किया गया।इस रैली को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली में महिलाओं ने हाथों में जागरूकता से जुड़े स्लोगन और पोस्टर लेकर समाज को सका रात्मक संदेश देने का कार्य किया।रैली का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा समाज में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक सशक्त करना रहा।

रैली में महिला कल्याण विभाग,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग,महिला पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचा रियों ने सहभागिता की।सभी विभागों ने मिल कर यह संदेश दिया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है,बल्कि उनके सामाजिक अधिकारों के प्रति भी जागरू क किया जा रहा है।मुख्य विकास अधिकारी

अंकिता जैन ने स्वयं सहायता समूहों की महि लाओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी रैलियों से समाज में सकारात्मक परि वर्तन संभव है।कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्वयं सहायता समूह की दीदीयों ने सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए ''मिशन शक्ति यात्रा'' निका ली गई।इस अवसर पर मिशन शक्ति 5.0 यात्रा की अगुवाई कर रहीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने यात्रा में भाग लेने वाली महिलाओं को सम्बोधित करते हुए आह्वाहन किया कि महि लाएं सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए बढ़चढ़ कर सरकारी योजनाओं में हिस्सा लें, उन्हें इसके लिए किसी संसाधन की कमी नहीं होने दी जायेगी।जनपद स्तरीय शक्ति यात्रा में महिला थाना प्रभारी,पुलिस महिला आरक्षी एवं स्वयं सहायता समूह की रानी मिश्रा,ऊषा तिवारी आदि सैकड़ों की संख्या में दीदीयों ने एवं बाल विकास तथा पुष्टाहार विभाग की नवचयनित मुख्य सेविकाओं ने भी भाग लिया।

# बीजेपी विधायक के समर्थकों ने पूर्व सांसद के समर्थकों के गाड़ी पर किया हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोंड़ा । करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में रविवार की रात्रि में पूर्व सांसद बृज भूषण सिंह के सम र्थक व बीजेपी नेता राहुल सिंह ने करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी विधायक अजय सिंह पर गम्भीर आरोप लगाया है, कहा कि उनके बड़े भाई अपने कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ बकसैला दुर्गा पूजा कार्यक्रम से घर वापस आ रहे थे,तभी बेलसर मार्ग पर लीला शाह नामक स्कूल के समीप देर रात में करनैल गंज के बीजेपी विधायक अपने समर्थकों के सा थ पहुँचकर हमला बोल दिया और गाड़ी में तोड़ फोड़ की गई।विधायक के समर्थकों ने गाड़ी के आगे बेड़ा करके अपनी गाड़ी लगाकर गाड़ी पर हमलावर हो गए।विधायक के समर्थकों ने आगे स्कॉर्पियो पर हमला किया और बड़े भईया को बंदूक के कुन्दे से मारा गया है।पूर्व विधायक स्व र्गीयःलल्ला भैया ने इनको प्रमुख बनाया,उन्हीं के बागी बन गये।पूर्व सांसद बृज शरण सिंह ने इन्हें विधायक की चीजें व्यवस्थित कराई।उन्ही के खिलाफ चीजें होने लगी।उन्होंने कहा कि व ह सुबह सांसद बृजभूषण से मिलकर आये हैं। और आगे बीजेपी शीर्ष नेतृत्व से बात करेंगे।इस मामले में उन्होंने न्याय की मांग की।कहा कि एसपी साहब से पूरी बात हुई है।उन्होंने न्याय का भरोसा दिलाया है।मुख्यमंत्री योगी से मिलने के लिये कार्यालय से समय मांगा था। सीएम योगी से मिलकर अपनी बात रखेंगे। अगर न्याय नहीं मिला तो वह धरने पर बैठेंगे कहां यह हमला हमारे ऊपर कोई पहली बार नहीं हुआ है,इससे पहले भी हमला हो चुका है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है,हमारे समर्थकों पर फर्जी मुकदमे लिखा जा रहे हैं।

# मिशन शक्ति:आईजी ने शोहदों व मनचलों को सबक सिखाने के लिए चलाया अभियान

**महिला सुरक्षा के लिए योगी सरकार का बड़ा कदम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंड़ा । उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार प्रदेश भर में चलाये जा रहें मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-5.0 के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परि क्षेत्र अमित पाठक के नेतृत्व में कोतवाली नगर एंटी स्क्वॉड टीम के द्वारा एलबीएस चौराहा लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज व अन्य स्था नों पर शोहदों और मनचलों के विरुद्व विशेष अभियान चलाया गया।पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा संदिग्धों से पूछताछ कर नाम,पता व चौरा हों पर खड़े रहने का कारण पूछा गया।इसके साथ ही परिक्षेत्र स्तर पर महिलाओं और बालि काओं की सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलम्बन सुनिश्चित करने हेतु परिक्षेत्र के समस्त थानों पर वि विध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।पुलिस महानिरीक्षक द्वारा कोतवाली नग र एंटी रोमियो स्क्वॉड टीम को स्कू लों, कॉलेजों, बैंकों व सार्वजनिक स्थलों पर शोहदों, मनचलों के विरुद्व विशेष अभियान जारी रखने के निर्दे श दिये गये व छात्राओं,महिलाओं व बालिका ओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नम्ब रों 112,1090, 181,102, 108, 1098,1076 1930, व शासन की कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र तथा कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने व साथ ही पम्पलेट्स वितरित कर सुरक्षा संबंधी सुझाव व जागरूकता संदेश देने हेतु निर्देशित किया गया।

# एसपी के आदेश के बीस दिन बाद भी सिपाही की रवानगी न करने के पीछे सजातीय कनेक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





**तीन साल से भी अधिक समय से मोतीगंज थाने की कहोबा चौकी पर तैनात है रंगबाज सिपाही**

**09 सितंबर को एसपी ने कौड़िया थाने के लिए किया था तबादला**

गोण्डा । स्थानांतरण के बाद भी जिले के मोतीगंज थाने की कहोबा चौकी पर तीन साल से अधिक समय से तैनात कांस्टेबल रमेश कुमार यादव की रवानगी बीस दिन बाद भी नहीं की गयी। इसके पीछे की वजह थाने के प्रभारी निरीक्षक द्वारा दशहरा पर्व बताया जा रहा है, जबकि सूत्र बताते हैं कि सजातीय आरक्षी को इंस्पेक्टर अरविंद यादव अभी यहां से जाने नहीं देना चाहते हैं। यही वजह है कि वह दशहरा पर्व का हवाला देकर रवानगी नहीं कर रहे हैं।बताते चलें कि जिले के ईमानदार पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा विभिन्न थानों व कोतवाली में तैनात 42 आरक्षियों एवं मुख्य आरक्षियों का तबादला 09 सितंबर को अलग-अलग थानों में किया गया था। गश्ती जारी होने के बाद कुछ पुलिसकर्मी तो रवानगी कराकर अपने नवीन तैनाती स्थल पर पहुंच गए, लेकिन वर्षों से एक ही थाने पर तैनात तमाम पुलिसकर्मियों का मोह नहीं छूट रहा है और वह तबादला रोकवाने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं। उनकी इस मंशा में संबंधित थाने के प्रभारी निरीक्षक भी शामिल बताए जाते हैं। विदित हो कि थानों व चौकियों में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और कामकाज में पारदर्शिता के मकसद से तबादला नीति बनाई गयी है, जिसके तहत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने थानों व चौकियों पर लंबे समय से जमे आरक्षियों एवं मुख्य आरक्षियों का स्थानांतरण विभिन्न थानों के लिए किया था। एसपी के आदेश को 20 दिन हो गए लेकिन अधिकांश पुलिसकर्मी अपने पुराने तैनाती स्थल पर ही अंगद की तरह पांव जमाए हुए हैं।सूत्रों का कहना है कि मोतीगंज थाने की कहोबा चौकी पर तीन साल से अधिक समय से तैनात आरक्षी रमेश कुमार यादव द्वारा क्षेत्र में गैरकानूनी कार्यों की अनदेखी करने समेत अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायतें भी की जा चुकी हैं। उक्त आरक्षी पर क्षेत्र में अवैध खनन, पेड़ों की अवैध कटान, अवैध कच्ची शराब का निर्माण एवं बिक्री में संलिप्तता के आरोप हैं। सूत्र बताते हैं कि इसके बाद भी मोतीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव उसकी रवानगी नहीं कर रहे हैं। क्षेत्र के तमाम लोगों का आरोप है कि वह सजातीय होने के कारण उसका बचाव कर रहे हैं। इससे क्षेत्र के लोगों द्वारा उन पर भी उंगलियां उठाई जा रही हैं। इस संबंध में जब मोतीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव से बात की गयी तो उन्होंने रवानगी न करने के पीछे दशहरा पर्व बताया। ऐसे में सवाल यह उठता है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा 09 सितंबर को स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था, जिसे 20 दिन हो गए, जबकि नवरात्रि की शुरूआत एक सप्ताह पूर्व हुई है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि थाना प्रभारी निरीक्षक की मंशा सजातीय सिपाही को मोतीगंज थाने पर ही रोकने की है।क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि दशहरा बाद रवानगी नहीं की गयी तो बड़ी संख्या में लोग आईजी अमित पाठक व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से मिलकर सिपाही द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे कारनामों से अवगत कराते हुए निलंबित किए जाने की मांग की जाएगी।

# नानपारा के शायर और साहित्यकारों ने गोंडा की गोष्ठी में बिखेरा जादू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। प्रख्यात साहित्यकार, कवि एवं प्रो.फ़ेसर डॉ. सूर्यपाल सिंह के आवास पर आयोजित साहित्यिक विमर्श एवं काव्य गोष्ठी में नानपारा से पधारे साहित्यकारा हुस्न तबस्सुम निहां, शायर रोशन ज़मीर और शायर नवाज़ बहराइची ने अपनी रचनाओं से समां बाँध दिया। गोष्ठी की शुरुआत समकालीन साहित्यिक मुद्दों पर गहन चर्चा से हुई। इसके बाद कवियों ने अपने काव्य-पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रोशन ज़मीर ने सुनायाः वो ज़ालिम कैसे समझेगा हमारे प्यार की भाषा। नवाज़ बहराइची ने गुनगुनायाः देखो आई बहार, पड़े मन मा फुहार। नज़ीर गोंडवी और कवि घनश्याम अवस्थी ने अपनी कविताओं से जनभावनाओं को स्वर दिया। मेज़बान डॉ. सूर्यपाल सिंह ने भी अपनी सशक्त रचना जलाया किसने यहां यह चराग़ पता तो करो प्रस्तुत की। इसके अलावा कवि अजय गोंडवी और हुस्न तबस्सुम निहां सहित अन्य कवियों ने भी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। समापन पर डॉ. सूर्यपाल सिंह ने अतिथि कवियों का सम्मान करते हुए अपनी रचनाएँ भेंट कीं। यह आयोजन न केवल कवि-शायरों के लिए एक साझा मंच बना बल्कि नानपारा के साहित्यकारों की रचनात्मक ऊर्जा को गोंडा की धरती पर विशेष पहचान भी दिला गया।

# मिशन शक्ति के तहत थानाप्रभारी ने महिलाओं वं बालिकाओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । शासन व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अप राधों जैसे-छेड़छाड़,शोषण,दहेज उत्पीड़न,बाल अपराध,एसिड अटैक इत्यादि की रोकथाम के संबंध में प्रेरित कर जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए तरबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक कल्पना श्रीवास्तव मय मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम के द्वारा थाना क्षे त्र में स्थित राम सुफल पांडेय शिक्षा निकेतन बे लसर थाना तरबगंज में अधिकारी,कर्मचारी से समन्वय स्थापित कर महिलाओं एवं बालिका ओं से संवाद स्थापित कर उनको मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान 5.0 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा महि लाओं,बच्चियों को प्रत्येक थाने पर स्थापित कि ए जा रहे '' मिशन शक्ति केंद्र '' के बारे में बता या गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे-यूपी आपातकालीन सेवा-112, वीमेन पॉवर लाइन 1090 ,महिला हेल्पलाइन 181,चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102,एंबुलेंस सेवा 108, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 इत्यादि से अवगत कराया गया तथा पैम्पलेट्स वितरित किए गये, और शासन द्वारा चलाई जा रही अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के पश्चात चौकी रगडगंज थाना तरबगंज गोण्डा पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेलसर के शिक्षकगण व छात्र छात्राओं को बुलाकर सम्मानपूर्वक बिठाया गया व जलपान कराया गया तथा मिशन शक्ति फैज 5 कार्यक्रम के बारे में अवगत कराते हुए उनकी समस्याओं के विषय में वार्ता किया गया तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि कुछ दिन पूर्व तालाब में गौवंश डूब रहा था मौके पर काफी महिला,पुरुष बच्चें व बच्चे मौजूद थे किन्तु किसी के द्वारा गौवंश को बचाने का प्रयास न किये जाने पर वहां पर मौजूद विद्यालय की छात्रा अनुसुईया यादव पुत्री बजरंगी यादव निवासी ग्राम माँ बाराही ग्राम सभा बरौली डीहा थाना उमरीबेगमगंज हाल पता कस्तूरबा छात्रावास बेलसर थाना तरबगंज द्वारा अपने साहस व निडरता का परिचय देते हुए तालाब में कूद गयी और तालाब में तैरकर गौवंश की जान बयायी थी।इस पर चौकी रगड़गंज पर मौजूद शिक्षक गण व सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा छात्रा की खूब सराहना की गयी व प्रभारी निरीक्षक थाना तरबगंज गोण्डा द्वारा छात्रा के साहसिक कार्य पर उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष के निधन से व्यापारी वर्ग में शोक की लहर

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, बहराइच के अध्यक्ष गौरी शंकर भनिराम के आकस्मिक निधन की खबर ने व्यापारी समुदाय और समाज के सभी वर्गों में गहरा शोक उत्पन्न कर दिया है। उनके निधन से न केवल व्यापारिक जगत बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी अपूरणीय क्षति हुई है।इसी क्रम में, नानपारा उद्योग व्यापार मंडल के वर्तमान अध्यक्ष अब्दुल मुशीर सेठ ने अपने कार्यालय पर शोक संवेदना कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा किः श्री गौरी शंकर बाबू जी एक समर्पित और दूरदर्शी नेता थे। उनके कार्यकाल में उन्होंने व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए अथक प्रयास किए और व्यापारिक जगत के उत्थान हेतु कई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न किए। उनकी मिलनसार और सहयोगी प्रवृत्ति ने हमेशा व्यापारियों को एकजुट किया। उनका निधन व्यापार मंडल और पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। नानपारा के व्यापारी ज़ीशान हाशमी ने कहा, यह बताते हुए गहरा दुख हो रहा है कि हमारे प्रिय अध्यक्ष स्वर्गीय गौरी शंकर बाबू अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके योगदान और समर्पण को हम हमेशा याद रखेंगे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति दें।व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी, सदस्य और शहर के व्यापारी इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को दुःख सहने की शक्ति की प्रार्थना कर रहे हैं। शोक संवेदना कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री मो. आदिल, उपाध्यक्ष तेज प्रकाश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजेश शाह, सुरेश शाह, अजित अग्रवाल, प्रदीप आयरन, जफर हुसैन, बिल्लू, आनंद अग्रवाल, एहतिशाम, सोनू हैंडलूम, सलमान, बबलू, कासिम बेग, मोहसिम, सुरेश गोयल, चंदा खान सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

## काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आरएसएस भवन के मुकदमे में लिखित कथन की कॉपी प्रदान करने का सख्त आदेश

वाराणसी । वाराणसी में सिविल जज जूनियर डिवीजन (शहर) समाली मित्तल के न्यायालय ने सोमवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आरएसएस भवन के मुकदमे की सुनवाई करते हुए वादी मुकदमा को लिखित कथन की कॉपी प्रदान करने का सख्त आदेश दिया।

वादी प्रमील पाण्डेय और उनके अधिवक्ता गिरीश चंद्र उपाध्याय एवं मुकेश कुमार मिश्रा ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आरएसएस भवन मुकदमा संख्या 1749/2023 के संदर्भ में सिविल जज जूनियर डिवीजन शहर समाली मित्तल के न्यायालय में आज सुनवाई थी। न्यायालय ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय को पूर्व में 27 अगस्त 2025 में अपने लिखित कथन की प्रतिलिपि वादी प्रमील पाण्डेय को या उनके अधिवक्ता गिरीश चंद्र उपाध्याय एवं मुकेश कुमार मिश्रा को प्रदान करने का आदेश दिया था। परंतु काशी हिंदू विश्वविद्यालय की तरफ से अनावश्यक विलम्ब करने के उद्देश्य से वादी या उनके अधिवक्ता को लिखित कथन की कॉपी नहीं प्रदान की गई। जिसके कारण न्यायालय उक्त मुकदमे की सुनवाई 29 सितम्बर को करते हुए वादी को लिखित कथन की कॉपी प्रदान करने का सख्त आदेश दिया है।

वादी ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आरएसएस भवन था। जिसके लिए उन्होंने कानूनी लड़ाई लड़नी शुरू की। कानून के जानकारों से सलाह लेकर इस लड़ाई को लड़ते हुए वह पीछे हटने वाले नहीं है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अर्थात आरएसएस के भवन के लिए न्यायालय से ही जीत की राह तय होगी।

# कक्षा 10 की छात्रा संध्या वर्मा बनीं एक दिन की प्रधानाचार्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। राजकीय इंटर कॉलेज लखैयाकलां में सोमवार को कक्षा 10 की छात्रा संध्या वर्मा को एक दिन की प्रधानाचार्या बनने का अवसर दिया गया। यह पहल विद्यालय प्रशासन द्वारा महिला सशक्तीकरण और छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में उठाया गया एक सराहनीय कदम है।प्रधानाचार्या का पदभार संभालने के बाद संध्या वर्मा ने विद्यालय की कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा-कक्षों का दौरा करते हुए पठन-पाठन पर विशेष जोर दिया और छात्र-छात्राओं से कहा कि शिक्षा ही वास्तविक शक्ति है, जो जीवन को सही दिशा देती है। संध्या ने अनुशासन को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यालय में समयपालन और नियमों के पालन पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य चाहे जितना बड़ा हो, मेहनत और अनुशासन से कोई भी उसे हासिल कर सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि बालिकाओं को नेतृत्व की भूमिका देना समय की आवश्यकता है। जब छात्राओं को अवसर और जिम्मेदारी दी जाती है तो उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना और मजबूत होती है। संध्या वर्मा ने आज जिस प्रकार जिम्मेदारी निभाई है, वह अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में प्रो.फ़ेसर अरुण कुमार, आनन्द जी राव, फूलचंद जी, राजितराम सिंह, शुभम चतुर्वेदी, विजय बहादुर यादव, जगत कुमार सहित विद्यालय की रसोईया राजकुमारी व सुधा देवी मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक उपयोगी कदम बताया।

# रिआन इंटरनेशनल स्कूल में डांडिया नाइट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मम्मियों और शिक्षिकाओं ने बिखेरे रंग**

नानपारा, बहराइच। मिहींपुरवा रोड स्थित रिआन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित डांडिया नाइट कार्यक्रम धूमधाम और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय की प्रिंसिपल सीमाब जहां के नेतृत्व में हुए इस आयोजन ने सभी का मन मोह लिया। शाम से शुरू हुए इस सांस्कृतिक उत्सव में बच्चों की माताओं और शिक्षिकाओं ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर पूरे माहौल को जीवंत कर दिया। ढोल-नगाड़ों और संगीत की थाप पर प्रतिभागियों ने झूम-झूमकर नृत्य किया। डांडिया नृत्य के अलावा कार्यक्रम में कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी कराई गईं, जिनमें पेपर डांस, वर्ड बिल्डिंग, समस्राज और स्पिन एंड फ्रीज़ जैसे खेलों ने सभी का खूब मनोरंजन किया। पेपर डांस प्रतियोगिता में बच्चों की मम्मियां दीपिका और प्रिया विजेता बनीं। इस आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाएं इरम निज़ामी, नौशी खान, सबीहा बेगम, प्रीति शर्मा, रईसा, मधु, कहकशां, नैमिश, इफ़्फ़त और रीना ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर स्कूल के एमडी डॉ. साबिर हुसैन ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि आपसी रिश्तों में आत्मीयता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। डांडिया नाइट के इस आयोजन ने विद्यालय परिवार के साथ-साथ उपस्थित सभी लोगों के लिए अविस्मरणीय यादें छोड़ दीं।

## मध्य प्रदेश से आकर इटावा में गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन शातिर तस्करों को कोतवाली पुलिस ने रविवार देर रात को गिरफ्तार किया है। तीनों तस्कर मध्य प्रदेश के रतलाम जनपद के रहने वाले हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को बताया कि थाना कोतवाली पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान जीआरपी पुलिस की सूचना पर बाईस ख्वाजा रोड से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद गुफरान पुत्र तुफैल निवासी 60 राजा मोहल्ला जिला गोण्डा जिन्हें आज दिनांक 26.09.2025 से मो0 गुफरान MOHD GUFRAAN पुत्र मो0 तुफैल MOHD TUFAIL के नाम से जाना पहचाना जाए।

मो0 गुफरान पुत्र मो0 तुफैल
पता 60 राजा मोहल्ला
थाना कोतवाली नगर गोण्डा।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत नगर पालिका में महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। कवयित्री एवं शिक्षिका डॉ सुगंध अग्रवाल द्वारा सम्पादित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पुस्तक का हुआ लोकार्पण मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फ़ेस 5 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सभागार पूरनपुर पीलीभीत मे मिशन शक्ति कार्यक्रम एवं महिला सम्मान समारोह ब्लॉक प्रमुख पूरनपुर मानसी सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ कार्यक्रम मे पधारे मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया माँ सरस्वती वंदना के बाद डॉ सुगंध अग्रवाल एवं बेटी वैदेही द्वारा महिषासुर मर्दनी नृत्य नाटिका प्रस्तुति की गयी जो कार्यक्रम मे आकर्षक का केंद्र रही विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर सारगर्भित उदबोधन से उपस्थिति समुदाय ने तालियों से प्रशंसा की मुख्य वक्ता राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ राजेश शर्मा ने काव्य शैली मे नारी सम्मान नारी सुरक्षा नारी स्वावल्मबन को विस्तार से बताया उपस्थिति कवियत्री एवं कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं से कार्यक्रम मे चार चाँद लगाए डॉ सुगंध अग्रवाल एवं डॉ राजेश कुमार द्वारा संपादित बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पुस्तक का उपस्थिति मंच वा बिटिया वैदेही दके करकमलों द्वारालोकार्पण किया गया डॉ सुगंध अग्रवाल ने पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुति करते हुए कहा वर्तमान मे इसकी अति आवश्यकता है साहित्य शिक्षा कला पर्यावरण के द्वारा भी महिलाओ को आगे बढ़ाये जाने के कई विकल्प है उन्होंने अतिथियों को पौधा भेट किया स्वयं सहायता समूह की एक दर्जन महिलाओ को स्वावल्मबन हेतु सम्मानित किया गया डॉक्टर समाज सेवी कवयित्री शिक्षिका सहित दो दर्जन महिलाओ को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया जलपान और राष्ट्र गान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ आये हुए अतिथियो में कल्पना गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी संगीता सिंघल, अशोक खंडेलवाल,वरिष्ठ कवि पंडित रामावतार शर्मा, राजेश राठौर,वरिष्ठ शिक्षिका अनीता तिवारी,संजीता सिंह,रंजना तोमर ,प्रियंका चतुर्वेदी आदि महिलाओ के प्रति डॉ सुगंध अग्रवाल द्वारा आभार नस्कार वंदना की गयी।संचालन डॉ सुगंध वा सलिल आजाद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया हैं। कार्यक्रम में कवयित्री सुगन्ध अग्रवाल की पुस्तक का विमोचन भी किया गया हैं।

# शारदीय नवरात्र पर सैनिक स्कूल कौहार को सांसद ने भेंट की एक बस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । कंग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने सोमवार को कौहार स्थित सैनिक स्कूल को एक नई बस भेंट करते हुये बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सैनिक स्कूल का हर छात्र देश की सुरक्षा और गौरव में अपार योगदान देगा। कंग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि यह स्कूल देश के लिये वीर सैनिक और जिम्मेदार अधिकारी तैयार करता है और मेरे इस छोटे पहल से विद्यार्थियों की सुविधा बढ़ेगी। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बच्चों को भरोसा दिलाया कि वह अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे देश का मान बढ़ायेंगे तब अमेठी का जन जन भी अपने को गौरवान्वित महसूस करेगा। शारदीय नवरात्र पर सांसद ने क्षेत्र के कई धार्मिक स्थलों में आस्था और श्रद्धा के साथ दर्शन किया। उन्होंने मां दुर्गा के चरणों में मत्था टेककर अमेठी की खुशहाली, समाज में शांति और कल्याण की कामना की।आज वह दुर्गन धाम भवानी एवं मुसाफिरखाना दादरा स्थित मां हिंगलाज मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की समृद्धि,सुरक्षा और सम्मान के लिये पूजा अर्चन एवं प्रार्थना किया।सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि नवरात्र का पर्व शक्ति, साधना और विश्वास का प्रतीक है। मां भगवती की कृपा से ही समाज में न्याय, प्रेम और सद्भावना बनी रहती है। यह पर्व हमें यह याद दिलाता है कि कठिनाइयों के बावजूद हमें अपने लक्ष्य और समाज के कल्याण के लिये निरंतर प्रयास करते रहना चाहिये। इस मौके पर शाहगढ के ब्लाक प्रमुख सदाशिव यादव,नरेंद्र मिश्र,अनिल सिंह, राम लखन शुक्ला, लेफ्टिनेंट कर्नल सुधीर जाखड़, लेफ्टिनेंट कर्नल सतवीर सिंह प्रधानाचार्य,राजेश्वर तिवारी,अनुपम पाण्डेय,अवनीश मिश्रा, शुभम सिंह सहित अन्य तमाम कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर की छात्रा बनी एक दिन की एसडीएम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर की कक्षा 5 की छात्रा अलाफिया को एक दिन के लिए उप जिला अधिकारी एसडीएम पूरनपुर बनाया गया। यह पहल मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं में अनुभव प्रदान करना है। बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं में अनुभव प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत,अलाफिया जैसी छात्राओं को विभिन्न प्रशासनिक भूमिकाओं में रखा जाता है, जहां वे अपने निर्णय लेने और नेतृत्व कौशल का विकास कर सकती हैं।कक्षा 5 की छात्रा अलाफिया ने एक दिन के लिए एसडीएम के रूप में काम किया और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों को संभाला। इस अनुभव से अलाफिया को प्रशासनिक कार्यों की जानकारी मिली और उनके नेतृत्व कौशल में सुधार हुआ।इस तरह की पहल से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होती हैं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह,तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता,नायब तहसीलदार ऋषि कुमार दीक्षित, नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी सहित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुगंध अग्रवाल विद्यालय के बच्चे तहसील स्टाफ उपस्थित रहा है।

## विकास के नाम पर प्रधान ने किया 40 लाख रुपये से अधिक का गबन मामला पहुंचा डीएम दरबार

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत मल्लपुर खजुरिया में विकास कार्यों के नाम पर 40 लाख से अधिक का फर्जीवाड़ा का आरोप लगाया गया है। और कहा बीते एक दशक वर्ष 2015 से अब तक ग्राम प्रधान शिव कुमार पत्नी नन्दरानी ग्राम प्रधान पद पर पति-पत्नी दोनो ही काबिज चले आ रहे हैं। दिनांक 23.07.2024 को क्षेत्र पंचायत सदस्य महेश कुशवाहा, शिवम कुमार, मेवाराम, दिनेश कुमार, बृज बिहारी आदि ग्रामवासियों ने मय शपथपत्रों ग्राम निधि व उसके प्रशासनिक व्यय के सभी साक्ष्य जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को ग्राम पंचायत की निष्पक्ष जांच करने के सम्बन्ध में दिये थे बाद में जब जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह का स्थानान्तरण हो गया और दिये गये शिकायती पत्र पर जांच के आदेश भी दिए गए थे एक वर्ष बीत जाने के बाद जिलाधिकारी का स्थानान्तरण होने व तत्कालीन के आदेशों को जिलाधिकारी द्वारा जांच में नामित जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्रा पीलीभीत व लोक निर्माण विभाग गौतम पीलीभीत ने ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी से मोटी रकम सुविधा शुल्क लेकर जांच आख्या खाना पूरी कर गलत लगा दी जिससे क्षुब्ध होकर प्रार्थीगण पुनः उक्त प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया ।

# स्मृति ईरानी ने मां अहोरवा भवानी मंदिर में किया दर्शन पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंची जहां पर उन्होंने सर्वप्रथम आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।भाजपा नेताओं द्वारा उनका काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।स्मृति ईरानी राजा साहब के गगनभेदी नारों से इलाका गूंज उठा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी सोमवार को लखनऊ से सड़क मार्ग से कस्बा इन्हौना पहुंची जहां पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद वह आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर पहुंचकर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य कई नेताओं के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दर्शन पूजन किया और क्षेत्र में अमन चैन खुशहाली की प्रार्थना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मां अहोरवा भवानी के चरणों में पुष्प, अक्षत, फल व मिष्ठान चढाकर माता जी की आरती उतारी। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कार्यकर्ताओं से कुशलक्षेम जाना।इस मौके पर मंदिर प्रबंधक राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला,सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, धर्मेश मिश्रा,भवानी दत्त दीक्षित, शरद शंकर मिश्रा,राकेश त्रिपाठी, विषुव मिश्रा, कौशलेंद्र सिंह,राहुल चौरसिया, राजेश पाण्डेय, आशीष मिश्रा, शिरीष गुप्ता,सत्य नारायण सिंह, गौरव श्रीवास्तव, पंकज अवस्थी,सुरेन्द्र सिंह,अनिल पाण्डेय, राम किशोर त्रिवेदी, राहुल पाठक, अरुण प्रताप सिंह, गीता सिंह सहित अन्य तमाम भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## भाई ने सोते समय पेट्रोल डालकर भाई भाभी को लगाई आग

अमेठी । थाना जायस क्षेत्र के नौगजी चौराहे के पास रविवार की रात एक खौफनाक वारदात ने सभी को दहला दिया। मामूली विवाद के बाद छोटे भाई ने गुस्से में आकर अपने ही बड़े भाई और उसकी पत्नी पर सोते समय पेट्रोल डालकर आग लगा दी।अचानक आग की लपटों से घर में चीख पुकार मच गई।परिजनों और पड़ोसियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और गम्भीर रूप से झुलसे दम्पत्ति को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना क्षेत्र के नौगजी चौराहा निवासी वीरु अपनी पत्नी के साथ कबाड़ का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था और इन दिनों उसके परिवार में उसके भाई से मामूली विवाद चल रहा था। रविवार की रात में उसके भाई ननकऊ ने अपने भाई और उसकी पत्नी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दिया जिससे वह दोनों लोग गम्भीर रुप से झुलस गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी ली और पुलिस ने मौके पर मौजूद आरोपी छोटे भाई को हिरासत में ले लिया है।



## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत वितरण की ट्राई साइकिले उपस्थित रहे एमएलसी ब्लॉक प्रमुख भाजपा जिला अध्यक्ष

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल वितरित की गईं। यह कार्यक्रम ड्मंड इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ था, जिसमें एमएलसी डॉक्टर सुधीर गुप्ता और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम में दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल दी गईं, जिससे उन्हें अपने दैनिक जीवन में मदद मिलेगी।मुख्य अतिथि एमएलसी डॉक्टर सुधीर गुप्ता और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे हैं।यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हुआ, जिसका उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की मदद करना है। कार्यक्रम भाजपा नेता गोकुल प्रसाद मौर्य, महादेव गायन,सतपाल वर्मा,जिला विकलांग कल्याण अधिकारी भी उपस्थित रहे हैं।

## नेशनल हईवे पर भीषण सड़क हादसाः बस-कार भिड़ंत में एक की मौत चार घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर सोमवार तड़के लगभग 4:30 पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हरसिंगपुर के पास मोड़ पर तेज रफ्तार बस ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्विफ्ट डिजार कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार अभिषेक यादव पुत्र कल्लू यादव निवासी कटनगरा, थाना काकोरी, लखनऊ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान सागर यादव निवासी नईमावाद बिजनौर, शिव यादव निवासी रहीमाबाद बिजनौर, सचिन निवासी रहीमाबाद बिजनौर और अजस सिंह यादव निवासी गोसाईगंज लखनऊ के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी घायलों को 108 एबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी भिजवाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अभिषेक यादव कार चला रहा था और सभी लोग पूर्णागिरि जा रहे थे। दुर्घटना की सूचना मृतक और घायलों के परिजनों को पुलिस ने दे दी है।

## दण्डेश्वर धाम से चोरी की गई दो सोलर बैट्री के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये चोर की निशानदेही पर दो अदद सोलर बैट्री बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभय सिंह पुत्र सन्तोष सिंह निवासी ग्राम कोछित थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब अठारह वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछताछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसने दण्डेश्वर धाम से सोलर पैनल की बैट्री चोरी कर मंदिर के पास नदी किनारे झाड़ियों में छुपा दिया था। पुलिस ने पकड़े गये युवक की निशानदेही पर चोरी की दो अदद सोलर बैट्री क्षतिग्रस्त अवस्था में बरामद हुई। इस सम्बंध में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# यूथ कांग्रेस के मुद्दे पर अधिकारियों ने लगाई मुहर, शुरू हुई जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कूरेभार विगत 25 सितंबर को जनहित मुद्दे को लेकर यूथ कांग्रेस द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर किए गए प्रदर्शन को ब्लॉक के संबंधित अधिकारियों ने संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। सोमवार को वीडियो श्रीकांत तिवारी के निर्देश पर सेक्रेटरी प्रियंका सिंह ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरथीपुर पहुंची, जहां उन्होंने यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मानस तिवारी के साथ ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुना और जल्द ही निस्तारण का आश्वासन दिया। बता दे की 25 सितंबर को यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मानस तिवारी के नेतृत्व में ब्लॉक मुख्यालय कूरेभार पर क्षेत्र के जर्जर सड़क, जल निकासी, राशन कार्ड में धांधली, बिजली सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। जिस पर अधिकारियों ने संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मानस तिवारी ने कहा कि एक हफ्ते में अधिकारियों की उक्त कार्रवाई जमीन पर दिखे न कि कागजों में खानापूर्ति हो। वहीं उन्होंने कहा कि प्रशासन की कार्यवाही अगर जमीन पर नहीं दिखी तो यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता स्थानीय ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय की ओर कूच करेंगे। वहीं अधिकारियों के गांव में पहुंचने से स्थानीय लोग अपनी समस्याओं को लेकर एकत्रित रहे।

# प्रधानमंत्री के 2047 विज़न को लेकर सीएम योगी ने किया संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 विज़न को साकार करने की दिशा में चल रही कवायद के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी नगर निकायों व पालिका परिषदों के अध्यक्षों और बोर्ड सदस्यों से वर्चुअल संवाद किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सुलतानपुर नगर पालिका परिषद को विशेष रूप से चयनित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल सहित बोर्ड के सभी सदस्य इस संवाद में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के विज़न की विस्तृत रूपरेखा रखते हुए कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने में स्थानीय निकायों की अहम भूमिका होगी। उन्होंने नगर पालिकाओं से अपील की कि वे अपने-अपने शहरों में बेहतर बुनियादी ढाँचा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्मार्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। सुलतानपुर को मिला सम्मान- नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सुलतानपुर को संवाद के लिए चुना जाना हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने सीधे संवाद कर नगर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और प्रधानमंत्री के 2047 विज़न को धरातल पर उतारने के लिए दिशा-निर्देश दिए। अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि ल्लसुलतानपुर की जनता का आशीर्वाद और मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन हमारे लिए प्रेरणा है। हम सभी बोर्ड सदस्य मिलकर शहर को स्वच्छ, आधुनिक और विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री के 2047 के विज़न को साकार करने में सुलतानपुर की अहम भूमिका होगी।ङ्ककार्यक्रम के अंत में नगर पालिका बोर्ड के सभी सदस्यों ने भी एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के सपने को साकार करने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।



## धनपाला स्कूल की छात्राओं ने मां दुर्गा की झांकी निकाली

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र सिंहपुर के कैथागांव स्थित धनपाला मेमोरियल स्कूल में सोमवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उददेश्य विद्यार्थियों में भारतीय परम्पराओं एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने ''मां दुर्गा'' के विभिन्न रूपों की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की जिनसे पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पारम्परिक डांडिया एवं गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।विशेष आकर्षण रहा धुनुची नृत्य (पारंपरिक बंगाली नृत्य), जिसमें बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों की खूब तालियां बटोरी।विद्यालय के प्रबंधक डॉ अविनाश मिश्रा ने इस अवसर पर बच्चों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, सांस्कृतिक जुड़ाव एवं सामूहिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य समेत शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## छात्रा भूमिका शर्मा बनी एक दिन की कोतवाली प्रभारी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कोतवाली जनपद पीलीभीत में मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत वीरांगना अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा कुमारी भूमिका शर्मा को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया, मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना परिसर आयी छात्राओं को पुलिस कार्यशैली के बारे मे अवगत कराते हुये छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर दिये गये।मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली में वीरांगना अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा कुमारी भूमिका शर्मा पुत्री नरेश कुमार शर्मा को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। भूमिका ने थाना परीक्षण परिसर का निरीक्षण कर अपराध नियंत्रण पीड़ितों की सहायता और शांति व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा थाने पर आए फरियादियों की जनसुनवाई की। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति टीम के द्वारा सभी छात्राओं को थाना की कार्यप्रणाली, पुलिस द्वारा किए जाने वाले कार्यों तथा अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को थाना भवन का अवलोकन कराया गया तथा उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव और कानून संबंधी बुनियादी जानकारियाँ प्रदान की गईं हैं।

## छात्रा को बनाया गया एक दिन का सीओ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती के छात्रों को कार्यालय पर बुलाकर भ्रमण कराया गया, पुलिस की कार्य प्रणाली के विषय में बताया गया, मिशन 5.0 तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं मैं आत्मविश्वास जगाने के उद्देश्य से पांचवी कक्षा की छात्रा मैज़ बी को एक दिन का पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर बनाया गया हैं। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रोहित मिश्रा,अंजू बाजपेई, इरम मंसूरी, इकरा हसन सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

## अधिवक्ता की मां के निधन पर हुई शोक सभा दी श्रद्धांजलि

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन में सोमवार को शोक का माहौल रहा जब अधिवक्ता मुरारी श्रीवास्तव की माता इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विराम लिया और दोपहर लगभग एक बजे शोक सभा आयोजित की। सभा में सभी अधिवक्ता एकत्रित हुए तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि स्वजनों की यह क्षति अपूरणीय है और पूरा अधिवक्ता परिवार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। शोक सभा में मौजूद अधिवक्ताओं ने मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को इस कठिन समय से गुजरने की शक्ति प्रदान करें।

## सम्पादकीय

# भारत में ग्रामीण शिक्षा

शिक्षा व्यापक दुनिया का द्वार है। शिक्षा हमें जीवन के प्रति बेहतर दृष्टिकोण प्रदान करती है तथा ग्रामीण भारत के बच्चों के लिए यह दरवाज़ा किस हद तक खोलने में सक्षम हुई है, इसके बिना ग्रामीण बुनियादी ढांचे का खुलासा अधूरा है। शिक्षा, जैसा कि हम सभी जानते हैं, बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा न केवल व्यावसायिक उद्देश्य के लिए बल्कि व्यक्तियों की मानसिक वृद्धि के लिए भी आवश्यक है। उचित शिक्षा के बिना, आज की आधुनिक दुनिया में जीवित रहना बहुत कठिन है। यह एक तथ्य है कि अधिकांश भारतीय लोग अभी भी गांवों में रहते हैं और इसलिए भारत में ग्रामीण शिक्षा का विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण लोगों के बीच शिक्षा के लिए सरकार कई प्रावधान प्रदान कर रही है। हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या ग्रामीण भारतीय शिक्षा की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए नामांकन और उपस्थिति सही पैरामीटर है तथा इस तथ्य पर विचार करना आवश्यक है कि संख्याओं की खोज में शिक्षा की गुणवत्ता को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। इन दिनों चिंता का मुख्य विषय नामांकन आंकड़े नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण भारत में दी गई शिक्षा की गुणवत्ता है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (एएसईआर) नामक सर्वेक्षण से पता चलता है कि स्कूलों में पढ़ने वाले ग्रामीण छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन पांचवीं कक्षा के आधे से अधिक छात्र द्वितीय श्रेणी की पाठ्यपुस्तक नहीं पढ़ सकते हैं और सरल गणित संबंधी समस्याओं को हल करने में असमर्थ हैं तथा सामान्य जागरूकता शून्य थी। और जोड़ने के लिए, अंग्रेजी तथा हिंदी दोनों भाषाओं में गणित का स्तर और भी कम हो रहा है जो स्पष्ट रूप से हमारी ग्रामीण शिक्षा का स्तर दर्शाता है। यद्यपि कई अन्य सर्वेक्षण सरकारी तथा गैर-सरकारी समूहों द्वारा भी किए जाते हैं, लेकिन परिणाम समान पाए गए। हालांकि सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समस्या यह है कि वे सही दिशा में नहीं हैं। ऐसे व्यवहार के कारण कई हैं। शिक्षकों की खराब उपस्थिति, बुनियादी ढांचे का अभाव तथा सरकारी शिक्षकों की रुचि ग्रामीण स्तर पर गरीब शिक्षा के कारणों में से एक है। शिक्षा और ग्रामीण भारत बाकी भारत की तुलना में शिक्षा के स्तर और शैक्षिक अवसरों में बहुत अंतर है। यह कहना गलत नहीं होगा कि ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक भी स्तर की शिक्षा से कम चिंतित हैं। यह ऐसा नहीं है कि हमारे शहरों और गांवों के बच्चों को अलग-अलग चीजें सिखाई जाती हैं। पाठ्यक्रम स्पष्ट रूप से एक ही मानक का होना चाहिए। लेकिन समस्या यह है कि भारत में औपचारिक शिक्षा की अवधारणा शुरू होने के समय से ही इन क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर नजरअंदाज कर दिया गया था। और यह लापरवाही अभी भी प्रचलित है और ग्रामीण भारत में शिक्षकों को कोई सुधार करने की चिंता नहीं होती। यह पहचानना बुद्धिमानी होगी कि विभिन्न संदर्भों ने अलग-अलग अंतर्निहित कौशल और क्षमताओं को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में अलग-अलग कौशल पर जोर दिया गया होगा। चूंकि उनका पालन-पोषण शहरी बच्चों से बहुत अलग है, इसलिए ग्रामीण और शहरी बच्चों की क्षमताओं की तुलना करना वास्तव में अनुचित होगा। मूलतः, मुद्दा यह है कि इन ग्रामीण बच्चों को एक अलग गुणवत्ता बेसलाइन से शुरुआत करनी होगी। न केवल छात्र और उनकी सामान्य क्षमताएं, बल्कि शैक्षिक वातावरण भी बहुत भिन्न होता है। अवसरों के संदर्भ में बहुत अंतर है; बुनियादी ढांचा तथा मानसिकता। कई ग्रामीण स्कूलों में कम मजबूत इमारतें हैं, मौसमी भिन्नताओं के साथ पहुंच में समस्याएं होती हैं और यहां तक कि यदि उनके पास अच्छे शिक्षक हों तो भी ज्ञान केंद्रों की एक श्रृंखला तक पहुंच कम होती है। ये समस्याएं ऐसी नहीं हैं जिन्हें हम नहीं जानते। हमारे ग्रामीण स्कूलों में इनमें से अधिकांश समस्याएं अच्छी तरह ज्ञात हैं। हर कोई जानता है कि अपर्याप्त बुनियादी ढांचे जैसी कुछ मूलभूत समस्याएं - ठोस दीवारें और छत जो लीक नहीं होती हैं, ग्रामीण छात्रों के लिए एक दूर का सपना है।

# नैनीताल की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है सरकार

**पिछले पखवाड़े नैनीताल की निचली मालरोड में हुए भू-धंसाव के बाद पूरी सरकारी मशीनरी यकायक चौकन्नी हो गई। उच्च अधिकारियों के स्थलीय भ्रमण और निरीक्षण का सिलसिला प्रारंभ हो गया, लेकिन नैनीताल की अति संवेदनशील पहाड़ियों में हो रही भू-गर्भीय प्रक्रियाओं को जानने-समझने के लिए ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित ऑब्जर्वेटरी और ऑब्जर्वेशन पिलरों की सुध लेने की किसी ने भी आवश्यकता नहीं समझी। आज से करीब एक सौ बयासी साल पहले करीब आधा दर्जन प्रकृति प्रेमी अंग्रेजों ने भारत में नैनीताल नाम के एक नए हिल स्टेशन को बसाना प्रारंभ किया। उन्हें नैनीताल की भौगोलिक बनावट, सुंदरता और आबोहवा अपने वतन जैसी लगी। उन्होंने अपने ऐशगाह के रूप में नैनीताल को बसाया। अंग्रेजों ने वह सब व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे यहां की आबोहवा, खूबसूरती और सुरक्षा बनी रहे। ब्रिटिश हुक्मरानों ने नैनीताल में अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों से संरक्षणात्मक उपाय भी किए। 1947 में देश साम्राज्यवादी जकड़न से स्वतंत्र हुआ। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। अंग्रेज यहां की पहाड़ियों के नाजुक मिजाज से वाकिफ थे। उन्होंने नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को भू-स्खलन से सुरक्षित रखने के लिए एक विस्तृत एवं नायाब नाला तंत्र विकसित किया। भूकंप और भारी वर्षा के कारण भू-धंसाव, पहाड़ियों में बदलावों, हलचलों, दरारों और पत्थर गिरने आदि प्राकृतिक गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए ऑब्जर्वेशन पिलर और ऑब्ज़र्वेटरियां बनाई। आज इन ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्ज़र्वेटरियों का कोई पुरसहाल नहीं है। इन ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्ज़र्वेटरियों को पुनर्स्थापित करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। ब्रिटिश काल में बने ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्ज़र्वेटरियों को आधुनिक तकनीक के साथ पुनर्स्थापित करने का प्रस्ताव पिछले कई वर्षों से उत्तराखंड शासन में धूल चाट रहा है। 15 जुलाई,1892 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस एंड अवध की सरकार द्वारा जारी शासनादेश संख्या-सी.1835 (बी.आर.) के तहत नैनीताल की पहाड़ियों में संभावित भू-गर्भिक हलचलों पर नजर रखने के लिए ऑब्जर्वेशन पिलर बनाने के आदेश दिए गए थे।**

कहावत है कि 'घर में बारात आने के बाद पानी के लिए कुआं खोदना।' यानी अदूरदर्शी और तदर्थवादी सोच। घर में बारात आने के बाद पानी के लिए कुआँ खोदने का उपक्रम होगा तो इस स्थिति में अफरा- तफरी होना स्वाभाविक है। हमारी सरकारें और सरकारी मशीनरी घर में बारात आने के बाद ही कुआं खोदने की अभ्यस्त होती चली जा रही है। सरकार संभावित समस्याओं से बचने के लिए अग्रिम सुरक्षा उपायों को अमल में लाने के बजाय समस्या के मुंह बाए खड़े हो जाने के बाद ही समस्याओं से निपटने के उपाय खोजने की आदी हो गई है। संबंधित सरकारी विभागों को भी ऐसी आपाधापी रास आने लगी है। पिछले पखवाड़े नैनीताल की निचली मालरोड में हुए भू-धंसाव के बाद पूरी सरकारी मशीनरी यकायक चौकन्नी हो गई। उच्च अधिकारियों के स्थलीय भ्रमण और निरीक्षण का सिलसिला प्रारंभ हो गया, लेकिन नैनीताल की अति संवेदनशील पहाड़ियों में हो रही भू-गर्भीय प्रक्रियाओं को जानने-समझने के लिए ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित ऑब्जर्वेटरी और ऑब्जर्वेशन पिलरों की सुध लेने की किसी ने भी आवश्यकता नहीं समझी। आज से करीब एक सौ बयासी साल पहले करीब आधा दर्जन प्रकृति प्रेमी अंग्रेजों ने भारत में नैनीताल नाम के एक नए हिल स्टेशन को बसाना प्रारंभ किया। उन्हें नैनीताल की भौगोलिक बनावट, सुंदरता और आबोहवा अपने वतन जैसी लगी। उन्होंने अपने ऐशगाह के रूप में नैनीताल को बसाया। अंग्रेजों ने वह सब व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे यहां की आबोहवा, खूबसूरती और सुरक्षा बनी रहे। ब्रिटिश हुक्मरानों ने नैनीताल में अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों से संरक्षणात्मक उपाय भी किए। 1947 में देश साम्राज्यवादी जकड़न से स्वतंत्र हुआ। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। अंग्रेज यहां की पहाड़ियों के नाजुक मिजाज से वाकिफ थे। उन्होंने नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को भू-स्खलन से सुरक्षित रखने के लिए एक विस्तृत एवं नायाब नाला तंत्र विकसित किया। भूकंप और भारी वर्षा के कारण भू-धंसाव, पहाड़ियों में बदलावों, हलचलों, दरारों और पत्थर गिरने आदि प्राकृतिक गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए ऑब्जर्वेशन पिलर और ऑब्ज़र्वेटरियां बनाई। आज इन ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्ज़र्वेटरियों का कोई पुरसहाल नहीं है। इन ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्ज़र्वेटरियों को पुनर्स्थापित करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। ब्रिटिश काल में बने ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्ज़र्वेटरियों को आधुनिक तकनीक के साथ पुनर्स्थापित करने का प्रस्ताव पिछले कई वर्षों से उत्तराखंड शासन में धूल चाट रहा है। 15 जुलाई,1892 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस एंड अवध की सरकार द्वारा जारी शासनादेश संख्या-सी.1835 (बी.आर.) के तहत नैनीताल की पहाड़ियों में संभावित भू-गर्भिक हलचलों पर नजर रखने के लिए ऑब्जर्वेशन पिलर बनाने के आदेश दिए गए थे। इस आदेश के बाद नैनीताल नगर में प्रत्येक एक हजार फीट की दूरी में 84 से अधिक ऑब्जर्वेशन पिलर बनाए गए थे। दो नाप के पिलरों का निर्माण किया गया था। कुछ ऑब्जर्वेशन पिलर दो फीट चौड़े और दो फीट ऊंचे बने थे। जबकि कुछ पिलर चार फीट चौड़े और चार फीट ऊंचे थे। इन सभी पिलरों को सफ़ेद रंग से रंगा जाता था। इसके अलावा ब्लीक हाउस, चड़ता हिल, जसमंडविला और टांकी में ऑब्ज़र्वेटरियां बनाई गई थीं। अंग्रेजों के समय प्रत्येक वर्ष एक जून से 15 अक्टूबर तक ऑब्जर्वेशन पिलरों की नियमित जांच की जाती थी। चूंकि भू-स्खलन के लिहाज से शेर-का- डांडा, नैना पीक, मनोरा क्षेत्र एवं कैलाखान की पहाड़ियां और राजभवन के पीछे के दक्षिणी ढलान को प्रारंभ से ही संवेदनशील माना जाता रहा है, इसलिए ब्लीक हाउस और चड़ता हिल पहाड़ी में अवस्थित पिलरों की प्रतिदिन जांच की जाती थी। बरसात के दिनों में शेर-का- डांडा , कैलाखान और डिपो रोड (नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग) का प्रतिदिन मुआयना करना अनिवार्य था। एक पखवाड़े में एक बार सभी पिलरों की जांच किया जाना अनिवार्य था। साढ़े तीन इंच से अधिक वर्षा होने पर सभी ऑब्जर्वेशन पिलरों का अविलंब मुआयना और जांच की जाती थी।पिलरों में आई दरारों की हर सप्ताह जांच होती थी, इसका बाकायदा चार्ट बनता था। सप्ताह में एक बार सहायक अभियंता और महीने में एक बार अधिशासी अभियंता द्वारा ऑब्जर्वेशन पिलरों की जाँच किया जाना आवश्यक था। बरसात खत्म होने के बाद सभी ऑब्जर्वेशन पिलरों की दरारों का अध्ययन कर उनकी मरम्मत कर दी जाती थी। इस व्यवस्था से सरकारी अमला पहाड़ में हो रही भू-गर्भीय हलचलों से बा-खबर रहता था। संभावित खतरों के मद्देनजर यथासमय सुरक्षा इंतजाम कर लिए जाते थे। कुछ दशक पूर्व तक यही व्यवस्था लागू रही। समय के साथ सब बदल गया। साल 2018 में पीडब्ल्यूडी को इन ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्ज़र्वेटरियों की याद आई। पीडब्ल्यूडी ने इनको पुनर्स्थापित करने का निर्णय लिया। भौगोलिक परिस्थितियों में आए हालिया बदलावों के मद्देनजर पीडब्ल्यूडी ने चार ऑब्जर्वेटरी और एक सौ ऑब्जर्वेशन पिलर बनाने की आवश्यकता बताई। इसके लिए 21.74 लाख रुपये का स्टीमेट बनाया। पीडब्ल्यूडी ने अंग्रेजी शासन काल की तर्ज पर ऑब्जर्वेशन पिलरों की निगरानी के लिए एक सहायक अभियंता, दो अपर सहायक अभियंता, दो सर्वेक्षक और छह अनुरक्षकों की तैनाती की आवश्यकता बताई। 26 फरवरी, 2018 को हिल साइड सेफ्टी कमेटी ने इस प्रस्ताव पर सहमति जता दी। हिल साइड सेफ्टी कमेटी, अंग्रेजी शासनकाल में गठित एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति है। ब्रिटिश सरकार ने 6 सितंबर,1927 को जारी आदेश संख्या 163-सी द्वारा हिल साइड सेफ्टी कमेटी का गठन किया था। कुमाऊं के कमिश्नर इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं। कभीनैनीताल की पहाड़ियों, झील समेत संपूर्ण नगर की सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व इसी विशेषज्ञ समिति का होता था। वर्तमान में यह कमेटी भी अपनी अहमियत खो चुकी है। पीडब्ल्यूडी से मिली जानकारी के अनुसार हिल साइड सेफ्टी कमेटी की सहमति मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर ने 21जून, 2018 को नैनीताल नगर की पहाड़ियों में एक सौ ऑब्जर्वेशन पिलर और चार ऑब्ज़र्वेटरी बनाने के इस प्रस्ताव को वित्तीय और प्रशासनिक मंजूरी के लिए उत्तराखंड शासन को भेज दिया था। पीडब्ल्यूडी के सूत्रों के अनुसार उत्तराखंड सरकार से अब तक इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल पाई है। विगत आठ वर्षों से यह मामला शासन के स्तर पर अटका हुआ है। पिछले वर्षों में उत्तराखंड के कई स्थानों में आई प्राकृतिक आपदाओं के बाद यहां के सभी नगरों की भार वहन क्षमता की जांच कराने की बात चली, लेकिन नैनीताल जैसे जिन नगरों की सुरक्षा के लिए पूर्व में की गई व्यवस्थाओं को दुरुस्त अथवा पुनर्स्थापित करने की दिशा में घोर लापरवाही बरती जा रही है। जानकार लोगों का मानना है कि नैनीताल नगर की भू-गर्भीय हलचलों की सतत जांच-परख एवं तदानुसार बचाव और सुरक्षात्मक उपाय अमल में लाने के लिए ऑब्जर्वेशन पिलरों एवं ऑब्ज़र्वेटरी का रखरखाव और पुनर्स्थापना आवश्यक है। यक्ष प्रश्न यह है कि इसे करेगा कौन? **-प्रयाग पाण्डे**

# बंगाली लोक संस्कृति का विशिष्ट प्रतीक है मां दुर्गा को समर्पित धुनुची नृत्य

**कुमार कृष्णन**

नवरात्रि के पवित्र पावन समय में विशाल पंडालों में, रोशनी की लहरों के बीच, माँ दुर्गा की प्रतिमा साक्षात दुर्गा स्वरूप में विराजमान होती है, देवी की आँखों में जो करुणा और क्रोध का संयोग है, वही भाव धीरे धीरे मनुष्यों की देह में उतरने लगता है, इसी क्षण शुरू होता है एक ऐसा नृत्य, जिसमें शरीर का नृत्य नहीं, आत्मा का नर्तन दिखता है.. धुनुची नृत्य!! देवी दुर्गा को समर्पित है धुनुची नृत्य। कई लोगों का मानना है कि धुनुची नृत्य के बिना दुर्गा पूजा अधूरी है। यह धुनुची नृत्य दुर्गा पूजा का एक महत्वपूर्ण बंगाली शक्ति नृत्य है, जो देवी दुर्गा के सामने किया जाता है। धुनुची नृत्य बंगाल और आसपास के कई राज्यों में दुर्गा पूजा के दौरान किया जाता है और भक्त इसमें उत्साह से भाग लेते हैं। धुनुची नृत्य की शुरुआत सबसे पहले दुर्गा पूजा के दौरान जमींदारों के घरों में हुई थी। बाद में, यह परंपरा कोलकाता और बंगाल के विभिन्न हिस्सों में बारवारी पूजा के दौरान लोकप्रिय हो गई। आज, यह न केवल दुर्गा पूजा का एक अनिवार्य हिस्सा है, बल्कि एक प्रतियोगिता का रूप भी ले चुका है। पुराणों के अनुसार, महिषासुर का वध करने से पहले, देवी दुर्गा ने शक्ति संचय हेतु धुनुची नृत्य किया था।तब से, यह माना जाता है कि इस नृत्य के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को पूर्णतः देवी दुर्गा के प्रति समर्पित कर सकता है और इससे सभी बुरी शक्तियां दूर हो जाती हैं। हाथों में जलती हुई धुनुची लेकर नृत्य करने की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। धुनुची मूलतः एक मिट्टी का बर्तन होता है जिसमें जलते हुए नारियल के खोल या कोयले पर धूप जलाई जाती है। प्राचीन काल से ही इसका उपयोग वातावरण को शुद्ध करने और पूजा के दौरान देवताओं की पूजा के लिए किया जाता रहा है। धुनुची नृत्य पश्चिम बंगाल का एक पारंपरिक नृत्य है। माता की आरती के दौरान हाथ में मिट्टी का बर्तन लिया जाता है जिसमें जलती हुई धूपबत्ती होती है। यह नृत्य देवी दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। नृत्य के दौरान जलती हुई धूपबत्ती से निकलने वाला धुआं वातावरण को भक्ति और ऊर्जा से भर देता है। धुनुची नृत्य दुर्गा पूजा के आनंद को कई गुना बढ़ा देता है। ढोल, बांसुरी, शंख और धुनुची के धुएं का मेल एक मनोरम वातावरण का निर्माण करता है। लिंग भेद के बिना हर कोई इस नृत्य में भाग लेता है और एक सामाजिक समागम का निर्माण करता है। धुनुची नृत्य बंगाली लोक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है। यह परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है। चाहे अष्टमी की सुबह हो या नवमी की रात, सप्तमी की शाम हो या दशमी की भोर, बंगाली दुर्गा पूजा धुनुची नृत्य के बिना अधूरी है। धुनुची को धूप और अगरबत्ती से जलाया जाता है,और जलती हुई धुनुची को कभी हाथ में, कभी मुंह में, कभी कमर पर रखकर ताल पर नृत्य किया जाता है। ढाक की थाप के साथ तालमेल बिठाने वाला यह नृत्य बंगालियों के लिए एक अनूठा आयाम रखता है। दुर्गा पूजा के दौरान संध्या आरती के समय धुनुची नृत्य किया जाता है। यह नृत्य बंगाल की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत करता है। यह नृत्य केवल बंगाल तक ही सीमित नहीं है, अब यह देश भर के कई राज्यों में किया जाता है। कई महिलाएं पारंपरिक लाल और सफ़ेद साड़ियां पहनकर यह नृत्य करती हैं। धुनुची नृत्य केवल एक पारंपरिक नृत्य ही नहीं है, यह बंगाल की सांस्कृतिक विरासत, मान्यताओं और त्यौहारों का एक जीवंत प्रतीक है। दुर्गा पूजा जैसे प्रमुख त्यौहार के दौरान, धुनुची नृत्य उत्सव की रौनक बढ़ा देता है। यह नृत्य न केवल देवी की आराधना का एक अंग है, बल्कि सामूहिक एकता, सकारात्मकता और परंपरा की निरंतरता को भी बढ़ावा देता है। धुनुची नृत्य ने आधुनिक युग में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी है और पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़े रखा है। परंपरा केवल एक रीति-रिवाज नहीं, बल्कि एक विरासत है जो समाज की आत्मा को पोषित करती है। इसलिए, दुर्गा पूजा के दौरान धुनुची नृत्य देखना और उसमें भाग लेना न केवल एक आनंददायक अनुभव है, बल्कि भक्ति, समर्पण और सांस्कृतिक गौरव का उत्सव भी है। दुर्गा पूजा के अंतिम दिन, विसर्जन से पहले, जब सबका मन भारी होता है, तब धुनुची नृत्य और उन्मुक्त हो जाता है, मानो लोग माँ को आखिरी बार दिखाना चाहते हैं कि उन्होंने पूरे मन से भक्ति की है, धुएँ से भरा पंडाल, थकान से भरे चेहरे, लेकिन हर कदम माँ की छवि में घुला हुआ, यही वह तिलस्म है जो किसी दर्शक को भी भक्त बना देता है।

## सेहत मंत्र

# प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने की ना करें भूल, सेहत को होगा नुकसान

ऐसा कहा जाता है कि जल ही जीवन है। अर्थात पानी के बिना व्यक्ति अपने जीवन की कल्पना तक भी नहीं कर सकता। स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद आवश्यक है। हालांकि, इस दौरान आपको इस बात का भी ध्यान रखना होता है कि आप पानी का सेवन किस तरह कर रहे हैं। कुछ लोग पानी को प्लास्टिक की बोतल में स्टोर करके रखते हैं और फिर उसी बोतल से पानी पीते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना सेहत के लिए बेहद हानिकारक माना गया है। अक्सर लोग प्लास्टिक की बोतल में पानी लेकर निकल पड़ते हैं। लेकिन जब यह सूर्य के सीधे संपर्क में आकर गर्म होती हैं, तो इस तरह के हीटिंग से डाइऑक्सिन नामक टॉक्सिन निकलता है जिसका सेवन करने पर स्तन कैंसर में तेजी आ सकती है। प्लास्टिक की बोतल में पानी का सेवन महिलाओं के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं माना गया है। बाइफिनाइल ए एक एस्ट्रोजन-एक रसायन है जो लड़कियों में मधुमेह, मोटापा, प्रजनन समस्याओं, व्यवहार संबंधी समस्याओं और शुरुआती यौवन जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है। प्लास्टिक की बोतल से पानी को स्टोर और पीना बेहतर नहीं है। जब हम प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीते हैं तो इससे इम्युन सिस्टम काफी प्रभावित होता है। प्लास्टिक की बोतलों से निकलने वाले रसायन हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को खराब कर देते हैं। प्लास्टिक में फोथलेट्स नामक रसायन की उपस्थिति के कारण, प्लास्टिक की बोतलों से पानी पीने से लीवर कैंसर और शुक्राणुओं की संख्या में कमी भी हो सकती है। इसलिए, जहां तक हो सके, प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना अवॉयड करें। आप स्टील की बोतल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, आजकल मिट्टी की बोतलें भी आपको आसानी से मिल जाएंगी।

## धर्म मंत्र

# बेहद प्रसिद्ध है राजस्थान में स्थित मां शाकंभरी देवी का मंदिर

देवी का पूजन पूरे देश में कई रूपों में किया जाता है। लेकिन राजस्थान के सांभर इलाके में मां दुर्गा के एक रूप शाकंभरी देवी का पूजन किया जाता है। यहां पर देवी शाकंभरी का एक मंदिर भी है, जहां पर लोग दूर-दूर से दर्शन करने के लिए आते हैं। यह मंदिर सांभर झील के किनारे पर है, यह स्थान राजस्थान में जयपुर से 90 किमी दूर है। देवी मां ने समय-समय पर भक्तों के दुख दूर करने के लिए कई अवतार लिए। इन्हीं में से एक देवी शाकंभरी भी है। एक बार जब पृथ्वी पर अकाल पड़ा, तो सभी देवी-देवता माता शक्ति की पूजा करने लगे। जब मां उनसे प्रसन्न हुई, उन्होंने आदि शक्ति का रूप धारण किया। उन्हें मनुष्य को अकाल से बचाने के लिए पृथ्वी पर अपनी दिव्य दृष्टि डाली और इसके बाद बंजर पृथ्वी पर जड़ी-बूटी उत्पन्न हुई। जिसके खाकर सभी लोगों ने अपनी भूख मिटाई। इसके कारण ही मां शक्ति के इस रूप को शाकंभरी नाम से पुकारा गया। इस मंदिर की स्थापना चौहान वंश के शासक वासुदेव द्वारा की गई थी। यह मंदिर सातवीं सदी में बनाया गया। इस मंदिर को मां शाकंभरी चौहान वंश की कुलदेवी भी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि शाकंभरी माता मंदिर में देवी मां की जो प्रतिमा लगी है, वह मां शक्ति की कृपा से प्रकट हुई स्वयंभू प्रतिमा है। इस स्थान में शाकंभरी देवी को बहुत अधिक माना जाता है और सांभर में होने वाली कोई भी पूजा मां के आशीर्वाद के बिना पूरी नहीं होती।

## पर्यटन









# दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल पूरी दुनिया में आकर्षण का केन्द्र

भारत का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है। यहां पर आपको भव्य महल से लेकर प्राचीन किले और राजसी संरचनाएं पूरी दुनिया के आकर्षण का केन्द्र है। भारत का अपना एक समृद्ध इतिहास रहा है, जिसकी झलक आज भी देखी जा सकती है। भारत के इतिहास को करीब से देखने और जानने के लिए लोग विदेशों से यहां आते हैं। आगरा का ताजमहल किसी पहचान का मोहताज नहीं है। दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल पूरी दुनिया में आकर्षण का केन्द्र है। उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थित ताजमहल को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। वैसे तो ताजमहल बनने के बाद बहुत से लोगों ने इसे बनाने की कोशिश की, लेकिन पूरी तरह से कोई भी कामयाब नहीं हो पाया। इस भव्य सफ़ेद संगमरमर की सरंचना को 1632 में शाहजहां द्वारा अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया गया था। इस शानदार इमारत को बनने में करीबन 22 साल लग गए थे। अगर आप मुग़ल काल के समृद्ध इतिहास की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं तो आगरा के किले को देखें। यह भारत के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थानों में से एक है जो पूरी तरह से लाल बलुआ पत्थर से निर्मित है। 1565 में अकबर द्वारा निर्मित, भारत के इस ऐतिहासिक पर्यटन स्थल में दो सजावटी द्वार हैं: अमर सिंह गेट और दिल्ली गेट। आप प्रवेश द्वार, दरबार, मार्ग, महल और मस्जिदों से भरे एक प्राचीन शहर को देखने के लिए केवल अमर सिंह गेट से प्रवेश कर सकते हैं। यह आगरा में घूमने के लिए सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। भारतीय और फारसी वास्तुकला का एक सुंदर संश्लेषण, हुमायूँ का मकबरा भारत में सबसे प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है। हुमायूँ की पत्नी हमीदा बानू बेगम ने 15 वीं शताब्दी में अपने पति के लिए इस मकबरे का निर्माण शुरू किया। धनुषाकार एल्कॉवर्स, सुंदर गुंबद, विस्तृत गलियारे और कियोस्क? सभी इस स्मारक को भारतीय वास्तुकला की भव्यता बनाते हैं। मुख्य मकबरे के दक्षिण-पश्चिम की ओर एक नाई का मकबरा भी है।

# बैनर उतारने का तरीका समुदाय में नाराजगी

**सवालों के घेरे में जहांगीराबाद पुलिस**

**पुलिस कप्तान की सूझ बूझ ,इमामों संग बैठक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जब एक परिवेश जो आज से डेढ़ दो दशक पूर्व हुआ करता था तब लोग भूल और गलतियों और उन हालातों पर पर्दा डालने का भरपूर प्रयास करते थे जिससे कि समाज में अशांति फैल सकती, हर संभव प्रयास कर बिगड़ी बातें बना लिया करते थे। असामाजिक तत्वों पर सरकारी अहलकार और समाज के जागरूक लोग संयुक्त रूप से नजर रखते थे। अफसर अपने मातहतों की निगरानी में कोई कोताही नहीं करते थे। अब स्थितियां बिल्कुल विपरीत है, अब तो जैसे होड़ मची है अशांति फैलाने वालों की कतार में सम्मिलित होने की।

विडंबना कि विद्वैष संक्रामक रोग से महादेवा और कोटवा की धरती भी अछूती नहीं रही। जहां से पूरी दुनिया को यह संदेश भेजा गया कि

''अल्लाह अलख एकै अहै दूजा कहै जो कोय,

जगजीवन दास सांची कहै दोजख परिहै सोय।''

शर्म की बात तो यह रोग वायरल करने वाला लाल गमछा धारी है। सच्चाई तो यह है कि इसके अगल-बगल वाले लोग भी नहीं जानते हैं कि यह जिसे खाकी अपना साथी लाल गमछा धारी बता रही यानी कि चौकीदार है। हां अब खाकी ने जरूर अपने साथी की पहचान सार्वजनिक कर दी है। अगर यह रूप उसका पास पड़ोसी जानते तो कुछ और बात होती।

बताते चलें कि शहर के फैजुल्लाह गंज वार्ड में ''आई लव मोहम्मद'' का एक बैनर एक गली में लगा था। बैनर उतारने का तरीका से नाराज़ स्थानीय लोगों ने बैनर उतरने वाले का घर लिया। पता चला कि वह पुलिस चौकीदार है। घेराव के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौ व्यक्तियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया। मुकदमे में 100 से 150 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। इलाके में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है। तनाव को दूर करने के मकसद से शहर कोतवाली में मस्जिदों के इमामों के साथ पुलिस कप्तान ने बैठक करके बताया कि इस समय दशहरा व दुर्गा पूजा के त्योहारों के दिन चल रहे हैं, ऐसा कोई कार्य अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से नहीं अपनाना चाहिए जिससे अराजक तत्वों को कानून तोड़ने का मौका मिले।

फैजुल्लागंज के लोगों की माने तो बीती रात 9 से 10 बजे के बीच थाना जहांगीराबाद के र कोशिश की। जिसके कारण बैनर फटकर जमीन पर गिर गया। उसके इस कार्य से लोगों की धार्मिक भावना आहत हुई और धनीराम के घर पहुंच कर लोगों ने अपना विरोध जताना शुरू कर दिया। भीड़ में अच्छी खासी संख्या में बुर्का पहने महिलाएं भी थी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इलाके के निवासी धनीराम से इस बात पर अपना विरोध दर्ज कर रहे थे कि उसने बेअदबी करते हुए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बैनर को क्यों उतारा। वहीं थाना जहांगीराबाद के थानेदार दुर्गा प्रसाद शुक्ला की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में धनीराम के बैनर उतारने के कार्य को गोपनीय रखकर रात 10 बजे फैजुल्लागंज के लोगों की ओर से बगैर इजाजत जुलूस निकालने के आरोप में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।मुकदमे में 7 क्रिमिनल ला एक्ट 1932 की धारा भी शामिल है। पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमे में साहिबे आलम पुत्र अख्तर अली निवासी बनवा थाना जहांगीराबाद,जाहिद पुत्र साबिर, मोहम्मद अबरार पुत्र पुत्तन अली, मोहम्मद मेराज पुत्र स्व मो. शफी, गुफरान पुत्र वारिस अली, मुजम्मिल पुत्र फारूक, अमन पुत्र पीर अली,समीर पुत्र जमील निवासीगण फैजुल्लागंज थाना जहांगीराबाद समेत कुल नौ व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। जबकि सौ से डेढ़ सौ लोगों को अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है जिनकी पहचान तफ्तीश के दौरान करने की बात पुलिस की ओर से की गई है। हालात को बेहतर बनाने के मकसद से शहर कोतवाली में शहर और उसके आसपास के इमामो की एक अहम बैठक आयोजित की गई जिसमें पुलिस कप्तान ने भी शिरकत की।

पुलिस कप्तान अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के बारह रबीउल अव्वल के जुलूस पुलिस ने पूरे जिले में शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करा दिए। अब यह अल्पसंख्यक समुदाय की जिम्मेदारी है कि वह हिंदू समुदाय के त्योहारों में अमन शांति का माहौल बनाए रखें और कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अराजक तत्वों को कानून को तोड़ने का मौका हाथ लगे।

**चौकीदार द्वारा अनाधिकार .?**

गली मोहल्ला और अपने घर अंचल में लगा बैनर किसी भी प्रकार गैर कानूनी था, तो तथा कथित नंगा बदन चौकीदार के कृत्य को कानूनी जामा पहनाया जा सकता है? चौकीदार का गुण दोष तय किया जाएगा। देखना होगा।

## बांसगांव :मिशन शक्ति के तहत छात्रा ने संभाली एक दिन के लिए थानाध्यक्ष की कुर्सी

बांसगांव, गोरखपुर । उमिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत सोमवार को बांसगांव थाने में एक अनोखी पहल देखने को मिली। एवीएन स्कूल बघराई की कक्षा 12वीं की छात्रा एंजल सिंह को एक दिन के लिए थानाध्यक्ष (एसएचओ) बनाया गया। सर्वप्रथम थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिंह ने छात्रा को बुके देकर सम्मानित किया उसके बाद छात्रा ने पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त किया और थाना परिसर में महिला सुरक्षा, साइबर अपराध तथा नशा मुक्ति जैसे मुद्दों पर जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने आने वाले फरियादियों की समस्याओं को भी सुना और महिला सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत बच्चियों व छात्राओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए यह पहल की गई है। एक दिन का थानाध्यक्ष बनने के अनुभव से छात्राओं को पुलिस व्यवस्था और कानून-व्यवस्था की गहराई से जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर छात्रा एंजल सिंह ने कहा कि यह उनके जीवन का यादगार दिन है और अब वे समाज में महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगी।

# एक दिन के प्रधानाचार्य निभाया बेहतर उत्तरदायित्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों को सशक्त बनाने और नेतृत्व कौशल विकसित करने के उद्देश्य से सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में अनूठा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर कक्षा 11 विज्ञान वर्ग की होनहार छात्रा निहारिका को एक दिन के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने मिशन शक्ति नोडल रेखा वर्मा की मौजूदगी में निहारिका का पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यालय परिवार और सहपाठियों की तालियों की गड़गड़ाहट ने इस क्षण को और यादगार बना दिया।

प्रधानाचार्या बनी निहारिका ने पूरे आत्मविश्वास के साथ दिनभर विद्यालय का संचालन किया। उन्होने विद्यालय की अन्य छात्राओं ने भी शिक्षिकाओं की भूमिका निभाई और विभिन्न कक्षाओं में अध्यापन कर यह साबित कर दिया कि बेटियां किसी भी जिम्मेदारी को बखूबी निभा सकती हैं।

इस अवसर पर नोडल रेखा वर्मा ने कहा कि इस तरह के प्रयोग न केवल छात्राओं में आत्मविश्वास भरते हैं बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता भी विकसित करते हैं। उन्होंने बेटियों से अपील की कि वे शिक्षा को हथियार बनाकर जीवन की हर चुनौती का सामना करें।

विद्यालय परिसर में मौजूद छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में बेटियों की भूमिका और महत्व को उजागर करते हैं। अभिभावकों ने निहारिका को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में वह समाज के लिए प्रेरणा बनेगी।

दिनभर विद्यालय का माहौल उत्साह और उमंग से भरा रहा। छात्राओं के आत्मविश्वास और उनकी चमकती मुस्कान इस बात का प्रमाण थी कि अवसर मिलने पर बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं।

# गैर प्रांत पत्नी सहित कमाने गए युवक की संदिग्धावस्था में मौत, वृद्ध मां ने बहू व उसके भाई पर लगाया आरोप

**बहू द्वारा पति के शव को रास्ते में परिजनों को सौंप कर मायके जाना साजिश की ओर इशारा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी। क्षेत्र के असंद्रा क्षेत्र के एक युवक की हरियाणा में मौत हो गई । भाई के साथ शव लेकर आई पत्नी शव परिजनों को सौंप बीच रास्ते से ही मायके चली गई ।मृतक के मा द्वारा हत्या की आशंका जताते हुए बहू और उसके भाई के खिलाफ शिकायत की ।शिकायत पर पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के चमारन पुरवा मजरे दुल्लापुर निवासी राकेश अपनी पत्नी सपना उर्फ अनीता और साले मुकेश निवासी पूरे नंदू थाना पटरंगा जनपद अयोध्या के साथ विद्यानगर , भिवानी , हरियाणा में रहकर मजदूरी करता था ।बीते 27 सितंबर को राकेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी होते ही परिवार में हड़कंप मच गया ।मृतक की मां रामकली के अनुसार 27 सितंबर की शाम को उसके पुत्र की मौत हो जाने की सूचना मिली ।सोमवार को भाई के साथ शव लेकर आई बहू ने बीच रास्ते रामसनेहीघाट में शव सौंप दिया और बिना कुछ बताए ही अपने भाई के साथ मायके चली गई । पीड़िता ने आशंका जताई है कि उसका बेटा साजिश का शिकार हुआ है ।बेटे की मौत में बहू और उसके भाई का हाथ होने की आशंका जताते हुए पीड़िता ने घर आकर पीआरवी 112 को सूचना दी सूचना पाकर पीआरवी पुलिस के साथ साथ मुकामी असंद्रा पुलिस उपनिरीक्षक ओमित कौशल दीवान मुन्ना यादव मिथिलेश प्रजापति संजय कुमार भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाते हुए अंतिम संस्कार करने बात करने को कहा किंतु परिजन व रिश्तेदार मृतक की पत्नी व साले पर मुकदमा दर्ज किए जाने की बात पर अड़ गए। असंद्रा पुलिस ने मृतक की मा रामकली के प्रार्थना पत्र पर सूचना दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार करने को राजी हुए।

रेलवे लाइन पर शव बरामद

रामनगर बाराबंकी। रेलवे लाइन के किनारे अज्ञात वृद्ध का क्षत विक्षत शव मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने शव को जिला मुख्यालय भेजा है। सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर खर्गी के निकट स्थित रेलवे लाइन के किनारे एक 60 वर्षीय वृद्ध का शव देखा गया। रेलवे कर्मचारियों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची रेलवे व स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान के लिए जामा तलाशी लिया तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव को जिलामुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने बताया मृतक के परिजनों की पहचान हेतु प्रयास किया जा रहा है।

## जीजीआईसी की छात्राओं को दी गई डाकघर की जानकारी

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएमश्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को डाकघर के बारे में दी गई जानकारी। पल्लवी सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति की नोडल मंजरी यादव एवं शिक्षिका सीमा यादव द्वारा छात्राओं को प्रधान डाकघर ले जाया गया। पोस्ट मास्टर विकास सिंह द्वारा कार्यालय में कार्य कराने हेतु प्रार्थना पत्र लिखना, डाकघर से पैसा जमा करने एवं निकालने हेतु फॉर्म भरना, स्पीड पोस्ट करना, मेल करना, आधार संशोधन करवाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व एवं निर्णय लेने की समझ विकसित होगी। मिशन शक्ति का मूल मंत्र सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बना कर आर्थिक सुरक्षा के साथ समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## कांग्रेसियो ने शहर में चलाया हस्ताक्षर अभियान

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर वोट चोरी के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी सुल्तानपुर द्वारा तिकोनिया पार्क पर शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने किया। इस दौरान वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान के तहत लोगों का समर्थन जुटाया गया। शहर अध्यक्ष अंसारी ने बताया कि यह अभियान कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय के तहत आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में नगर के बुद्धिजीवी, शिक्षक और आम नागरिक शामिल हुए और उन्होंने अपने हस्ताक्षर अभियान में समर्थन देकर इसे व्यापक बनाया। कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान 15 अक्टूबर के बाद दिल्ली स्थित चुनाव आयोग को सौंपा जाएगा, जिसमें करोड़ों की संख्या में हस्ताक्षर शामिल होंगे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा, वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन हाशमी, हौसिला प्रसाद भीम, रणजीत सिंह सलूजा, कमर खान, सुब्रत सिंह, आवेश अहमद, सुनील सिंह चौहान, हामिद राईनी, गुडडू जायसवाल, सुरेश चंद्र मिश्र, अतीक अहमद, अवधेश गौतम, जाकिर हसन, मोहसिन सलीम, इमरान अहमद, इंतजार अहमद, शहबाज खान, श्याम लगन कोरी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# छुट्टा पशु से टकराई कार, बाल–बाल बचे बड़े बाबू, अध्यापक व दो अध्यापिकाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेलीपार, गोरखपुर। गोरखपुर वाराणसी मार्ग के मेहरौली पेट्रोल पंप के पास सोमवार की सुबह करीब 9:30 बजे एक कार छुट्टा पशु से टकरा गई। जिसमें पशु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और कार का एयरबैग खुलने से कार में सवार चार लोग सुरक्षित बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलीपार थाना क्षेत्र के महरौली पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की सुबह करीब 9:30 बजे कौड़ीराम स्थित सर्वोदय डिग्री कॉलेज के बड़े बाबू डॉ अमिताभ पांडे, अध्यापक डॉ राजीव श्रीवास्तव व अध्यापिकाएं गोरखपुर से कौड़ीराम की ओर जा रहे थे अभी वह मेहरौली पेट्रोल पंप के आगे पहुंचे ही थे कि सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशु से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें पशु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लेकिन इस घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और जोरदार टक्कर के बाद कार का एयरबैग खुल गया और कार में सवार चारों व्यक्ति सुरक्षित बच गए। कार का एयरबैग नहीं खुलता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घटना के बाद पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने कार में सवार चारों लोगों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## सीओ व थाना प्रभारी का जागरुकता कार्यक्रम

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे शारदीय नवरात्रि के पर्व पर ल्लमिशन शक्ति फ़ेज– 05ङ्क के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जैदपुर नगर पंचायत स्थित मोहल्ला छेदा कटरा के मदरसा नूरुल उलूम में सोमवार करीब 1:30 बजे बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं को सीओ सौरभ श्रीवास्तव, थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह व मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी द्वारा महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेन्स सेवा (108), जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर सीओ सदर इंस्पेक्टर संतोष सिंह महिला पुलिस अधिकारियों व मदरसा प्रबंधक पूर्व चेयरमैन हाजी जियाउर्रहमान सहित तमाम पुलिस अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने की विकासकार्यों की समीक्षा

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने सोमवार को ब्लॉक सिरौलीगौसपुर सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। गांवों में चल रहे विकास कार्यों और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।बैठक में खंड विकास अधिकारी ने आरआरसी सेंटर संचालित करने और गांवों में व्यापक स्तर पर साफ–सफाई अभियान चलाने सहित अन्य विकास कार्यों की जानकारी ली।मनरेगा से सम्बंधित सक्रिय मनरेगा मजदूरों की ईकेवाईसी ज्यादा ज्यादा तेजी के साथ कार्य करवाने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, सहायक विकास अधिकारी कृषि रंजीत वर्मा, सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव आशीष वर्मा, एपीओ रेनू, अवर अभियंता लघु सिंचाई सतीश श्रीवास्तव, ग्रामीण अभियंत्रण के अवर अभियंता चेतराम, पंचायत सचिव बीरेंद्र तिवारी, मनीष शुक्ला, राजेश कुमार, कुलदीप वर्मा, सुरेश कुमार, सतीश कुमार, रवि कुमार मौजूद रहे।

## नवरात्रि सप्तमी पर मातृ भारती द्वारा कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण

सुल्तानपुर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध राजाराम सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में आज नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर मातृ भारती कार्यकारिणी एवं मनीषा सिंह द्वारा नवदुर्गा की पूजा–अर्चना बड़े श्रद्धाभाव से की गई। पूजन एवं हवन का कार्य पंडित आशीष त्रिपाठी ने सम्पन्न कराया। इसके उपरांत विद्यालय की सभी छात्राओं को हलवा, पूरी एवं चने का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने सभी मातृशक्तियों का स्वागत किया और नवदुर्गा के नौ रूपों एवं भैरव की विधिवत पूजा पाद प्रक्षालन एवं आरती के साथ संपन्न की। विद्यालय के सभी आचार्यों एवं आचार्या दीदियों ने भी पूजन व आरती में भागीदारी की।शिशु भारती एवं छात्र संसद के बच्चों ने हवन व आरती में सहयोग कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बताया। आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में मातृ भारती प्रमुख उषा शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संत समाज खड़ा होगा योगी के साथ : मौनी महाराज

सुल्तानपुर। धम्मौर के कूडधाम में आयोजित विशाल धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सागर पीठाधीश्वर मौनी महाराज ने तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर किसी को नारे लगाने हैं तो अपने धर्मस्थल पर लगाए, सड़क जाम और प्रशासन पर हमले की स्थिति में संत समाज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ खड़ा होगा। मौनी महाराज ने कहा कि योगी को अराजक तत्व अकेला न समझें। उन्होंने संदेश देते हुए कहा ल्लस्त्री मेरी मां है, बेटियां देवी हैं। राष्ट्र और मां को देखते हुए हमें राष्ट्र नवनिर्माण के लिए संकल्पित होना होगा। जातिगत समीकरण प्रगति में बाधक हैं।

# जेबीएस में हुआ भव्य दुर्गा पूजन शिक्षक छात्राओं की अर्चना

कैनविज टाइम्स संवाददाता







बाराबंकी। जेबीएस इंस्टीट्यूट बंदी का पुरवा में आज दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्मिलित हुए। पूजा-अर्चना के बाद वातावरण देवी माँ के जयकारों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रबंधक श्रीमती पूनम मैम जी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की,जिसके पश्चात महोदया ने कन्याओं के पैर धुलकर कन्या पूजन किया।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ल्लदुर्गा पूजा भारतीय संस्कृति और शक्ति की आराधना का पर्व है। यह बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जो हमें जीवन में सद्मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है।ङ्क पूजा के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने देवी स्तुति, भजन, नृत्य-नाटिका एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत दुर्गा स्तुति नृत्य व आधुनिक नारी शक्ति के रूप में दुर्गा स्त्रोतम की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का संचालन तरुण सर, अन्नपूर्णा मैम,रेनू मैम ने किया,पूरे महाविद्यालय परिवार ने मिलकर इसे यादगार बना दिया।

# घरेलू मैदान पर भारतीय महिला टीम की नजरें आईसीसी वनडे विश्व कप जीतने पर

एजेंसी




गुवाहाटी। अच्छे फॉर्म में चल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा उठाकर 47 साल बाद पहला आईसीसी खिताब जीतने के इरादे से मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ वनडे विश्व कप के पहले मैच में उतरेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 13वें विश्व कप में हालात से वाकफियत का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। टूर्नामेंट 12 साल बाद भारत में हो रहा है। इसमें आठ शीर्ष टीमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान भाग लेंगी। सभी टीमें भारत में चार और कोलंबो में एक स्थान पर 28 लीग मैच राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी। इस बार विश्व कप में ईनामी राशि रिकॉर्ड 13 . 88 मिलियन डॉलर है जो 2022 की तुलना में चार गुना अधिक है।पुरुषों के 2023 विश्व कप में ईनामी राशि 10 मिलियन डॉलर थी और यह उससे भी अधिक है। श्रीलंका में 11 राउंड रॉबिन मैच खेले जायेंगे जिसमें पाकिस्तान के सात लीग मैच और भारत के खिलाफ पांच अक्टूबर का मैच शामिल है। एक सेमीफाइनल भी वहां होगा और पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल भी वहीं खेला जायेगा। मौजूदा फॉर्म को देखें तो भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे और टी20 श्रृंखलाओं में हराया है। इसके अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी हार का सिलसिला तोड़ा है। भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में आखिरी वनडे में जीत के लिये 413 रन का लक्ष्य लगभग पार कर ही लिया था। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना बल्लेबाजी की धुरी रही हैं जो शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस साल चार वनडे शतक लगाये और उनका स्ट्राइक रेट 115 . 85 रहा है। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के साथ उन्होंने भारत को अच्छी शुरूआत दी है। वहीं पांचवां विश्व कप खेल रही हरमनप्रीत बड़े टूर्नामेंटों में हमेशा अच्छा खेलती हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक और इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया था। चोट से उबरी जेमिमा रौड्रिग्स ने इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 66 रन बनाये थे और वह मध्यक्रम को मजबूती देती हैं। रिचा घोष, हरलीन देयोल और दीप्ति शर्मा बल्लेबाजी को गहराई देते हैं जबकि अमनजोत कौर और सीम गेंदबाजी हरफनमौला हैं। रेणुका सिंह चोट के बाद वापसी कर रही हैं जिससे तेज आक्रमण मजबूत हुआ है। बाईस बरस की क्रांति गौड़ ने भी तेज गेंदबाजी में विविधता दिखाई है। इस साल इंग्लैंड दौरे पर चेस्टर ली स्ट्रीट में 52 रन देकर छह विकेट लेने वाली गौड़ जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव के बाद इंग्लैंड में वनडे में छह विकेट लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी है।

# एशिया कप का फाइनल भारत, पाक खिलाड़ियों के बीच तनातनी का मुकाबला बना

एजेंसी

दुबई। भारतीय टीम एशिया कप चैंपियन बनीं लेकिन पूरे टूर्नामेंट में टीम के शानदार प्रदर्शन की जगह भारत और पाकिस्तान के बीच मैदान पर अपेक्षित सौहार्द की जगह तनातनी ने सुर्खियां बटोरी जहां दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैच के दौरान और इसके बाद आक्रामक रवैया दिखाया। यह टूर्नामेंट शुरू से ही तनावपूर्ण रहा और फाइनल तक माहौल और गर्मा गया। भारत ने रविवार को रोमांचक फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की। इस टकराव की शुरुआत उस समय हुई जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सुरक्षाबलों के समर्थन में पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। फाइनल आते-आते यह पूरी तरह एक दूसरे के खिलाफ टकराव जैसी स्थिति में बदल गया। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 18वें ओवर में एक शानदार यॉर्कर से हारिस रऊफ को बोल्ड किया और इसका जश्न सुपर चार चरण में रऊफ के 'विमान गिरने' के इशारे की नकल कर बनाया। बुमराह के जश्न मनाने का यह तरीका तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। रऊफ ने इस हरकत से भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का मजाक उड़ाया था। भारतीय सेना ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' नामक सैन्य अभियान चलाया था। फाइनल में रऊफ के विकेट उखाड़ने के बाद बुमराह की यह प्रतिक्रिया उसी मजाक उड़ाने की कोशिश का करारा जवाब था। भारत ने बेहद तनावपूर्ण माहौल में खेले गये फाइनल मैच में कई बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए यादगार जीत दर्ज की। टीम ने हालांकि पाकिस्तान के गृह मंत्री और एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से विजेता ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। पुरस्कार समारोह लगभग एक घंटे की देरी से शुरू हुआ और विजेता टीम को ट्रॉफी दिये बिना खत्म हो गया। नकवी पुरस्कार समारोह के दौरान मंच से उतरने को तैयार नहीं थे और भारतीय खिलाड़ी उनके हाथों पुरस्कार नहीं लेना चाहते थे। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद सोशल मीडिया पर ट्रॉफी की 'इमोजी' के साथ जीत का जश्न मनाया। मैच खत्म होने के बाद अर्शदीप सिंह, जितेश शर्मा और हर्षित राणा ने पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद की 'सिर से पवेलियन जाने के इशारे' जैसे जश्न की नकल की। अबरार ने संजू सैमसन को आउट करने के बाद इस तरह का इशारा किया था। वरुण चक्रवर्ती ने एक चाय के कप की तस्वीर साझा की, जो ट्रॉफी और विजेता पदक का प्रतीक था। पूरे टूर्नामेंट के दौरान दोनों टीमों के बीच तनाव साफ महसूस किया जा सकता था। भारत की 'हाथ ना मिलाने' की नीति पाकिस्तान के खेमे को रास नहीं आई और उन्होंने इसके लिए जिम्बाब्वे के मैच रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को दोषी ठहराया। रऊफ ने सुपर चार मैच के दौरान भारतीय प्रशंसकों की 'कोहली, कोहली' की हूटिंग का जवाब अपशब्द और 'गिरते विमान' की इशारे वाली हरकत से दिया था। भारतीय प्रशंसकों ने रऊफ को कोहली के उन छक्कों को याद दिलाई जिसके दम पर भारत के इस महान बल्लेबाज ने 2022 टी20 विश्व कप में मेलबर्न में टीम को जीत दिलाई थी।

# बीसीसीआई टीम इंडिया और सपोर्ट स्टाफ को देगा 21 करोड़ रुपये का इनाम

एजेंसी

**यह रकम टूर्नामेंट की आधिकारिक प्राइज मनी से आठ गुना अधिक**

नई दिल्ली। एशिया कप 2025 जीतने के बाद भारतीय टीम पर इनामों की बारिश शुरू हो गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम इंडिया और सपोर्ट स्टाफ को कुल 21 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। यह रकम टूर्नामेंट की आधिकारिक प्राइज मनी से आठ गुना अधिक है। फाइनल मुकाबले में तिलक वर्मा की नाबाद 69 रनों की अर्धशतकीय पारी ने भारत को 5 विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। इसी के साथ भारत ने पाकिस्तान को इस टूर्नामेंट में तीसरी बार हराया और लगातार नौवीं बार एशिया कप खिताब अपने नाम किया। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर लिखा, तीन वार। शून्य जवाब। एशिया कप चैम्पियंस। संदेश साफ है। टीम और सपोर्ट स्टाफ के लिए 21 करोड़ रुपए का इनाम। हालांकि बोर्ड ने इस पुरस्कार राशि के विभाजन की विस्तृत जानकारी अभी तक साझा नहीं की है। टीम को टूर्नामेंट आयोजकों से अलग से आधिकारिक प्राइज मनी के तौर पर यूएसडी 300,000 (लगभग 2.6 करोड़ रुपये) भी मिलेगी। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने न केवल एशिया कप पर अपना दबदबा कायम किया, बल्कि आने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भी मजबूत संदेश दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी पुरस्कार राशि टीम के मनोबल को और बढ़ाएगी और खिलाड़ियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए प्रेरित करेगी।

# डेनिस ग्नेजदिलोव ने एफ40 शॉटपुट में दो विश्व रिकॉर्ड के साथ मारी बाजी

एजेंसी

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही पैरा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में डेनिस ग्नेज़िदलोव ने सोमवार को पुरुषों के एफ40 इवेंट में विश्व रिकॉर्ड को दो बार तोड़ते हुए शॉटपुट सर्कल में शानदार उपलब्ध्‍ि हासिल की। शुरुआती 10.66 मीटर के प्रयास के बाद उनके पांचों थ्रो स्वर्ण पदक के लिए गए।

रुस्तवी में जन्मे 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपनी अलग ही पहचान बनाई, अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर थ्रो के साथ उन्होंने पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मिगुएल मोंटेइरो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा और आखिरी थ्रो में 11.92 मीटर थ्रो ने उनके रिकॉर्ड को और भी ऊंचा कर दिया। टोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ने अपना तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतकर इस खेल के इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों से लिख दिया। मिगुएल मोंटेइरो (पुर्तगाल) और गर्राह तनायाश




(इराक) पहले भी पुरुषों के शॉट पुट एफ40 विश्व रिकॉर्ड का मालिक रह चुके। उन्होंने फाइनल को एक रोमांचक मुकाबला बनाने की कोशिश की। दो पूर्व विश्व चैंपियन गर्राह तनायाश और यानिस फिशर (जर्मनी) के मैदान में होने के कारण फाइनल उम्मीद के मुताबिक उच्च स्तर का रहा। पुर्तगाली स्टार ने पहले राउंड के बाद 10.92 मीटर के साथ बढ़त बनाई, लेकिन गनेज़िदलोव ने दूसरे राउंड में 11.59 मीटर के प्रयास के साथ अपनी पकड़ मजबूत कर ली। उन्होंने अपनी पकड़ ढीली नहीं की और न ही पैडल से पैर हटाया। अपने तीसरे प्रयास में विश्व रिकॉर्ड हासिल किया और पकड़ के आश्वस्त होने के बावजूद बिना किसी आत्मसंतुष्टि के अपने पिछले प्रयास में रिकॉर्ड को फिर से स्थापित किया। सोमवार सुबह मैदान में उतरने वाली भारतीय खिलाड़ियों में, दयावंती का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। अपने आखिरी प्रयास में 27.94 मीटर के प्रयास से वह महिलाओं के डिस्कस थ्रो क्क64 फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। इससे उन्हें एशियाई रिकॉर्ड तो मिला, लेकिन कांस्य पदक विजेता एलिसिया गुएरेरो (संयुक्त राज्य अमेरिका) और उनके बीच 1.51 मीटर का अंतर था। इसी तरह एक अन्य भारतीय आयुष वर्मा पुरुषों के शॉटपुट क्क फ़ाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.23 मीटर रहा, जो एलेस किसी (चेक गणराज्य) द्वारा प्राप्त कांस्य पदक की दूरी से 97 सेमी कम था। अनुभवी धावक रोंगाली रवि, पुरुषों के शॉटपुट क्क40 फ़ाइनल में जगह नहीं बना पाए, जहाँ उन्होंने इस सीज़न का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास 10.10 मीटर किया, लेकिन पोडियम फ़िनिश से 76 सेमी कम रह गए। सोमवार सुबह दो अन्य चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी टूटे। पोलैंड के बार्टोज़ गोरज़ाक ने पुरुषों के शॉटपुट एफ53 फ़ाइनल में 8.67 मीटर थ्रो के साथ मीट रिकॉर्ड फिर से बनाया, जबकि महिलाओं के डिस्कस थ्रो एफ44 फ़ाइनल में मेक्सिको ने रिकॉर्ड बनाया। ओसिरिस एनेथ मचाडो ने 44.36 मीटर के साथ स्वर्ण पदक और चैंपियनशिप रिकॉर्ड जीता।

# अफगानिस्तान की निर्वासित महिला क्रिकेटर विश्व कप देखने भारत पहुंची

गुवाहाटी। अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आईसीसी महिला विश्व कप का हिस्सा नहीं है लेकिन निर्वासन के बाद ऑस्ट्रेलिया में रह रही देश की 16 क्रिकेटर सीखने के लिहाज से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को देखने के लिए यहां पहुंची हैं। वर्ष 2021 में तालिबान के नियंत्रण के बाद अपने देश को छोड़ने के लिए मजबूर से महिला खिलाड़ी अभी ऑस्ट्रेलिया में शरणार्थी जीवन जी रही हैं। इन्हें विश्व कप के मुकाबले देखने के लिए आमंत्रित किया गया है जिससे कि उनकी क्रिकेटिंग और निजी विकास की यात्रा में मदद की जा सके। इस कदम का लक्ष्य यह है कि अफगानिस्तान की महिला क्रिकेटर निर्वासन के दौरान अपना करियर और भविष्य की पीढ़ियों के लिए खेल को जीवंत रख सकें।

# सहारा समूह की कंपनी ने अदाणी प्रॉपर्टीज को समूह की संपत्ति बेचने के लिए न्यायालय से मांगी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली, 29 सितंबर (भाषा) सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल) ने महाराष्ट्र में एम्बी वैली और लखनऊ में सहारा शहर समेत विभिन्न संपत्तियों को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। इस याचिका पर संभवतः 14 अक्टूबर को सुनवाई होगी। अधिवक्ता गौतम अवस्थी के माध्यम से दायर याचिका में '' .. सहारा समूह से संबंधित विभिन्न संपत्तियों को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को छह सितंबर 2025 की 'टर्म शीट' में निर्धारित नियमों एवं शर्तों पर बेचने के लिए'' अनुमति मांगी गई है। सहारा समूह से संबंधित लंबित मामलों में दायर अंतरिम आवेदन में कहा गया कि इस न्यायालय द्वारा समय-समय पर पारित विभिन्न आदेशों के अनुसरण में तथा विभिन्न आदेशों के माध्यम से इस न्यायालय की अनुमति प्राप्त करने के बाद, एसआईसीसीएल और सहारा समूह बड़ी कठिनाई से अपनी कुछ चल एवं अचल संपत्तियों को बेचने में सक्षम हुए है। इससे हासिल राशि को बाजार नियामक सेबी-सहारा 'रिफंड' खाते में जमा कर दिया गया। इसमें कहा गया कि ''कुल 24,030 करोड़ रुपये की मूल राशि में से, सहारा समूह ने अपनी चल एवं अचल संपत्तियों की बिक्री/परिसमापन के माध्यम से लगभग 16,000 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की है और उसे सेबी-सहारा 'रिफंड' खाते में जमा कर दिया है।'' प्रतिष्ठित ब्रोकरेज कंपनियों की सेवाएं लेने के बावजूद सहारा समूह की संपत्तियों को बेचने में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की असमर्थता की ओर इशारा करते हुए एसआईसीसीएल ने कहा कि सेबी-सहारा 'रिफंड' खाते में जमा की गई पूरी धनराशि आवेदक एवं सहारा समूह के प्रयासों से और बड़ी मुश्किल से जमा की गई थी। एसआईसीसीएल ने कहा कि नवंबर 2023 में सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन होने के बाद समूह ने अपना एकमात्र निर्णयकर्ता खो दिया है जो अब तक समूह की ओर से सभी निर्णय ले रहा था। इसमें कहा गया, '' दिवंगत सुब्रत रॉय के परिवार के सदस्य सहारा समूह के दैनिक व्यावसायिक संचालन एवं प्रबंधन में शामिल नहीं थे। हालांकि, निवेशकों के हितों की रक्षा हेतु परिवार के सदस्यों की इच्छा को ध्यान में रखते हुए सहारा समूह ने निर्णय लिया है कि उसकी संपत्तियों को अधिकतम मूल्य पर और शीघ्रता से बेचा जाए ताकि इस न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन किया जा सके, सहारा समूह के दायित्वों का निर्वहन किया जा सके और वर्तमान अवमानना कार्यवाही को समाप्त किया जा सके।''

# देश में जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद एनसीएच को मिली 3000 शिकायतें

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 लागू होने के बाद सरकार की राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) को कम करों से संबंधित 3,000 शिकायतें मिली हैं। इन्हें आगे की कार्रवाई के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को भेजा गया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमें अबतक 3,000 उपभोक्ता शिकायतें प्राप्त हुई हैं। हम उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए सीबीआईसी को भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय उन मामलों पर कड़ी निगरानी रख रहा है, जहां जीएसटी की दरों में कमी का लाभ उपभोक्ताओं को देने से बचने के लिए भ्रामक छूट प्रथाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को धोखा दिया जा रहा है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने



आगे कहा कि मंत्रालय विभिन्न क्षेत्रों में शिकायतों की स्पष्ट जानकारी प्राप्त करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और चैटबॉट तकनीक का उपयोग कर रहा है। यह शिकायत प्रणाली ऐसे समय में आई है, जब ऐसी चिंताएं हैं कि खुदरा विक्रेता जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा रहे हैं, जिसके कारण सरकार अपनी निगरानी प्रणाली को मज़बूत कर रही है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने देश में जीएसटी 2.0 लागू किया है, जो 2017 के बाद से उसके माल और सेवा कर (जीएसटी) में सबसे बड़ा बदलाव है। सुधारों के तहत कई क्षेत्रों में जीएसटी कर की दरों में कटौती की गई है, जिसे 22 सितंबर से लागू किया गया है।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू, रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती संभव

एजेंसी

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक सोमवार को यहां शुरू हो गई। इस बैठक में रेपो रेट सहित प्रमुख नीतिगत दरों पर निर्णय लेने से पहले मौजूदा आर्थिक हालात की समीक्षा की जाएगी।एमपीसी की समीक्षा बैठक के दौरान रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती किये जाने की संभावना है। आरबीआई गवर्नर इस बैठक में लिए फैसलों की जानकारी एक अक्टूबर को देंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरबीआई के गवर्नर संजय मल्?होत्रा की अध्?यक्षता में आयोजित तीन दिवसीय यह बैठक एक अक्टूबर तक चलेगी। आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि आरबीआई 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलने वाली तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की



समीक्षा बैठक में प्रमुख ब्याज दर (रेपो रेट) में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। एसबीआई ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि केंद्रीय बैंक के लिए रेपो रेट में 0.25 फीसदी कटौती का निर्णय उचित और तर्कपूर्ण होगा, क्योंकि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में भी खुदरा महंगाई दर के नरम बने रहने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई में गिरावट के बीच रिजर्व बैंक ने फरवरी से अबतक रेपो रेट में एक फीसदी तक की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक ने लगातार तीन बार रेपो रेट में कटौती के बाद अगस्त में इसे यथावत रखा था। फिलहाल रेपो रेट 5.50 फीसदी पर है।

# सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में जोरदार उछाल, सोने की कीमत में मामूली गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में आज मामूली गिरावट आई है। दूसरी ओर, चांदी ने आज 7 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की जोरदार तेजी आई है, जिसकी वजह से चांदी ने एक बार फिर मजबूती का नया रिकॉर्ड बना दिया है। सोने की कीमत में गिरावट आने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,15,470 रुपये से लेकर 1,15,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,05,840 रुपये से लेकर 1,05,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,48,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना



1,15,620 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,05,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,15,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,05,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,15,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,05,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,15,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,05,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,15,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,05,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,15,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,05,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,15,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,05,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,15,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,05,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अगर जल्दी से सीनियर टीम में आ जाता तो अपने खेल पर काम करने का समय नहीं मिलता : अभिषेक

**दुबई।** भारत की अंडर 19 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे अभिषेक शर्मा को सीनियर टीम में आने में छह साल लग गए और उन्हें खुशी है कि उन्हें इसमें समय लगा। जूनियर विश्व कप 2018 जीतने के एक साल के भीतर उस टीम के कप्तान पृथ्वी साव ने टेस्ट पदार्पण किया और शुभमन गिल वनडे टीम में आ गए। अभिषेक ने स्वीकार किया कि बाकी साथी लिफ्ट से पहुंचे लेकिन उन्हें सीढियों से आने का फायदा मिला। उन्होंने कहा ,'' कुछ सीधे टीम में आ गए। कुछ सब कुछ करते हैं और मुझे लगा कि मुझे भी ऐसा ही करना चाहिये। एक खिलाड़ी होने के नाते अगर मैं सीधे टीम में आ जाता तो वह सब सीखने का मौका नहीं मिलता जो मैने सीखा। घरेलू क्रिकेट खेलकर अभिषेक को अपने कौशल को निखारने और खुद के खेल के बारे में और जानने का मौका मिला। उन्होंने कहा ,'' मुझे कई चीजें आजमाने के लिये काफी समय मिल गया। मैने अपने खेल पर काफी काम किया और आम तौर पर कई खिलाड़ियों को इसका मौका नहीं मिलता। मेरे पास समय था तो मैं यह कर सका। पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल से पहले अभिषेक ने चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहले दो मैचों में 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाये। उन्होंने इसका श्रेय कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव को दिया जिन्होंने उन्हें जोखिम लेने की अनुमति दी। अभिषेक ने कहा ,'' मुझे कभी लगा ही नहीं कि यह दबाव वाला मैच है। हम सभी मैचों के लिये बराबरी से तैयार रहते हैं। जिस तरह से मैने खेला, मुझे आत्मविश्वास की जरूरत थी और गौती पाजी और सूर्य पाजी ने मुझे खुलकर खेलने की आजादी दी।

### मूडीज ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग 'बीएए3' पर बरकरार रखी

**नयी दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को भारत के लिए 'स्थिर' परिदृश्य के साथ दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग और स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग को बीएए3 पर बरकरार रखा। स्थानीय-मुद्रा और विदेशी-मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग, किसी देश की समग्र ऋण-पात्रता और दायित्वों को पूरा करने की क्षमता को बताती है। वहीं स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग, उधारकर्ता की असुरक्षित ऋण चुकाने की क्षमता को दर्शाती है। यह कर्ज लेने वाले की अपनी मुद्रा में ऐसा ऋण होता है जिसके लिए कोई गारंटी नहीं होती। इसके साथ वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत की अन्य अल्पकालिक स्थानीय मुद्रा रेटिंग को भी पी-3 पर कायम रखा। एक बयान में कहा गया, रेटिंग की पुष्टि और स्थिर परिदृष्य हमारे इस विचार को दर्शाते हैं कि भारत की मौजूदा ऋण क्षमताएं बनी रहेंगी। इनमें देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, मजबूत बाहरी स्थिति और मौजूदा राजकोषीय घाटे के लिए स्थिर घरेलू वित्तपोषण आधार शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया कि ये मजबूती प्रतिकूल बाहरी रुझानों के प्रति लचीलापन प्रदान करती है, खासकर जब उच्च अमेरिकी शुल्क और अन्य अंतरराष्ट्रीय नीतिगत उपाय भारत की विनिर्माण निवेश आकर्षित करने की क्षमता में बाधा डालते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भारत की ऋण क्षमता राजकोषीय पक्ष की दीर्घकालिक कमजोरियों से संतुलित है।

### यूएसटी, केन्स सेमीकॉन गुजरात में 3,330 करोड़ रुपये की ओएसएटी सुविधा स्थापित करेंगे

**नयी दिल्ली।** कैलिफोर्निया स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी यूएसटी ने भारतीय सेमीकंडक्टर निर्माता केन्स सेमीकॉन के साथ एक संयुक्त उद्यम की सोमवार को घोषणा की। इसके तहत गुजरात के साणंद में 3,330 करोड़ रुपये की ओएसएटी (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) सुविधा स्थापित की जाएगी। कंपनी ने बयान में कहा कि यह निवेश इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा और उपभोक्ता प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढ़ावा देने में यूएसटी और केन्स सेमीकॉन के बीच मजबूत सहयोग को बढ़ावा देगा। साथ ही इससे भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। यूएसटी की विश्वव्यापी उपस्थिति और मौजूदा सेमीकंडक्टर ग्राहक आधार इसे केन्स सेमीकॉन के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार बनाते हैं। इस साझेदारी के तहत यूएसटी की डिजिटल इंजीनियरिंग, एआई-संचालित प्रक्रिया सुधारों और तत्काल डेटा विश्लेषण का भी लाभ मिलेगा। केन्स सेमीकॉन की स्थापना 2008 में हुई थी और यह केन्स टेक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सेमीकंडक्टर अनुषंगी कंपनी है।

# समृद्ध, मजबूत और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे अधिकारी : मुर्मू

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिकारियों से कहा है कि वे लगन और निष्ठा के साथ कार्य कर समृद्ध, मजबूत और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारी ईमानदार प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत विश्व के समक्ष शक्ति और प्रगति के आदर्श के रूप में स्थापित हो।

भारतीय सांख्यिकी सेवा, भारतीय कौशल विकास सेवा और केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से भेंट की। राष्ट्रपति ने भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ठोस नीति निर्माण और कार्यान्वयन सटीक सांख्यिकीय विश्लेषण पर निर्भर करता है।

उन्होंने कहा कि आंकड़ों पर आधारित दुनिया में सांख्यिकी की प्रासंगिकता बहुत



बढ़ गई है। उन्होंने आधिकारिक आंकड़ों के संकलन और विश्लेषण में सांख्यिकी अधिकारियों के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि उनके कार्य में विशेषज्ञता का अधिक महत्व है जिसका उपयोग देश की बढ़ती आंकड़ों और सूचना संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में किया जाता है। राष्ट्रपति ने भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल और ज्ञान किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास तथा सामाजिक प्रगति के सच्चे इंजन हैं। उच्च कुशल कार्यबल वाले देश वैश्विक चुनौतियों का सामना करने और विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होते हैं। जैसे-जैसे भारत प्रौद्योगिकी-संचालित विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है यह आवश्यक है कि हमारे युवा उन्नत तकनीकी कौशल को अपनाएं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा आईएसडीएस अधिकारी विशिष्ट कौशल प्रशासकों के रूप में सुदृढ़ और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इंजीनियर किसी भी देश की तकनीकी प्रगति और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने सीपीडब्ल्यूडी जैसे संगठनों से इन पहलों के लिए तकनीकी आधार प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि विकास सतत हो। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा ,'' वे न केवल नीति कार्यान्वयन में, बल्कि प्रभावी फीडबैक के माध्यम से नीति निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। सेवा और सभी के विकास, विशेषकर कमज़ोर और हाशिए पर पड़े वर्गों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, देश के विकास की गति निर्धारित करेगी।''

उन्होंने कहा कि लगन और निष्ठा के साथ सेवा करके, अधिकारी अधिक समृद्ध, मजबूत और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा , '' अपने ईमानदार प्रयासों के माध्यम से, वे यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत विश्व के समक्ष शक्ति और प्रगति का एक आदर्श बन सके।''

# 'जेल से सरकार' पर रोक वाले विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति से कांग्रेस रहेगी दूर

एजेंसी

नई दिल्ली। संसद में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्रियों के लगातार 30 दिन जेल में रहने पर उन्हें स्वतः पदमुक्त माने जाने के प्रावधान वाले 130 वें संविधान संशोधन विधेयक की समीक्षा के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से अपने को दूर रख सकती है।



पार्टी के एक सूत्र ने कहा, ' कांग्रेस ने तय कर लिया है कि वह 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर विचार के लिए गठित जेपीसी में शामिल नहीं होगी।'' सूत्रों ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति में शामिल न होने की औपचारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी।

इस संविधान संशोधन विधेयक में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के 30 दिन तक जेल में रहने पर उनका पद पर बने रहने का अधिकार स्वतः समाप्त माने जाने के प्रावधान हैं। इस विधेयक को लोक सभा में रखे जाने के समय से ही कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती आ रही है।। विपक्ष के कई दल पहले ही इस संसदीय समिति में शामिल होने से इनकार कर चुके हैं।

कांग्रेस से पहले तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और आम आदमी पार्टी ने घोषणा की थी कि वे समिति का हिस्सा नहीं होंगी। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और द्रविण मुनेद्र कझगम ( डीएमके) ने भी समिति का बहिष्कार करने का संकेत दिया है। यह विधेयक संसद के मानसून सत्र के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में पेश किए था यह एक तरह से तीन विधेयकों का सेट है। इसका उद्येश्य है कि भविष्य में कोई भी नेता 'जेल से सरकार नहीं चला सके। इसमें प्रावधान है कि पांच साल से ज्यादा की सजा वाले गंभीर आपराधिक मामलों में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की गिरफ्तारी के 30 दिन के अंदर उन्हें अदालत से जमानत नहीं मिली तो उन्हें पद छोड़ना होगा। इसमें यह भी प्रावधान है कि ऐसे व्यक्ति अगर अदालत से बरी होते हैं, तो फिर उनकी उस पद पर नियुक्ति की जा सकती है। श्री शाह ने विपक्ष के हंगामे के बीच विधेयक को सरकार की ओर से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की समक्षा के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव लोक सभा में रखा था। समिति को अपनी रिपोर्ट शीतकालीन सत्र में देनी थी पर इसका अभी गठन नहीं हो सका है। इस समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य होंगे।

## चरमपंथी सोच के लोगों से मिल रही है राहुल गांधी को धमकी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए कहा है कि चरमपंथी विचारधारा कमजोर पड़ रही है इसलिए इस सोच के लोग अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को धमकी दे रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक वीडियो संदेश में कहा, ''जब भी आरएसएस देश की सशक्त विचारधारा को हराने में विफल होती है तो उसके कार्यकर्ता शारीरिक हिंसा का सहारा लेना शुरू करते हैं। इसी विचारधारा का एक चरमपंथी नाथूराम गोडसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर देता है। अब, जब भाजपा वैचारिक लड़ाई हार रही है, तो उसके प्रवक्ता और नेता राहुल गांधी को मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री गांधी देश के लाखों विचारधारा के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और साजिश के तहत उन लाखों गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और कमज़ोर वर्गों की आवाज़ दबाने की कोशिश चल रही है। देश के लाखों लोगों की आवाज को दबाने की साज़िश हो रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी भारत ने इस विचारधारा को हराया है तो आरएसएस हिंसा पर उतर आता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा अन्य सुरक्षा बलों ने कई बार श्री गांधी की सुरक्षा को लेकर पत्र लिखा है लेकिन भाजपा प्रवक्ता खुले आम उन्हें मारने की धमकी दे रहे हैं।

# लद्दाख पर सरकार ने खुले रूख के साथ बात की है और अभी भी बातचीत के लिए तैयार: गृह मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। एपेक्स बॉडी लेह (एबीएल) के सरकार के साथ लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्ज़ा देने से संबंधित बातचीत से पीछे हटने की रिपोर्टों के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि उसने लद्दाख के मामलों पर एबीएल और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के साथ हमेशा खुले दृष्टिकोण से बातचीत की है और वह इसके लिए आगे भी तैयार है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सरकार ने इस बारे में सभी संबंधित पक्षों के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए हमेशा खुला रुख अपनाया है। मंत्रालय ने कहा है , '' हम लद्दाख पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति या किसी अन्य मंच के माध्यम से ए बीएल और केडीए के साथ चर्चा का स्वागत करेगी। वक्तव्य में कहा गया है कि लद्दाख पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति के माध्यम से एबीएल और केडीए के साथ स्थापित बातचीत के कारण ही अब तक लद्दाख की अनुसूचित जनजातियों के लिए बढ़ा




हुआ आरक्षण, एलएएचडीसी में महिलाओं को आरक्षण, और स्थानीय भाषाओं का संरक्षण जैसे अच्छे परिणाम सामने आये हैं। मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 1800 सरकारी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। वक्तव्य में सरकार की ओर से विश्वास व्यक्त किया गया है कि निरंतर बातचीत निकट भविष्य में वांछित परिणाम देगी। उल्लेखनीय है कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्ज़ा देने की मांग को लेकर केन्द्र शासित प्रदेश में पिछले सप्ताह हुए प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और तोड़फोड़ के बाद सरकार ने पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार कर जोधपुर भेज दिया था। उनके गैर सरकारी संगठन का विदेशी अंशदान विनियमन पंजीकरण भी रद्द कर दिया गया है। रिपोर्टों के अनुसार इसके बाद एबीएल ने पूर्ण राज्य के दर्जे को लेकर सरकार के साथ 6 अक्टूबर को होने वाली बातचीत का बहिष्कार करने की घोषणा की है। उसका कहना है कि पहले सभी गिरफ्तार लोगों की रिहाई होनी चाहिए और प्रदर्शन के दौरान फायरिंग की घटनाओं की जांच होनी चाहिए।

लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और उसे पूर्ण राज्य का दर्ज़ा देने की मांग लंबे समय से चली आ रही है।

# नड्डा ने करूर भगदड़ में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी

## प्रतिनिधिमंडल का गठन किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने करुर में रैली के दौरान हुयी भगदड़ में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने करुर जाने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)के एक आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है। प्रतिनिधिमंडल करुर जाकर दुर्घटना की परिस्थितियों की जांच करेगा और पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने के बाद जल्द ही एक रिपोर्ट भी सौंपेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद हेमामालिनी, श्री अनुराग ठाकुर ,सांसद, भाजपा , तेजस्वी सूर्या, सांसद, भाजपा ,राज्यसभा सदस्य और पूर्व डीजीपी ब्रजलाल, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे, अपराजिता सारंगी ,सांसद,भाजपा, रेखा शर्मा,सांसद, भाजपा और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सांसद पुट्टा महेश कुमार शामिल हैं। गौरतलब है कि शनिवार को तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से नेता बने टीवीके प्रमुख थलपति विजय की रैली थी। रैली में अपेक्षा से अधिक भीड़ हो गयी और कथित तौर पर एक बच्ची के गायब होने की अफवाह या बिजली कटने से अफरातफरी मच गयी और भगदड़ की स्थिति बनी। इस भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुयी थी और 60 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से कम से कम दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना हाल के वर्षों में राज्य की सबसे बड़ी राजनीतिक त्रासदियों में से एक मानी जा रही है। तमिलनाडु सरकार ने इस हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया है। आयोग ने पीड़ित परिवारों से बातचीत शुरू कर दी है और अस्पताल का दौरा भी किया है।

# पेज एक का शेष

### भारतीय टीम...

लेकर अनश्चिता का माहौल बन गया। पाकिस्तानी टीम आखिरकार एक घंटा अंदर बिताने के बाद, संभवतः तनावपूर्ण गतिरोध के खत्म होने का इंतजार करते हुए, ड्रेसिंग रूम से बाहर निकली और अपनी टीम को ट्रॉफी उठाते देखने के लिए उत्सुक अधिकतर भारतीय दर्शकों ने जोरदार हूटिंग की। फिर भी पुरस्कार वितरण समारोह में और देरी हुई और दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर ही बैठे रहे। ऐसा माना जा रहा है कि अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल ज़रूनी और बीसीबी के अमीनुल इस्लाम ने भारत को ट्रॉफी प्रदान करने की पेशकश की थी। यह एक ऐसी व्यवस्था थी जिसे भारत स्वीकार करने को तैयार था। हालांकि, नकवी इसके लिए तैयार नहीं थे और खुद ट्रॉफी देने पर अड़े रहे। अंततः, भारत को कोई ट्रॉफी नहीं दी गयी। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पुरस्कार वितरण समारोह में कुछ नहीं कहा, तिलक वर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच, सलमान अली आगा (पाकिस्तानी कप्तान) और अभिषेक शर्मा (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट) का साक्षात्कार लेने के बाद होस्ट साइमन डूल ने घोषणा की, ''मुझे एशियाई क्रिकेट परिषद ने सूचित किया है कि भारतीय क्रिकेट टीम आज रात अपने पुरस्कार नहीं ले पाएगी। इसलिए मैच के बाद का पुरस्कार वितरण समारोह यहीं समाप्त होता है।'' समारोह समाप्त होने और नकवी के जाने के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ी फोटो खिंचवाने के लिए 'चैंपियंस' का साइनबोर्ड थोड़ी देर के लिए बाहर लाया गया लेकिन उसे फिर से हटा दिया गया। खिलाड़ियों ने तुरंत तैयारी कीः वे मंच पर बैठे, कैमरों के लिए पोज दिए और फिर उस पर चढ़ गए। सूर्यकुमार ने मुस्कुराते हुए एक काल्पनिक ट्रॉफी उठाने का अभिनय किया, जबकि उनके साथी खिलाड़ी उनके चारों ओर तालियां बजा रहे थे। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा कि शानदार प्रदर्शन के बाद भारत ट्रॉफी जीतने का हकदार था। सूर्यकुमार ने कहा, ''जब से मैंने क्रिकेट खेलना और क्रिकेट देखना शुरू किया है, तब से मैंने कभी ऐसा नहीं देखा कि एक चैंपियन टीम को ट्रॉफी से वंचित कर दिया जाए। हमें ट्रॉफी हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। हम चार सितंबर से यहां है, लगातार दो अच्छे मैच खेले। मुझे लगता है कि हम इसके हकदार थे। मैं इससे ज़्यादा कुछ नहीं कह सकता, मुझे लगता है कि मैंने इसे बहुत अच्छी तरह से व्यक्त कर दिया है, मैं इसके बारे में और कुछ नहीं कह सकता।'' भारत की पांच विकेट की जीत के तुरंत बाद, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए 21 करोड़ रुपये के इनाम की भी घोषणा की। सैकिया ने कहा, ''भारत ने पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तान पर दबदबा बनाए रखा है और तीनों मैच आसानी से जीते हैं। हमें अपने खिलाड़ियों और कर्मचारियों पर गर्व है, और उनका प्रदर्शन देश के लिए अपार सम्मान लेकर आया है।'' सौकिया ने टीम और सहयोगी स्टाफ के लिए 21 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की भी पुष्टि की। सैकिया ने खेल नीति के प्रति भारत के पालन पर प्रकाश डाला, ''हमने हमेशा द्विपक्षीय मैचों पर भारत सरकार के दिशानिर्देशों का पालन किया है। आज, पाकिस्तान पर 3-0 से सीरीज जीतकर, टीम ने इन सिद्धांतों का सम्मान करते हुए देश को गौरवान्वित किया है।'' भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि विजेता टीम की ट्रॉफी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से लेने से इंकार का का फैसला पूरी तरह खिलाड़ियों का था इसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कोई भूमिका नहीं हैं। सूर्यकुमार ने बीसीसीआई और एसीसी के बीच किसी भी आधिकारिक बातचीत से इस फैसले को अलग रखते हुए कहा, ़किसी ने हमें ऐसा करने के लिए नहीं कहा। हमने यह फैसला मैदान पर ही लिया। जब से मैंने क्रिकेट खेलना और क्रिकेट देखना शुरू किया है, तब से मैंने ऐसा कभी नहीं देखा कि एक चैंपियन टीम को ट्रॉफी से वंचित कर दिया जाए। वह भी कड़ी मेहनत से हासिल की गई ट्रॉफी, जो हमें आसानी से नहीं मिली।़ पाकिस्तान के मंत्री नकवी कथित तौर पर विजेता ट्रॉफी और पदक लेकर मैदान से चले गए। भारतीय टीम के इनकार के कारण दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में मैच के बाद की पुरस्कार वितरण काफी देर बाद हुआ। ट्रॉफी न होने के बावजूद, भारतीय खिलाड़ियों ने पोडियम पर जश्न मनाया। सूर्यकुमार ने ट्रॉफी उठाने का अभिनय किया, जिसमें टीम के साथी भी शामिल हुए और प्रशंसकों ने जोरदार जयकारे लगाए। उन्होंने कहा, ़मेरी ट्रॉफियां ड्रेसिंग रूम में मौजूद 14 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ हैं। यही असली ट्रॉफियां और असली यादें हैं जिन्हें मैं अपने साथ ले जा रहा हूँ।'' भारतीय कप्तान ने यह भी घोषणा की कि वह अपनी पूरी एशिया कप मैच फीस भारतीय सशस्त्र बलों को दान कर देंगे। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि लोग इसे विवादास्पद कहेंगे या नहीं, लेकिन मेरे लिए यही सही है।

### भविष्य की चुनौतियों ...

बनाने के लिए डिजिटल मैपिंग और रीयल-टाइम इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, ''पारंपरिक तरीके अब पर्याप्त नहीं हैं, हमें अपने समुद्री सुरक्षा ढाँचे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग-आधारित निगरानी, ड्रोन, साइबर रक्षा प्रणाली और स्वचालित प्रतिक्रिया तंत्र को एकीकृत करके अपराधियों और विरोधियों से आगे रहना होगा। रक्षा मंत्री ने आगाह किया कि साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अब काल्पनिक खतरे नहीं, बल्कि वर्तमान वास्तविकताएं हैं। उन्होंने कहा, ''कोई देश मिसाइलों से नहीं, बल्कि हैकिंग, साइबर हमलों और इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के ज़रिए हमारी प्रणालियों को पंगु बनाने की कोशिश कर सकता है। आईसीजी को ऐसे खतरों से बचाव के लिए अपने प्रशिक्षण और उपकरणों को निरंतर उन्नत करते हुए, अनुकूलन करना होगा। जवाबी कार्रवाई के समय को सेकंडों में कम करने और हर समय तत्परता सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित निगरानी नेटवर्क और एआई-सक्षम प्रणालियां आवश्यक हैं।''

### यूकेएसएसएससी...

हो गए। इस प्रकरण में दो आरोपितों खालिद और उसकी बहन को गिरफ्तार किया गया और मामले की एसआईटी जांच की जा रही है। एसआईटी ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है लेकिन बेरोजगार संघ परीक्षा निरस्त करने व मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर गत आठ दिनों से परेड ग्राउंड में धरने पर डटा था। आखिरकार बेरोजगारों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी धरनास्थल पर पहुंचे और वहां बेरोजगारों को विश्वास दिया मामले की सीबीआई जांच की जाएगी। पेपर निरस्तीकरण की मांग पर पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस पर भी जल्द एसआईटी निर्णय लेगी। इसके अलावा बेरोजगार ने एक हफ्ते में पेपर निस्रत करने के साथ ही जल्द पेपर फिर से करवाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे हर हाल में राज्य के हित में हैं और वे उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के रूप में स्थापित करने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। राज्य के युवाओं को स्वच्छ और पारदर्शी परीक्षाओं के लिए वे कुछ भी करने को तैयार हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ राजपुर विधायक खजान दास भी मौजूद रहे। बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल व संरक्षक बॉबी पंवार ने मुख्यमंत्री का आभार जताने के साथ ही अन्य मांगों को भी उनके समक्ष रखा। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद बेरोजागर संघ बैठक कर रहा है और बैठक के बाद धरने को लेकर निर्णय जाएगा।

### बरेली हिंसा का...

बनायी गयी 54 दुकानों को सील कर दिया है। सील करने से पहले दुकानदारों को सूचित कर दिया गया था। इन्ही दुकानों आईएमसी ने भी अपना दफ्तर खोल रखा था जिस पर भी सील की कार्यवाही की गयी है। गौरतलब है कि बरेली में शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान के नेतृत्व में इस्लामिया ग्राउंड पर ''आई लव मोहम्मद'' के नारे लगाते हुए प्रदर्शन कर रही भीड़ अचानक बेकाबू हो गयी जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। पुलिस का कहना है कि नमाज के बाद पुलिस के निर्देश का पालन करते हुये 90 से 95 प्रतिशत भीड़ घर वापसी कर चुकी थी मगर बचे हुये शरारती तत्वों ने सुनियोजित साजिश के तहत नारेबाजी शुर कर दी जबकि प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गयी थी। इस बीच गोलीबारी में छर्रे लगने से दस पुलिसकर्मी घायल हो गये थे।

### भारतीय रेल नेटवर्क...

भूटान का बड़ा क्षेत्र जुड़ जायेगा। इसका बड़ा फायदा कारोबार को होगा क्योंकि जहां माल की ढुलाई में कई दिन लगते हैं उसे घंटों में पहुंचाया जा सकेगा और माल की आवाजाही आसान हो जाएगी। इसके साथ ही इन परियोजनाओं से पर्यटन, औद्योगिक विकास, लोगों के बीच आवाजाही और माल परिवहन को बढ़ावा देने सहित कई आर्थिक लाभ होंगे। भूटान को जोड़ने वाली रेल लाइनें बिजली से संचालित होंगी है और इस तरह रेल परिचालन से पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होगा। विदेश सचिव मिसरी ने इस मौके पर कहा कि भूटान को रेलवे सुविधा मिलने से उसका व्यापार और कारोबार बढेगा। उनका कहना था कि व्यापार की दृष्टि से भारत, भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भूटान के लिए आयात का प्रमुख स्रोत और निर्यात का प्रमुख गंतव्य भारत है और उसके कुल व्यापार में भारत का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सरकारें बानरहाट से समत्से तथा कोकराझार से गेलेफू के बीच रेल संपर्क की महत्ता को देखते हुए इन परियोजनाओं को आपसी सहमति से तय किया है। विदेश सचिव ने उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछले साल मार्च में भूटान की यात्रा के दौरान वहां दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये थे जिनमें रेल मार्ग की इन दोनों परियोजनाओं पर समझौता भी शामिल था। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के लिए सहमति के ज्ञापनों (एमओयू) पर भूटान के विदेश सचिव की भारत की यात्रा पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए जाएँगे। श्री मिसरी ने भारत तथा भूटान के बीच के संबंधों को असाधारण विश्वास, आपसी सम्मान और समझ का रिश्ता बताया और कहा कि हमारे सांस्कृतिक और सभ्यता के रिश्ते हैं जो साझा विकासात्मक और सुरक्षा हितों में निहित है। इन गहन संबंधों का परिणाम है कि श्री मोदी पिछले साल मार्च में जब भूटान गये थे तो उन्हें भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो'' से नवाजा गया था। भूटान नरेश और वहां के प्रधानमंत्री भारत आते रहे हैं। भूटान नरेश प्रयाग महाकुंभ के लिए भी भारत आये थे।

### आय सृजन और...

बारे में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि यह रोडमैप अर्थशक्ति, सृजनशक्ति और जीवनशक्ति के तीन स्तंभों पर आधारित है। इसके तहत निर्धारित 12 सेक्टर के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाना है। कार्यक्रम के दौरान अभियान से जुड़ी एक वीडियो फ़िल्म प्रदर्शित की गई। क्यूआर कोड और पोर्टल के माध्यम से आम नागरिकों से सुझाव आमंत्रित करने की प्रक्रिया का परिचय भी कराया गया। मेरे द्वारा भेजे पत्र को बैठकों में अनिवार्य रूप से पढ़ें: योगी मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे उनके द्वारा इस अभियान से संबंधित भेजे गए पत्र को विभिन्न बैठकों और सभाओं में अनिवार्य रूप से पढ़ें, ताकि सरकार का संदेश हर नागरिक तक पहुँचे। जनप्रतिनिधियों को इसे आम चर्चा का विषय बनाने के लिए प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिये कि सभी नगरीय निकायों में विकसित यूपीअ2047 विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, नगर विकास और नियोजन विभाग इस संबंध में आवश्यक प्रबंध करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सुझाव जरूर प्राप्त हो, इसके लिए सभी को प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद से तीन और प्रदेश स्तर पर पांच श्रेष्ठ सुझावों को सम्मानित किया जाएगा।

### भारत की एकता...

बेड़ियों से जकड़ा था, तब धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने उस भाव को फिर से जागरूक करके विदेशी हुकूमत को भारत की धरती से भागने के लिए मजबूर किया था। यह वर्ष उनकी 150वीं जयंती वर्ष भी है और भारत के संविधान को लागू होने के अमृत महोत्सव वर्ष के साथ ही 17 वां जनजातीय छात्रों का आदान-प्रदान कार्यक्रम आज लखनऊ में आयोजित हो रहा है। हर भारतवासी के मन में आने चाहिए पंच प्रण मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी के 'पंच प्रण का जिक्र किया और कहा कि हर भारतवासी के

मन में पंच प्रण आना चाहिए। हम भारत के सभी महापुरुषों, देवी-देवताओं, ऋषि-मुनियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति श्रद्धा का भाव रखते हैं। हमारे मन में विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। सेना, अर्द्धसेना व पुलिस के जवानों के प्रति मन में हो सम्मान का भाव तीसरा-देश की सुरक्षा के लिए बलिदान देने के लिए सदैव तत्पर रहने वाली सेना, अर्द्धसेना, पुलिस के जवानों और उस यूनिफॉर्म के प्रति हर भारतीय के मन में सम्मान का भाव होना चाहिए। चौथा सामाजिक एकता यानी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत'। देश में राज्य, जातियां, खान-पान, बोली-भाषा अलग-अलग होगी, लेकिन इन सभी के बावजूद हम भारतीय हैं। 'नेशन फर्स्ट' के इस अभियान के साथ हम सभी जुड़कर कार्य करेंगे। सामाजिक एकता का यह भाव हर भारतीय के मन में होना चाहिए। पाँचवा है- नागरिक कर्तव्य। छात्र, शिक्षक, किसान, युवा, सरकारी सेवक, जनप्रतिनिधि समेत हर तबके का व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। नागरिक कर्तव्य के रूप में जिस व्यक्ति की जो जिम्मेदारी है, उस कार्य को वो ईमानदारी से करे। यही हमारा राष्ट्रीय दायित्व होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंच प्रण विकसित भारत की आधारशिला बनेंगे। विकसित भारत 140 करोड़ की आबादी की आशा और आकांक्षाओं के अनुरूप होगा। युवाओं को कराएं अयोध्या का भ्रमण मुख्यमंत्री ने युवाओं से विधानसभा और मेट्रो का भ्रमण करने का आग्रह किया। बोले कि देखिए कि कैसे विकास होता है, पब्लिक ट्रांसपोर्ट का माध्यम कैसे आगे बढ़ सकता है। भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के दौरान उनका सहयोग सबसे ज्यादा जनजातीय समुदाय के लोगों ने किया था। भगवान राम की पावन जन्मभूमि में उनके भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के युवा कल्याण विभाग को निर्देश दिया कि इन युवाओं को अयोध्या का भ्रमण भी कराएं। यह लोग अयोध्या देखें और जानें कि विकास कैसे होता है। युवाओं से कहा कि आज जो अयोध्या आप देखेंगे, वह आज से 8-10 साल पहले ऐसी नहीं थी। वहां सड़कें बहुत पतली हुआ करती थीं, वहां कुछ भी नहीं था पर आज अयोध्या अत्यंत विकसित हो गई है। अयोध्या देखिए और बताइए कि वहां कैसा विकास हुआ है, लखनऊ में कैसा विकास हुआ है। ऐसे ही हमें भी मॉडल बनाना चाहिए। यह चीजें आप कहेंगे तो विकास अवश्य होगा।

# मोदी ने दिल्ली भाजपा कार्यालय का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नये कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही दिल्ली भाजपा को राजधानी के दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थायी कार्यालय मिल गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर दिल्ली के 14 जिलों के भाजपा कार्यालयों का भी रिमोट दबाकर उद्घाटन किया। श्री मोदी ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा कार्यालय किसी मंदिर और देवालय से कम नहीं हैं। उन्होंने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि भाजपा कार्यालय जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों का केंद्र बनें, इसके लिए आप सभी का यही प्रयास होना चाहिए कि यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का समाधान हो।

श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली भाजपा के नए कार्यालय की पहचान यहां की सुविधाओं से नहीं बल्कि जनसुनवाई और जन सेवा से होनी चाहिए, यह बात हम सभी को हमेशा याद रखनी होगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास कार्यकर्ताओं के संघर्ष और समर्पण का रहा है, जो सभी के लिए प्रेरणादायक है। आज इसी त्याग और समर्पण के चलते पार्टी इस मुकाम पर पहुंची है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें दिल्ली भाजपा के स्वर्णिम सेवा कार्यों से निरंतर प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है।हम सभी के लिए गर्व की बात है कि नवरात्र के पावन अवसर पर दिल्ली भाजपा को अपना नया कार्यालय मिला है, इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की स्थापना को 45 वर्ष हो गये हैं लेकिन इसका बीजारोपण अक्टूबर 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में जनसंघ के रूप में हुआ था और भाजपा आज वटवृक्ष के रूप में विकसित हुयी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर दिल्ली भाजपा के लिए विशेष योगदान करने वाले नेताओं लालकृष्ण आडवाणी, केदारनाथ साहनी, साहब सिंह वर्मा, मदनलाल खुराना, अरुण जेटली और सुषमा स्वराज जैसे नेताओं का जिक्र किया । उन्होंने कहा कि दिल्ली और भाजपा का संबंध सिर्फ एक शहर और पार्टी का नहीं है ,यह संबंध सेवा संस्कार और सुख दुख के साथी होने का है। उन्होंने कहा कि 1984 के सिख दंगों के संकट काल में भी दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिख भाई बहनों की हर संभव रक्षा करने का काम किया।

श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली में कई साल बाद बनीं भाजपा सरकार कठोर परिश्रम कर रही है। आज बस्तियों में रहने वालों के लिए नए घर बनाना, सैकड़ों सरकारी स्कूलों अस्पतालों को बेहतर बनाना, सैकड़ों इलेक्ट्रिक बसों की सेवा, यमुना नदी को साफ करवाने जैसे कई कार्य इसमें शामिल है। श्री मोदी ने दिल्ली को दुनिया की सबसे बेहतरीन राजधानी बनाने के लिए सभी के सहयोग का आह्वान किया।

# ऑपरेशन सिंदूर के थीम पर बना पंडाल लोगों को कर रहा अपनी और आकर्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। दुर्गा पूजा इस वर्ष भागलपुर में बेहद खास नजर आ रहा है। हर पूजा समिति एक से बढ़कर एक आकर्षक पंडाल और सजावट के माध्यम से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। शहर की गलियों और चौक-चौराहों से लेकर बड़े-बड़े मैदानों तक भक्तिभाव और रौनक का माहौल देखने को मिल रहा है। इस बार पूजा समितियों ने केवल भक्ति और सौंदर्य का ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, इतिहास और धरोहरों को भी प्रमुखता दी है। कई पंडालों को भारतवर्ष के ऐतिहासिक मंदिरों और स्थलों की झलकियों पर आधारित बनाया गया है। कहीं पर दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिर की प्रतिकृति दिखाई दे रही है, तो कहीं पर राजस्थान और ओडिशा की स्थापत्य कला के दर्शन कराए जा रहे हैं। नाथनगर स्थित मनोकामना नाथ मंदिर परिसर की सजावट इस बार विशेष चर्चा का विषय बनी हुई है। यहाँ ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर माँ दुर्गा की प्रतिमा को विशेष रूप से सजाया गया है। भव्य मंच, रोशनी और पारंपरिक रंगों का मेल श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है। प्रतिमा के श्रृंगार और अलंकरण में भी नवीनता दिखाई दे रही है। जिससे भक्तगण माँ के स्वरूप को निहारते ही श्रद्धा से नतमस्तक हो जाते हैं पूजा समितियों ने इस बार सामाजिक संदेश देने का भी प्रयास किया है कहीं पर स्वच्छता अभियान को थीम बनाया गया है, तो कहीं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश को पंडाल सज्जा में स्थान दिया गया है। कई पंडालों में पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखकर केवल बांस, कपड़े और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से सजावट की गई है। भागलपुर की दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सांस्कृतिक उत्सव और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुकी है। अलग-अलग वर्ग और समाज के लोग मिलकर उत्सव को सफल बनाते हैं। यही कारण है कि यहाँ की दुर्गा पूजा का आकर्षण पूरे प्रदेश में अनोखा माना जाता है। भक्तों के चेहरे पर उमंग, सड़कों पर रौनक और मंदिरों और पंडालों में गूंजते देवी के जयकारे इस बात का प्रमाण हैं कि भागलपुर इस बार भक्ति और सांस्कृतिक आभा से पूरी तरह सराबोर है।

# एमसीडी में डीबीसी कर्मचारियों की हड़ताल अंकुश नारंग ने दिया समाधान का आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के जन-स्वास्थ्य विभाग के डीबीसी एवं सीएफडब्ल्यू कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सोमवार को एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर के बाहर हड़ताल पर बैठ गए। कार्मचारी समान वेतन, चिकित्सा अवकाश और अनुकंपा नियुक्ति जैसी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता और दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग हड़ताल स्थल पहुंचे और कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने कर्मचारियों से हड़ताल समाप्त करने का आग्रह करते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। नारंग ने कहा कि उन्होंने कर्मचारियों की मांगों को लेकर महापौर और निगमायुक्त से बात की है और सभी मुद्दों का शीघ्र निपटारा करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के मामलों को देखते हुए इन कर्मचारियों की भूमिका बेहद अहम है, इसलिए जल्द से जल्द हड़ताल खत्म करना जरूरी है। कर्मचारियों ने भी अपनी मांगों को लेकर निगम प्रशासन से तुरंत सकारात्मक कदम उठाने की अपील की।

# पंजाब में भाजपा ने चलाई समानांतर विधानसभा, सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया

■ पंजाब विशेष विधानसभा सत्र में केंद्र सरकार के विरूद्ध प्रस्ताव पर बहस हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब में बाढ़ के मुद्दे पर सोमवार को बुलाये गए विशेष विधानसभा सत्र में केंद्र सरकार के विरूद्ध प्रस्ताव पर बहस हुई। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने समानांतर विधानसभा लगाकर पंजाब सरकार पर बाढ़ राहत प्रबंधों में फ़ेल रहने का प्रस्ताव पारित किया। भाजपा की मॉक विधानसभा को जनता की विधानसभा का नाम दिया गया है और चरणजीत सिंह अटवाल को स्पीकर बनाया गया है। इसमें शामिल भाजपा नेताओं का कहना है कि वह जनता के साथ हो रहे धोखे, ज्यादतियों, नुकसान, बाढ़ के कारण, कैग रिपोर्ट और पैसों के हिसाब-किताब पर तथ्यों के साथ लोगों से चर्चा कर रहे हैं। पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा भी यहां पहुंचे हैं। इसकी शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद बाढ़ में मारे लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट खड़े होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। समानांतर विधानसभा में पंजाब सरकार की निंदा का प्रस्ताव लाया गया। स्पीकर बने चरणजीत अटवाल ने कहा कि पंजाब में बाढ़ की वजह नहरों की समय पर रिपेयरिंग न होना है। यह आम आदमी पार्टी की जिम्मेदारी थी। सीनियर नेता तरुण चुग ने कहा कि सरकार ने बाढ़ रोकने के लिए क्या-क्या किया, इसका हिसाब देना चाहिए। इसकी सीबीआई जांच भी होनी चाहिए। अटवाल ने कहा कि पंजाब सरकार के पास पहले से 12 हजार करोड़ रुपये पड़े हुए हैं, लेकिन उन्होंने बाढ़ के दौरान उनका उपयोग नहीं किया। भाजपा नेता तरुण चुग ने कहा कि पंजाब सरकार को जनवरी से सितंबर तक का हिसाब देना चाहिए कि उन्होंने बाढ़ को रोकने के लिए क्या-क्या काम किया। अश्विनी शर्मा ने कहा कि जब विधानसभा की मान-मर्यादा तार-तार हो जाए, स्पीकर अपना फर्ज भूल जाएं, सत्ता पक्ष जनता की आवाज का मजाक बनाने लगे और सरकार जनता के जख्मों पर मरहम की जगह नमक छिडक़ने लगे तो आवाज उठाना जरूरी है। पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा नेता मनप्रीत बादल ने कहा कि चुटकुलों से पंजाब की तकदीर नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार डेढ़ लाख करोड़ रुपये की नई स्कीम लाई है। सरकार पर पहले से ही बहुत कर्ज़ा है। इन पर 2000 करोड़ रुपये का कर्ज इसलिए हुआ, क्योंकि पंजाब सरकार की ओर से प्रपोजल ही नहीं भेजा गया।

# अवैध रूप से भारत में रह रहे दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस की ऑपरेशन सेल ने भारत में दो अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित मोहम्मद अब्दुल अजीज मियां और मोहम्मद रफीकुल पिछले दो साल से बिना वैध वीजा दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। पुलिस ने फिलहाल सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) की मदद से उन्हें बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने सोमवार को बताया कि स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर विजय बालियान की टीम को सूचना मिली कि महिपालपुर एक अवैध बांग्लादेशी नागरिक रूका हुआ है। वह नाम बदलकर नौकरी करता है। पुलिस ने सूचना को पुख्ता किया और छापेमारी की। जहां पुलिस को दो संदिग्ध मिले। पुलिस टीम ने दोनों से पूछताछ की और वैध वीजा और यात्रा दस्तावेजों की मांग की। दोनों कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सकें और पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेशी हैं।

# मुख्यमंत्री ने बहुउद्देशीय शिविर रथ को किया रवाना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह रथ 125 दिन तक राज्य के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 240 बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से गरीब, जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएगा। इन शिविरों के माध्यम से ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में जनपदों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सभी लाभार्थी योजनाओं एवं सेवाओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# आरएसएस ने सौ वर्ष की अखंड यात्रा में यश और कीर्ति की गाथा लिखी: प्रांत प्रचार प्रमुख

■ जन उत्सव के रूप में मनाया जा रहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ विजयदशमी और नवरात्र के अवसर पर देहरादून के दो महानगरों में आयोजित किया गया। महानगर दक्षिण में 23 स्थानों और उत्तर में 18 स्थानों पर पूर्ण गणेश में स्वयंसेवकों ने योग, व्यायाम और अनुशासन का अनुकरणीय प्रदर्शन किया। समाज के सभी वर्गों—माताओं-बहनों, युवाओं और नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी ने कार्यक्रमों को जन-उत्सव का रूप प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने कहा कि वर्ष 1925 में विजयदशमी के दिन संघ की स्थापना हुई थी। विजयदशमी केवल भगवान श्रीराम के रावण के पराभव का स्मरण मात्र नहीं, बल्कि सत्य और धर्म की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरसंघचालक डॉक्टर हेडगेवार कि दूरदृष्टि से संघ निरंतर गंगा के प्रवाह के समान आगे बढ़ रहा है। डॉ. हेडगेवार ने स्वतंत्रता आंदोलन में लड़ते हुए अनुभव किया कि सामान्य हिंदू समाज अपना आत्म स्वाभिमान अपने पूर्वजों की साहस शौर्य और महानता की परंपरा से दूर होकर जातियों, भाषा, क्षेत्र उच्च नीच के भाव में भटकर बहुत कमजोर हो रहा है, इसलिए इस राष्ट्र को अगर नई ऊंचाइयां और हिंदुत्व की संगठन शक्ति के साथ खड़ा नहीं किया गया, तो आक्रमणों से भारत को कमजोर करने की शक्तियां सक्रिय हो जाएगी और हिंदुत्व का सूर्य बुझाने के प्रयास किए जाएंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 100 वर्षों की अखंड यात्रा में एक यश और कीर्ति की महान गाथा लिखी है।

# प्रश्न पत्र के पेजों का बाहर आना और सोशल मीडिया पर वायरल होना यानी पेपर लीक : यशपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 21 सितंबर को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर भर्ती परीक्षा आयोजित करवाई गई थी। परीक्षा के पहले दिन पुलिस ने दो आरोपियों को परीक्षा में पास करवाने के नाम पर 15 लाख लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। परीक्षा के दिन पेपर आरंभ होने के एक घंटे के भीतर ही प्रश्न पत्र के कुछ पेज सोशल मीडिया पर जारी कर दिए गए थे। कठोर प्रतिस्पर्धा के युग में 1 नंबर से भी कई परीक्षार्थी बाहर हो जाते हैं इसलिए प्रश्न पत्र के कुछ पेजों का बाहर आना और सोशल मीडिया द्वारा प्रकाशित किया जाने की प्रामाणिक घटना को पेपर लीक की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।यशपाल आर्य ने कहा कि नकल कानून के बाद भी परीक्षा में नकल की इस प्रमाणिक घटना से प्रदेश के परीक्षार्थियों, विद्यार्थियों, युवाओं, अभिवावकों और आम जन का राज्य में हो रही परीक्षाओं की निष्पक्षता से विश्वास समाप्त हो गया है । बार बार परीक्षाओं में नकलों के मामले आने और आरोपियों के फिर आसानी से जमानत पर छूटने से राज्य के निवासियों का राज्य की जांच एजेंसियों की जांच से भी भरोसा समाप्त हो गया है ।राज्य की जनता का परीक्षा और जांच की निष्पक्षता पर विश्वास बनाए रखने के लिए परीक्षार्थियों की मांग के अनुसार 21 सितंबर 2025 को आयोजित परीक्षा निरस्त कर पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा इस परीक्षा के पेपर लीक मामले की आपराधिक जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश करने की कृपा कीजियेगा।

# मुख्यमंत्री ने 11,921 करोड़ रुपये की 20,658 योजनाओं का किया शिलान्यास, कार्यारंभ-उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में रिमोट के माध्यम से 11,921 करोड़ रुपये की 20,658 योजनाओं का शिलान्यास / कार्यारंभ एवं उद्घाटन किया। इसके अंतर्गत 7,805 करोड़ रुपये की लागत से जन सुविधा एवं विकास से संबंधित 16,065 योजनाओं का शिलान्यास / कार्यारंभ तथा 4,116 करोड़ रुपये की लागत की 4,593 योजनाओं का उद्घाटन कार्य शामिल है। कार्यक्रम के अंतर्गत भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा क्रियानवित विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, पशु एवं मत्स्य संसाधन, समाज कल्याण, परिवहन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, खेल, श्रम संसाधन, राजस्व एवं भूमि सुधार, कला संस्कृति एवं युवा, आपदा प्रबंधन, गृह, कृषि, सामान्य प्रशासन एवं वाणिज्य कर विभाग के भवनों के निर्माण से संबंधित 997 करोड़ रुपये लागत की 97 योजनाओं का शिलान्यास / कार्यारंभ तथा 2467 करोड़ की लागत से 137 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत छूटे हुए टोलों में पेयजल आपूर्ति तथा बहुग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं से संबंधित 5190 करोड़ रुपये की लागत की 15670 योजनाओं का शिलान्यास / कार्यारंभ एवं 1377 करोड़ रुपये की लागत की 4312 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक भवन, अनुमंडलीय अस्पताल, औषधि भंडार गृह एव स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से संबंधित 1121 करोड़ रुपये की लागत की 281 योजनाओं का शिलान्यास / कार्यारंभ एवं 272 करोड़ की लागत की 144 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा पर्यटन विभाग के अंतर्गत 497 करोड़ की लागत से पर्यटन के विकास से संबंधित 17 विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही, लघु जल संसाधन विभाग के तहत मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के 13,716 लाभार्थियों के खाते में 81 करोड़ 29 लाख रुपये का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के शिलान्यास, कार्यारंभ एवं उद्घाटन कार्य के लिए सभी संबद्ध विभाग को बधाई देता हूं। इन योजनाओं के शुरू होने से राज्य में विकास कार्यों को नयी गति और दिशा मिलेगी।

# मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर सड़क हादसा, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर रविवार देर रात सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे। दादा, बेटा और पोता। पुलिस का मानना है कि यह हिट एंड रन का मामला है। उत्तर पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि रविवार आधी रात करीब 12:05 बजे पीसीआर कॉल पर हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि आउटर रिंग रोड पर मोटरसाइकिल सवार तीन लोग मृत पड़े है। जांच में सामने आया कि किसी अज्ञात वाहन चालक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मृतकों की पहचान शाहिद (60), फैज़ (28) और हामजा (12) के रूप में हुई है। तीनों गली नंबर-8, नॉर्थ गोंडा के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि हादसे वाली जगह पर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं था और न ही कोई चश्मदीद गवाह सामने आया। फिलहाल पुलिस आस-पास के इलाकों और पूरे रूट के सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है ताकि वाहन का सुराग मिल सके। इस मामले में जहांगीरपुरी थाना पुलिस ने मकदमा दर्ज कर लिया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063